राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 23
लखनऊ, रविवार 08 सितंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



दुबग्गा की हॉस्पिटल मण्डी में पनप रहा वसूली का भयंकर रोग 03

कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी का अमित शाह से सवाल ? 3

# सैनिक स्कूल की स्थापना से पूरा हो रहा पीढ़ियों के निर्माण का पवित्र उद्देश्य: मुख्यमंत्री

समृद्धि न्यूज

गोरखपुर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर पूर्वी उत्तर प्रदेश, सीमावर्ती बिहार और नेपाल की तीन करोड़ से आबादी का हर लिहाज से महत्वपूर्ण केंद्र है। आज गोरखपुर नए भारत की विकास यात्रा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से, उनके मार्गदर्शन में तेजी से आगे बढ़ रहा है। गोरखपुर, उत्तर-पूर्व क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और निवेश का ड्रीम डेस्टिनेशन बन गया है। सीएम योगी शनिवार को सैनिक स्कूल गोरखपुर के लोकार्पण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का स्वागत कर रहे थे। उपराष्ट्रपति और उनकी पत्नी डॉ सुदेश धनखड़ का प्रदेश और गोरखपुरवासियों की तरफ से अभिनंदन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि उपराष्ट्रपति जी का पहली बार गोरखपुर आगमन हुआ है। उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल के जरिये आज पीढ़ियों का निर्माण करने वाला पवित्र उद्देश्य पूरा हो रहा है। यह पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण दिन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर पौराणिक और ऐतिहासिक कालखंड से महत्वपूर्ण स्थान रहा है। यह महायोगी गुरु गोरखनाथ जी की साधना स्थली है तो गीता प्रेस के माध्यम से



पूरी दुनिया में सनातन साहित्य के प्रकाशन का केंद्र भी। आजादी की लड़ाई में 1857 के प्रथम स्वतंत्रता समर के दौरान शहीद बंधु सिंह के नेतृत्व में गोरखपुर क्षेत्र में अंग्रेजी हुकूमत की चूलों को हिला दिया गया था। 1922 में चौरीचौरा की ऐतिहासिक घटना में आजादी के संघर्ष को नई गति दी। सीएम ने कहा कि गोरखपुर प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण है। गोरखपुर को केंद्र में रखकर देखें तो यहां से 50 किमी की दूरी पर महात्मा बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर है। 90 किमी की दूरी पर बुद्ध की जन्मभूमि लुम्बिनी है तो 25 किमी की दूरी पर संतकबीर की परिनिर्वाण स्थली मगहर है। 175 किमी की दूरी पर प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या है जबकि 225 किमी की दूरी पर बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिस खाद कारखाना परिसर में सैनिक स्कूल बना है वह कारखाना कभी बंद पड़ा था। आज दोबारा शुरू होने से यह कृषि की उत्पादकता बढ़ाने, कृषि लागत कम करने और आजीविका के नए साधन उपलब्ध कराने के केंद्र के रूप में उभरा है। गोरखपुर में एम्स और बीआरडी मेडिकल कॉलेज से स्वास्थ्य अभियान को गति मिल रही है। चिकित्सा के क्षेत्र में बीआरडी मेडिकल कॉलेज और एम्स प्रतिदिन नये कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। चीनी मीलों से गन्ना किसानों को अप्रत्याशित लाभ मिल रहा है। अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, ऐक्सप्रेसवे, सिक्सलेन, फोरलेन के निर्माण से, विकास के नए आयामों से गोरखपुर और यूपी की विशिष्ट पहचान बन रही है। सीएम योगी ने कहा कि तीन वर्ष की अल्प अवधि में बनकर तैयार हुआ गोरखपुर का सैनिक स्कूल भविष्य की पीढ़ियों का भविष्य संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। 176 करोड रूपये की लागत से बन रहा यह पूर्वी उत्तर प्रदेश का पहला सैनिक स्कूल है, जिसमें कक्षा 6 से 12 तक छात्रध्छात्राओं को आवासीय शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। यह सैनिक स्कूल भविष्य की पीढ़ियों का निर्माण करेगा तथा जीवन के कर्तव्यों का बोध कराने में सहायक सिद्ध होगा। सैनिक संस्थान से निकले विद्यार्थी भविष्य में राष्ट्र निर्माण एवं विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा देश में पहला सैनिक स्कूल तत्कालिन मुख्यमंत्री सम्पूर्णानंद जी ने 1960 में लखनऊ में स्थापित किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा की यादें साझा की, कहा-बहुत कुछ सीखने को मिला

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा को लेकर अपनी यादें साझा की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भारत जोड़ो यात्रा से मिली सीख को बताया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, भारत जोड़ो यात्रा ने मुझे मौन की खूबसूरती सिखाई। जयकारे लगाती भीड़ और नारों के बीच, मैंने शोर को अनदेखा करके अपने बगल वाले व्यक्ति पर पूरा ध्यान केंद्रित करने और वास्तविकता सुनने की शक्ति पाई। उन्होंने लिखा, उन 145 दिनों में और उसके बाद के दो सालों में, मैंने अलग-अलग पृष्ठभूमि से आए हजारों भारतीयों को सुना है। हर आवाज में ज्ञान छिपा है, मुझे कुछ नया सिखाया है और हर आवाज ने हमारी प्यारी भारत माता का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने लिखा, इस यात्रा ने साबित कर दिया कि भारतीय लोग स्वाभाविक रूप से प्रेमपूर्ण होते हैं। जब मैंने यह यात्रा शुरू की थी, तो मैंने कहा था कि प्रेम घृणा को जीतेगा और आशा भय को परास्त करेगी, आज भी हमारा मिशन यह सुनिश्चित करना कि भारत माता की आवाज, प्रेम की आवाज हमारे प्यारे देश के हर कोने में सुनी जाए। बता दें कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा सितंबर 2022 में कन्याकुमारी से शुरू हुई थी और 4000 किलोमीटर का सफर तय कर कश्मीर पहुंची थी। दूसरी यात्रा ठीक एक साल पहले जनवरी से शुरू हुई थी और मार्च 2024 तक चली थी। इसके तहत उन्होंने मणिपुर से महाराष्ट्र तक करीब 6200 किलोमीटर की यात्रा की। लोगों का मानना है कि भारत जोड़ो यात्रा ने राहुल गांधी की राजनीतिक छवि को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाई है। हालांकि, जब भारत जोड़ो यात्रा शुरू की गई थी, तब लोग इसे गंभीरता से नहीं ले रहे थे। इस यात्रा में राहुल गांधी ने बेरोजगारी, किसानों की समस्या, अर्थव्यवस्था की धीमी गति, भ्रष्टाचार और शासन व्यवस्था के मुद्दे उठाए।

### आंध्र प्रदेश में बाढ़, लगातार बारिश से 33 लोगों की मौत

हैदराबाद । आंध्र प्रदेश में पिछले सात दिनों के दौरान जारी भारी बारिश और बाढ़ से 33 लोगों की मौत हो गयी, जबकि दो व्यक्ति अभी भी लोग लापता हैं। शनिवार को यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा कि राज्य में बाढ और बारिश से अभी तक 33 लोगों की जान चली गयी है। जिनमें से एनटीआर जिले में 25, गुंटूर जिले में सात और पलनाडु जिले में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। इस आपदा में 106 बड़े और 356 छोटे सहित 462 मवेशी मारे गए। इसके अलावा 61,974 पक्षी भी मारे गए हैं। अधिकारी ने विशेष रूप से पशुधन के लिए 131 स्वास्थ्य शिविर स्थापित किए, जहां 14,092 जानवरों का इलाज किया गया है।

## मंगेश यादव पुलिस एनकाउंटर की होगी मजिस्ट्रेट जांच, अखिलेश ने उठाया था सवाल



संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर के ज्वैलर्स डकैती कांड के आरोपी मंगेश यादव के पुलिस एनकाउंटर की मजिस्ट्रेट जांच की जाएगी। जांच एसडीएम लंभुआ विदुषी सिंह करेंगी। पुलिस और प्रशासन ने इस एनकाउंटर को न्यायसंगत और कानून सम्मत बताया है, लेकिन विपक्षी दलों द्वारा इसपर सवाल उठाए गए हैं।इससे पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट के वकील डॉक्टर गजेंद्र सिंह यादव ने इस पुलिस एनकाउंटर को फर्जी बताते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में केस दर्ज कराया है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी एनकाउंटर पर सवाल खड़े किए हैं। अखिलेश यादव ने कहा था कि मंगेश की जाति देखकर उसे सटाकर गोली मारी गई थी।उन्होंने सोशल मीडिया पर बयान देते हुए लिखा, दो दिन पहले जिसको उठाया और एनकाउंटर के नाम पर बंदूक सटाकर गोली मारकर हत्या की गई। अब उसकी मेडिकल रिपोर्ट को बदलवाने का दबाव डाला जा रहा है। इस संगीन शासनीय अपराध का सर्वोच्च न्यायालय तुरंत संज्ञान ले, इससे पहले की ये सबूत मिटा दिए जाएं। अखिलेश यादव मंगेश यादव मामले को लेकर यूपी सरकार और एसटीफ पर आरोप लगा रहे हैं कि फर्जी तरीके से मंगेश यादव को गोली मारी गई। 6 सितंबर को समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल जौनपुर मंगेश यादव के घर पहुंचा था। सपा नेता ने मंगेश के परिवार को सांत्वना दिया। 28 अगस्त को सुल्तानपुर शहर के ठठेरी बाजार में भरतजी सर्राफा के यहां दिनदहाड़े करोड़ों की लूट हुई थी। इस लूटकांड में शामिल जौनपुर के बदमाश मंगेश यादव को एसटीएफने गुरुवार की सुबह एनकाउंटर में मार गिराया था। तीन बदमाशों सचिन सिंह, गोविंद सिंह और त्रिभुवन उर्फ लाला को एनकाउंटर के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। गिरोह के सरगना विपिन सिंह ने रायबरेली कोर्ट में गैंगस्टर मामले में सरेंडर कर दिया था।

### भारत-बांग्लादेश सीरीज रद करने की मांग को लेकर हिन्दू महासभा का प्रदर्शन आज

संवाददाता

लखनऊ। बांग्लादेश में हुये तख्तापलट के बाद वहां हिन्दुओं के साथ हुये अत्याचार होने के बावजूद भारत में होने जा रही भारत-बांग्लादेश क्रिकेट सीरीज को रद्द करने की मांग को लेकर अखिल भारत हिन्दू महासभा त्रिदंडी कल 8 सितम्बर को अपराह्न दो बजे जीपीओ, अटल चौराहा, हजरतगंज में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी व राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करेगी। यह जानकारी पार्टी के कार्यालय सचिव प्रमोद त्रिवेदी ने दी। मालूम हो कि आगामी 19 सितम्बर से शुरू होने वाली सीरीज को रद करने के लिये पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र भेजा गया था, किन्तु उस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया, जिसके चलते हिन्दू महासभा त्रिदंडी सड़कों पर उतर प्रदर्शन करन जा रही है। बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ अत्याचार होने के बावजूद भारतीय क्रिकेट कण्ट्रोल बोर्ड बांग्लादेश क्रिकेट टीम के स्वागत के लिये पलक पावड़े बिछाकर दो टेस्ट और तीन टी20 मैचों की सीरीज आयोजित करने जा रहा है।

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा पांच लोगों की मौत

एजेंसी

इंफाल मणिपुर एक बार फिर हिंसा की आग में झुलस रहा है। शुक्रवार से शुरू हुई हिंसा शनिवार को दूसरे दिन भी जारी है। बताया जा रहा है कि हिंसा के दौरान मैतेई समुदाय के एक बुजुर्ग की हत्या कर दी गई। इस घटना के जवाब में जिरीबाम जिले में चार कुकी उग्रवादियों को मार दिया गया है।

दरअसल, मणिपुर में हिंसा का ताजा दौर दक्षिणी असम से सटे जिरीबाम जिले के सेरो, मोलजोल, रशीदपुर और नुंगचप्पी गांवों से शुरू हुआ है। शनिवार सुबह 10 बजे तक रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। फायरिंग के कारण वहां हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। मणिपुर के जिरीबाम जिले में भड़की हिंसा को रोकने के लिए असम राइफल्स, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और मणिपुर पुलिस के कमांडो की टीम को तैनात किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने बीते मंगलवार को जिरीबाम जिले के अलग-अलग इलाकों में हमला करना शुरू किया था। इस दौरान मैतेई समुदाय के एक बुजुर्ग की हत्या कर दी गई। पता चला है कि मृतक घटना के दौरान सो रहा था। अधिकारी के मुताबिक, बुजुर्ग की हत्या के बाद चार कुकी उग्रवादियों को मार दिया गया है। हालांकि, पुलिस की ओर से यह स्पष्ट नहीं है कि जवाबी हमला किसकी ओर से किया गया है। कुकी आदिवासी नेताओं ने दावा किया कि मारे गए लोग उग्रवादी नहीं थे बल्कि वे ग्राम स्वयंसेवक थे। इस बीच, मणिपुर सरकार ने शनिवार को राज्य के सभी शैक्षणिक संस्थानों को बंद करने का आदेश दिया। साथ ही तनावपूर्ण हालात को देखते हुए सुरक्षा बलों को हाई अलर्ट पर रहने और उग्रवाद रोधी अभियानों को तेज करने का आदेश दिया है।इससे पहले मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री मैरेम्बम कोइरेंग के विष्णुपुर जिले में स्थित आवास पर बम से हमला किया गया था। इस बम विस्फोट में एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई थी और छह अन्य घायल हो गए थे। पुलिस के अनुसार, बम को काफी दूर से फेंका गया था, जो पूर्व मुख्यमंत्री के आवास के परिसर में गिरा।

## बंगाल मेडिकल काउंसिल ने संदीप घोष के नाम जारी किया कारण बताओ नोटिस, 72 घंटे में देना होगा जवाब

कोलकाता। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष की मुश्किलें नहीं थम रही है। सीबीआई की हिरासत में भेजे जाने के बाद अब पश्चिम बंगाल मेडिकल काउंसिल ने संदीप घोष को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सूत्रों ने कहा कि संदीप घोष अगर अगले 72 घंटों के भीतर कारण बताओ नोटिस का कोई जवाब नहीं देते हैं तो उनका रजिस्ट्रेशन रद्द किया जा सकता है। इससे पहले पश्चिम बंगाल के स्वास्थ्य विभाग ने संदीप घोष के खिलाफ चल रही आपराधिक जांच के आधार पर उनकी मेडिकल सेवाओं को निलंबित कर दिया था। स्वास्थ्य विभाग के आधिकारिक आदेश में संदीप के निलंबन की घोषणा की थी। आदेश में कहा गया था, ष्कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के खिलाफ चल रही आपराधिक जांच के मद्देनजर उनको पश्चिम बंगाल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1971 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। आरजी कर अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े होने के आरोप में डॉक्टर संदीप घोष, सीबीआई की हिरासत में हैं। इससे पहले 28 अगस्त को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने घोष के निलंबन की घोषणा की थी।आईएमए ने बताया कि एसोसिएशन की पश्चिम बंगाल यूनिट और डॉक्टरों के कुछ अन्य संघों ने संदीप के खिलाफकार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद पश्चिम बंगाल ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन ने 3 सितंबर को घोष की सदस्यता समाप्त करने की घोषणा की थी। घोष को 16 दिनों की पूछताछ के बाद 2 सितंबर की शाम केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गिरफ्तार कर लिया था। बीते मंगलवार को एक अदालत ने उन्हें आठ दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया था। संदीप घोष के खिलाफ सीबीआई दो केसों की जांच कर रही है। एक मामला महिला डॉक्टर के बलात्कार और हत्या का है, जबकि दूसरा मामला उनके कार्यकाल के दौरान आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ा हुआ है। उन्हें दूसरे मामले में गिरफ्तार किया गया था।

## भाजपा सदस्यता अभियान: अब तक सवा करोड़ से ज्यादा लोग बन चुके हैं पार्टी के सदस्य: नड्डा

एजेंसी

पटना भाजपा का राष्ट्रीय सदस्यता अभियान देशभर में जोर-शोर से चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित पार्टी के तमाम बड़े नेताओं से लेकर बूथ स्तर के कार्यकर्ता तक सदस्यता अभियान को कामयाब बनाने में जुटे हैं। इस बीच पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दावा किया है कि अब तक सवा करोड़ से ज्यादा लोग भाजपा के सदस्य बन चुके हैं। आपको बता दें कि, इस बार 10 करोड़ से ज्यादा सदस्य बनाने के लक्ष्य के साथ



देशभर में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान का पहला चरण 25 सितंबर तक चलना है। पार्टी की योजना के मुताबिक, पहले चरण की समीक्षा के बाद एक से 15 अक्टूबर तक सदस्यता अभियान का दूसरा चरण चलाया जाएगा। 16 से 31 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया जाएगा और सक्रिय सदस्यता अभियान के बाद पार्टी में बूथ स्तर से अध्यक्ष का चुनाव शुरू होगा, जो मंडल, जिला, राज्य और फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव तक चलेगा। जेपी नड्डा ने बिहार की राजधानी पटना में अनुसूचित जाति परिवार के बीच आयोजित भाजपा के सदस्यता अभियान कार्यक्रम में शनिवार को कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 सितंबर 2024 को दिल्ली में भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में पार्टी के सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। भाजपा 18 करोड़ कार्यकर्ताओं से मिलकर बनी पार्टी है। इस बार भाजपा के सदस्यता अभियान का लक्ष्य 10 करोड़ लोगों को पार्टी के साथ जोड़ना है। अब तक सवा करोड़ से ज्यादा लोग भारतीय जनता पार्टी से जुड़ चुके हैं और सभी कार्यकर्ता इस अभियान को आगे बढ़ाने में पूरा सहयोग कर रहे हैं।नड्डा ने कहा कि यह केवल भाजपा में ही संभव है कि किसी एक तस्वीर में राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और पूर्व के अध्यक्ष, एक साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हों।

## अब इंटर तक हो जाएंगे कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बजट मिला, स्टाफ की होगी भर्ती

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। अगले वर्ष मार्च तक प्रदेश के 9 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में भी इंटर तक की पढ़ाई शुरू होगी। वर्तमान में 9 केजीबीवी में 8वीं कक्षा तक ही पढ़ाई हो रही है। शिक्षा विभाग की ओर से भेजे गये प्रस्ताव को वित्त ने मंजूरी प्रदान कर दी है। विभाग ने 710 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेजा था जिसे स्वीकृति मिल गई है। राज्य सरकार ने वर्ष 25 के अन्त तक प्रदेश के सभी कस्तूरबा विद्यालयों को 12 वीं तक उच्चीकृत करने का लक्ष्य रखा है।प्रदेश में 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय केजीबीवी हैं, जिनमें से 437 केजीबीवी बीते मई तक 12 वीं कक्षा तक उच्चीकृत किए जा चुके हैं, शेष



केजीबीवी के उच्चीकरण के लिए धन की कमी आड़े आ रही थी, दूर हो गई है।बताया जाता है कि वित्त से स्वीकृति के बाद उच्चीकृत किए जाने वाले 9 केजीबीवी में अब नए सत्र अप्रैल 25 में 12वीं तक की पढ़ाई शुरू कराने की तैयारी है।सूत्रों के मुताबिक उच्चीकरण की मंजूरी के साथ प्रस्तावित केजीबीवी के लिए शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों की भर्ती शुरू होगी।विभाग ने जिलों में सीडीओ की अध्यक्षता में छह सदस्यीय समिति बनाई है, जो प्रधानाचार्या से लेकर विभिन्न विषयों के शिक्षकों के साथ-साथ शिक्षणेत्तर स्टाफ की भर्ती करेगी।नियुक्तियां संविदा पर 11 माह 29 दिनों के लिए होगी।कार्यरत शिक्षिकाओं का व्यवहार संतोषजनक पाये जाने पर आगामी सत्र के लिए डीएम के अनुमोदन के बाद नवीन सेवा अनुबन्ध किया जाएगा। प्रत्येक वर्ष नया सेवा अनुबन्ध किया जाएगा। शिक्षिकाओं का कार्य एवं व्यवहार का वार्षिक मूल्यांकन खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा किया जाएगा। प्रतिवर्ष शिक्षिकाओं से नई संविदा के लिए अनुबंध पत्र भराया जायगा।

समग्र शिक्षा के तहत संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के लिए प्रधानाचार्या से लेकर अलग-अलग विषयों के शिक्षक, लैब असिस्टेंट, कार्यालय अधीक्षक, स्टोर कीपर, केयर टेकर, चपरासी, चौकीदार तथा रसोइए के पदों पर नियुक्तियां होनी है।

### बंद होनी चाहिए बुलडोजर संस्कृतिः अजय राय

लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पहुंचे वाराणसी और मां कुष्मांडा के वार्षिक श्रृंगार समारोह में शामिल हुए। कन्या पूजन कर मां कुष्मांडा का आशीर्वाद प्राप्त किया। अजय राय ने न केवल धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया बल्कि वे पूड़ी छानते हुए और लोगों को खाना खिलाते नजर आए। यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने रेप की घटनाओं पर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा।उन्होंने कहा कि देश में रेप की घटनाएं होना घृणित मानसिकता का परिणाम है। भाजपा सरकार घृणित मानसिकता वाले लोगों को प्रोत्साहित कर रही है। काशी में जिन नर-पिशाचों ने बीएचयू में बलात्कार की घटना को अंजाम दिया था, भाजपा ने उनका स्वागत किया था।

## लाखों रुपए ठगी करने वाला सरोजनीनगर पुलिस के हत्थे चढ़ा

संवाददाता

लखनऊ। पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर द्वारा चलाए जा रहे अभियान में अपराधियों की धर पकड़ में थाना सरोजनीनगर पुलिस के हाथ लगी बड़ी सफलता, राजधानी लखनऊ (दक्षिणी) क्षेत्र में, थाना सरोजनीनगर पर आवेदिका सीमा दुबे पत्नी सुशीला, फिलिप्स का प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ कि, अमित कुमार ने प्लाट दिलाने के नाम पर आवेदिका से 40 लाख रुपए की ठगी करके कहीं भाग गया है, जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया,बनाम अमित कुमार वांछित फरार चल रहा था, अभियुक्त अमित कुमार, किराए के मकान स्थित म0न0 7 चन्द्रलोक इन्कलेव मादरमऊ कला खुर्दही बाजार सुल्तानपुर रोड लखनऊ, मुखबिर की सूचना पर, जिसके घर से गिरफ्तार किया गया, कब्जे से तीन मोबाइल व एक लैपटॉप 4175, रुपए, दो आधार कार्ड एवं दो पैन कार्ड बरामद किया गया, इसी क्रम में (दक्षिणी) डीसीपी, द्वारा दिशा-निर्देश पर गठित की पुलिस टीम लगातार अपराधियों को धर पकड़ कर रही है। जिसमें आज थाना सरोजनीनगर प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरी, की नेतृत्व में आरोपी को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गया है,

## महिला वकील की हत्या को लेकर पलिया के वकीलों में आक्रोश



**भीरा खीरी।** कासगंज में महिला वकील की हत्या को लेकर पलिया बार एसोसिएशन के वकीलों में खासा आक्रोश देखने को मिला। आक्रोशित वकीलों ने नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम कार्तिकेय सिंह को सौंपा। एसडीएम कार्तिकेय सिंह को सौंपे गए ज्ञापन में पलिया बार एसोसिएशन के वकीलों ने मांग रखी है कि कासगंज की महिला वकील की हत्या में शामिल आरोपियों को पुलिस जल्द से जल्द गिरफ्तार करे। इसके अलावा मृतका के परिजनों को एक करोड़ रुपए का मुआवजा व घर के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की है। इस दौरान बार एसोसिएशन के वकीलों ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को जल्द से जल्द स्वीकृत करते हुए प्रदेश में लागू किए जाने की मांग की है। ज्ञापन के दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रीष द्विवेदी, महामंत्री अरूण अवस्थी, राजाराम वर्मा, कमाल इदरीसी, अखिलेश कुमार राणा, विकास गुप्ता, रामचंद्र गौतम सहित बार एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## सुधांशु ने नगर विकास मंत्री से मुलाकात कर उठाई इलाके की समस्याएं



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** जनपद के लाल ने अपनी शौकिया हुनर से शहर सहित ग्रामीण अंचलों के लोगों की भरपूर सहायता की। जिसके चलते अब उसकी ख्याति प्रदेश तक जा पहुंची है। जनपद के गौरव सुधांशु बाजपेई ने पढाई के साथ समाज के गरीब, अनपढ व असहाय लोगों को उनकी जरुरत के अनुसार हरसंभव सहायता की। जिससे गरीबों व अशिक्षितों को शिक्षा व्यापार, सरकारी योजनाओं के लाभ सहित कई अन्य प्रकार की जानकारियों से लोगों को अवगत कराया। जिससे लोग लाभान्वित हुए। उनके इसी आचरण के चलते इलाके में वह एक हुनरमंद युवा के रुप में ख्यातिलब्ध हुए। उनके इसी बढते रसूख के चलते गुरुवार को इलाके की कुछ अहम समस्याओं के निराकरण के लिए नगर विकास मंत्री राकेश राठौर, गुरु जी विधानभवन में शिष्टाचार मुलाकात हुई। जिसमे उन्होने अपनी बात व समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। जिसे श्री राकेश ने उनकी हरसंभव मदद व सहयोग का आश्वासन दिया।

## सगी विधवा बहन के साथ धोखाधड़ी कर बहन ने अपने बेटे के नाम कराया बैनामा

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** विधवा महिला की सगी बहन ने भूमि हडपने की नीयत से अपने पति के साथ मिलकर साजिशन धोखाधडी कर पीडिता की जगह उसकी सगी बहन को खडाकर बेटों के नाम बैनामा कराने के एक मामले में पीडिता ने उपजिलाधिकारी पलिया को शिकायत करते हुए दोषियों के विरुद्व मामला दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि पीडिता नंदरानी पत्नी बेनी निवासी बेला थाना मझगई तहसील पलिया खीरी व उसकी सगी बहन किशनावती के नाम पर भूमि दर्ज कागजात है। उक्त भूमि उनके पिता महाबली की मृत्यु के उपरांत जरिए वरासत गाटा संख्या 360/0,417 व 374/0,401 भूमि बेला मिली थी। उसके पति का निधन हो चुका है। जिस पर विपक्षी लालचंद पुत्र रामकिशुन किशुनावती पत्नी मोहनलाल निवासी बेला ने साजिशन उसकी भूमि हडपने की नीयत से नंदरानी के स्थान पर किशुनावती पत्नी मोहनलाल को खडाकर फर्जी बैनामा मोहनलाल ने अपने पुत्रों रामगोपाल व विजयपाल के नाम करा लिया। पीडिता का आरोप है कि उसने कभी कोई बैनामा किसी को नहीं किया। जिसकी पडताल बैनामा कार्यालय में डिजिटल व्यवस्था में फोटो से पहचान कर शिनाख्त कराई जा सकती है। यहीं नही किए गए फर्जी बैनामें में गवाह सुखराम पुत्र जेजे, रमेश पुत्र मैकू निवासी बेला का कहना है कि बैनामें में नंदरानी की जगह पर मोहन की पत्नी किशुनावती का खडा कर फोटो लगवाया गया है। विपक्षियों द्वारा किए गए इस फर्जीवाडे का खुलासा कर आरोपियों के विरुद्व कडी कार्रवाई कर मुकदमा दर्ज किया जाए। साथ ही कराया गया फर्जी बैनामा निरस्त कराया जाए।

## उत्तराखंड के सारिक में जीती चैलेंजिंग कुश्ती



**पलियाकलां-खीरी।** संत बाबा कंडल दास जी की याद में सलाना जोड़ मेला व कबड्डी कप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंसूरी फार्म गुरुद्वारे में भोग डालने के बाद की गई। हजूरी रागी जत्था भाई हीरा सिंह महंगापुर वालों ने कीर्तन किया। उसके बाद अरदास हुई फिर संत बाबा गुरनाम सिंह जी महंगापुर वालों ने कबड्डी कप मेले का उद्घाटन किया। आयोजित कार्यक्रम में 65 किलोग्राम में नानकपुरी टांडा की टीम ने कजरी को हराकर फाइनल मैच जीता जिसे ग्राम प्रधान गुरदीप सिंह की ओर से विजेता टीम को 21 हजार और उपविजेता टीम को 11 हजार रुपए का नगद इनाम और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। ओपन कबड्डी में मीरी पीरी नवाबगंज ए और बी के बीच फाइनल मैच खेला गया। जिसमें मीरी पीरी ए विजेता रही। ग्राम प्रधान महंगापुर गुरमीत सिंह के द्वारा 41 हजार रुपए विजेता और 25 हजार रुपए उपविजेता टीम को नगद व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। रस्सा कस्सी में रामपुर की टीम विजेता रही। विजेता टीम को कमेटी अध्यक्ष जसवंत सिंह संधू के द्वारा 11 हजार रुपए का नगद पुरस्कार और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। आखिर में चैलेंजिंग कुश्ती सारिक उत्तराखंड और जगरूप पट्टी अमृतसर के बीच हुई।

# डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस, आईं कुल 75 शिकायतें

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**



संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सभागार शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 75 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित आई ,जिनमे राजस्व विभाग से संबंधित 29 शिकायतें पुलिस विभाग से संबंधित 13 शिकायती प्रार्थना पत्र, विकास विभाग से संबंधित 19 प्रार्थना पत्र, बिजली विभाग से संबंधित 12 प्रार्थना पत्र, शिक्षा विभाग से संबंधित दो प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। राजस्व विभाग से संबंधित 4 प्रार्थना पत्रों को मौके पर ही निस्तारित किया गया जबकि विकास विभाग से संबंधित पांच प्रार्थना पत्रों को मौके पर ही निस्तारित किया गया। आपूर्ति विभाग से संबंधित दो प्रार्थना पत्रों को मौके पर ही निस्तारित किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में जिला अधिकारी खीरी के साथ पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद सहा भी उपस्थित रहे।साथ ही ,समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी खीरी मुख्य चिकित्सा अधिकारी खीरी एवं पुलिस उपाधीक्षक मितौली शमशेर बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी मितौली विनीत कुमार उपाध्याय, तहसीलदार मितौली अजीत कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी मितौली अमित सिंह परिहार तथा खंड विकास अधिकारी बेहजम श्रद्धा गुप्ता, प्रभारी निरीक्षक मितौली राजू राव, प्रभारी निरीक्षक नीमगांव सुनीता कुशवाहा, प्रभारी निरीक्षक मैगलगंज अजय कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी पसिगंवा मोहित कौशिक एवं तहसील क्षेत्र के बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग पशुपालन विभाग एवं विकास विभाग राजस्व विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र ही शिकायतों का निस्तारण किए जाने के निर्देश जारी किये गये।

## विधि विधान से घरों में विराजमान हुए भगवान गणेश

- मंदिरों व सार्वजनिक स्थलों पर भी हुई मूर्तियों की स्थापना
- विसर्जन में उमड़ता है श्रद्धालुओं का जनसैलाब

**पलियाकलां-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

धूमधाम से मनाए जाने वाले भगवान गणेश चतुर्थी के पर्व पर मंदिरों व सार्वजनिक स्थलों पर विधि विधान से पूजन अर्चन के साथ भगवान गणेश की मूर्ति स्थापना की गई, लगातार पांच, सात, नौ व ग्यारह दिनों तक भगवान गणेश प्रतिमा का पूजन अर्चन किया जाएगा।

हर साल की तरह इस बार भी गणेश चतुर्थी के अवसर पर पलिया क्षेत्र में भगवान गणेश के भक्तों ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर भगवान गणेश प्रतिमा की स्थापना की। इसी क्रम में पलिया निवासी बलराम गुप्ता व धीरज गुप्ता के घर हर साल की तरह इस बार



भी गणेश चतुर्थी के अवसर पर भगवान गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई। विद्वान ब्राह्मण रानू पांडे के द्वारा भगवान गणेश प्रतिमा का विधि विधान से पूजन अर्चन करा कर भगवान गणेश प्रतिमा को विराजमान किया गया। लगातार 11 दिनों तक स्थापित प्रतिमा के पूजन अर्चन का कार्य जारी रहेगा। स्थापित दिवसों के बाद हवन पूजन कर शोभायात्रा निकालकर शहर से छह किमी दूर पवित्र मां शारदा नदी में भगवान गणेश प्रतिमाओं को विसर्जित किया जाएगा। शहर के राम जानकी मंदिर में भी भगवान गणेश की भव्य प्रतिमा को पूजन अर्चन के साथ स्थापित किया गया। इस अवसर पर लक्ष्मी गुप्ता, ममता, शोभा, मंजू गुप्ता आदि बड़ी संख्या में महिला पुरुष भक्त मौजूद रहे।

## सीएमओ ने वीएचएनडी की निगरानी को मजबूत करने के दिए निर्देश

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को सीएचसी मितौली का सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जहां क्षेत्र में टीकाकरण की स्थिति की जांच की, वहीं बीपीएचयू और 20 बेड वाले वार्ड का निरीक्षण किया। सीएचसी के फ्लोर को टूटी-फूटी अवस्था में देखकर नाराजगी जाहिर की और जल्द से जल्द मरम्मत करवाने के निर्देश सीएचसी अधीक्षक डॉ देवेंद्र सिंह को दिए। निरीक्षण के क्रम में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि शनिवार को वह औचक निरीक्षण पर सीएचसी मितौली पहुंचे थे, जहां पर उन्होंने नवनिर्मित ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट और 20 शैय्या युक्त वार्ड का निरीक्षण किया। सीएससी गैलरी में फ्लोर टूटा-फूटा दिखाई दिया, जिस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की करते हुए तत्काल



मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए। क्षेत्र में टीकाकरण में सुधार के निर्देश दिए और वीएचएनडी सत्र की निगरानी को और अधिक मजबूत करने को कहा।

उन्होंने सीएचसी अधीक्षक डॉ देवेंद्र सिंह को स्वयं भी वीएचएनडी सत्र का निरीक्षण करने के निर्देश दिए साथ ही बीपीएम को सत्र के निरीक्षण के लिए निर्देशित करने को कहा है, कमी पाए जाने पर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी एएनएम को निर्देशित करें कि वह डियू लिस्ट को तैयार कर टीकाकरण करना सुनिश्चित करें और निरीक्षण के दौरान डियू लिस्ट को संबंधित अधिकारी अवश्य देखें।

## प्रसव के दौरान नवजात शिशु की हुई मौत, पुलिस से शिकायत

**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।**

निघासन स्थित सम्राट हास्पिटल में डिलीवरी को पहुची गर्भवती महिला के नवजात शिशु की मौत गर्भवती महिला की सास ने निघासन पुलिस को घटना की सूचना दी है। निघासन पुलिस ने नवजात शिशु के शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।

सिंगाही थाना क्षेत्र के शिवकुमारी पत्नी चमन कुमार पटवा निवासी सिंगहा कला थाना सिंगाही निघासन ढखेरवा रोड स्थित डाक्टर विहिन सम्राट हास्पिटल मे अपनी पत्नी का प्रसव कराने के लिए सुबह 5 बजे भर्ती हुए थे। बताया जाता है कि सिंगहा कला की कमीशन खोर एक आशा ने निघासन सीएससी न ले जाकर जच्चा बच्चा को सम्राट हॉस्पिटल में भारती कर दिया बिना डिग्री होल्डर डॉक्टर के द्वारा संचालित किया जा रहे इस अस्पताल में एक



सीएचसी निघासन प्रभारी पीके रावत ने बताया की हमको अभी तक कोई सूचना नही मिली है। लिखित मे पीडित प्रार्थना पत्र देगा तो कार्रवाई की जाएगी।

जेनम प्रसव कराती है। जैनम ने शिव कुमारी का छोटा ऑपरेशन कर दिया और कुछ देर के बाद उसका नवजात शिशु मर गया। जिससे अस्पताल में कोहराम मच गया और चिल्लाने की आवाज सुनकर वहां पर तमाम लोग एकत्रित हो गए शिव कुमारी की सास फूल कुमारी ने निघासन पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है निघासन पुलिस ने नवजात शिशु के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।

कोतवाली निघासन के प्रभारी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि नवजात शिशु की दादी ने कोतवाली में तहरीर देकर सूचना दी थी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### निघासन में कुकुरमुत्ता की तरह खुले हैं प्राइवेट अस्पताल


निघासन सीएचसी प्रभारी पीके रावत के रहमों करम पर चल रहे हैं इन अस्पतालों में आए दिन प्रसव कराने वाली महिलाओं एवं उनके बच्चों के साथ कोई ना कोई आपरी घटना घट जाती है और वह धरती का सुख मिलने के बजाय कल के गाल में समा जाते हैं स्वास्थ्य महक में सब कुछ जानकर अनजान बना हुआ है। अस्पतालों में कोई डिग्री होल्डर डॉक्टर नहीं है और प्रसव के दौरान ऑपरेशन करने में यह अस्पताल कोई हिचकिचाहट नहीं करते हैं जिससे जच्चा बच्चा की जान चली जाती है।

## फर्जी बार कोड से भुगतान कर चूना लगा रहे दो युवक धरे गए

- ना खाता न बही जो पुलिस कहे वह सही, युवकों को छात्र बताकर छोडा, दुकानदारों में रोष

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**

बार कोड से पैसों के लेन देन में माहिर चंद युवाओं का एक गिरोह इन दिनों शहर में पूरी तरह से सक्रिय हो चुका है। इन युवाओं के निशाने पर सीधे साधे दुकानदार है। जो कि मजबूरन बार कोड से पेसों का लेन देन करते है। ऐसे ही तकरीबन आधा दर्जन दुकानदारों को गिरोह के सदस्यों ने निशाना बनाकर हजारो रुपये का चूना लगा दिया। इस प्रकार से दुकानदारों से ठगी के मामले में सक्रिय दुकानदारों ने दो युवकों को धर



दबोचा। इसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया। लेकिन पुलिस की जांच में युवक बेकसूर निकले, पुलिस ने उन्हे रिहा कर दिया। जिससे ग्रामीणों में रोष है। हालांकि दुकानदारों का कहना है। कि युवकों के पकडे जाने के बाद से ठगी की घटनाएं थम गई है।

बता दें कि शहर की लखीमपुर रोड व जहानपुर स्थित बाजपेई पान भंडार, रवि गुप्ता चाय की दुकान, टीटू पान भंडार, किराना दुकानदार दीपक, सर्वेश पान भंडार सहित कई किराना आदि की दुकानों के दुकानदारों को निशाना बनाया। दुकानदार दीपक ने बताया। कि युवकों द्वारा भुगतान करने पर उसके अकाउंट में पैसे नहीं आए। तो वह ऐसे युवकों की निगरानी करने लगा। इसी बीच उसकी दुकान पर बाइक सवार दो युवक आए और सामान खरीदने के बाद रुपए भेजने की बात कही, लेकिन उसके खाते में पैसे न पहुंचने पर उसे शक हुआ। और उसने दोनो युवकों को दबोच कर नानक पुलिस चौकी के सिपुर्द किया। जबकि दुकानदारों का आरोप है। कि पुलिस ने दोनों युवकों का रिहा कर दिया।

### जिम्मेदार कहिन

कोतवाल रमेश चंद्र पांडे से जानकारी की तो उनका कहना था कि मामला उनके संज्ञान में है। स्कूल के छात्र थे। सामान खरीदा था पैसे नहीं दे रहे थे तो उनको डांट कर छोड़ दिया गया है।

## जिला चिकित्सालय संबद्ध मेडिकल कॉलेज में अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा का हुआ गठन

- डॉ एसके मिश्र बने अध्यक्ष, डॉ कमलेंद्र को वरिष्ठ उपाध्यक्ष की मिली जिम्मेदारी

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

डॉक्टर्स सहित पैरामेडिकल स्टाफ व अन्य कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु जिला चिकित्सालय संबद्ध स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा का गठन शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से चीफ फार्मासिस्ट अनिल कुमार वर्मा को संरक्षक मनोनीत किया गया। वहीं डॉ एसके मिश्रा संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष चुने गए। डॉ कमलेंद्र वर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ एके कनौजिया को उपाध्यक्ष, महंत सिंह को मंत्री, अंजू कनौजिया संयुक्त मंत्री, अमरेंद्र सिंह को संगठन मंत्री, डॉ विकास प्रताप



सिंह एवं डॉ नेहा पांडे को प्रवक्ता डॉ श्रीराम व डॉक्टर विवेक यादव को संगठन मंत्री बनाया गया है। वहीं देवनंदन श्रीवास्तव को मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया है। विशेष आमंत्रित सदस्यों में राकेश अवस्थी शामिल हुए। बैठक में डॉ रोहित पाठक, डॉ शिशिर पांडे, डॉ पुलकित, डॉ एके द्विवेदी, डॉ शिखर बाजपेई, डॉ विनय वर्मा, पंकज शुक्ला, शिव सिंह, सुरेंद्र कश्यप, मनोज मौर्य, रजनी मसीह, कफील अहमद, डॉ आशुतोष, अमन मेहरोत्रा, राहुल, इंद्रजीत, राकेश अवस्थी, विशाल जायसवाल सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। सर्वसम्मत से चुने गए सभी पदाधिकारी को फूल देकर सम्मानित किया गया।

## क्या राज बनकर रह जाएगा अंशू हत्या कांड?

**मितौली खीरी।** पांच माह बीत जाने के बाद भी अंशू हत्याकांड का नही हो सका खुलासा। आखिर कैसे हुई थी पांच वर्षीय अंशू की हत्या, कौन हत्यारा। पी एम रिपोर्ट में भी शरीर पर चोट के निशान पाए गए थे। इसी प्रकरण में पूंछ तांछ के लिए गांव के ही एक व्यक्ति को पुलिस थाने ले गई थी जहां उसकी मृत्यु हो गई थी। हालांकि पी एम रिपोर्ट में उस व्यक्ति की मौत के कारण स्पष्ट नही था। परिजनों ने जम कर हंगामा काटा था। आरोप था पूंछ टांछ के दौरान पुलिस पिटाई से मौत हुई है। ज्ञात हो कि थाना क्षेत्र के गांव पकरिया (जलालपुर) निवासी अनूप कुमार भार्गव की 6 वर्षीय पुत्री अंशू दो अप्रैल को शाम चार बजे के करीब अपने घर के बाहर खेलते समय कहीं लापता हो गई थी। परिजनों ने काफी खोजबीन की किंतु उस मासूम का कही पता नही लग पाया। बुधवार तीन अप्रैल शाम के समय करीब सात बजे बालिका का शव गांव के किनारे झाड़ियों में पाया गया था । पी एम रिपोर्ट में शरीर पर चोट के निशान पाए गए थे किंतु आज तक कौन था अंशू का हत्यारा एक राज बनकर रह गया। इसी प्रकरण के खुलासे को लेकर पुलिस गांव के ही पड़ोसी आशाराम को पूंछ तांछ के लिए थाने ले गई थी जहां अज्ञात कारणों के चलते आशाराम की मौत हो गई थी। परिजनों ने पुलिस पर मारपीट कर हत्या का आरोप लगाते हुए कई घंटे कस्ता में लखीमपुर मैगल गंज मार्ग जाम कर दिया था। कई घंटे बाद काफी समझाने बुझाने के बाद जाम खुला था। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आशाराम की मौत का कारण स्पष्ट न होने के कारण बिसरा प्रिजर्ब कर दिया गया था तथा आशाराम के पुत्र की तहरीर पर कुछ पुलिस कर्मियों के विरुद्ध अभियोग भी पंजीकृत किया गया था।

## पैथालोजियों की गुणवत्ताविहीन जांच कुशल चिकित्सकों के लिए चुनौती

- मनमाने तरीके से मानकों के विपरीत चल रहे पैथालोजी सेंटर

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**

शहर में एक ओर जहां धडल्ले से मानकों का उल्लंघन करते हुए मरीजों के उपचार के लिए अस्पताल खुलते जा रहे है। वहीं दूसरी ओर मांग व पूर्ति के नियम के तहत मरीजों की जांच के लिए धलडल्ले से पैथालोजी सेंटर भी खुलते जा रहे है। शहर में तकरीबन बीस से पच्चीस पैथालोजियां संचालित हो रही है।

ऐसे ही एक मामले मे उदय सिंह पुत्र मेवालाल निवासी ग्राम लीलापुर ग्रंट लंदनपुर थाना हैदराबाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 31 अगस्त को उसकी पत्नी की एक जांच के लिए लाइफ केयर डायग्नोस्टिक सेटर लखीमुपर रोड पर गया। जहां जांच में हीमोग्लोबिन 4.2 बताया गया। जिस पर चिकित्सक के संतुष्ट न होने पर मरीज की दूसरी जांच साक्षी पैथालोजी से कराई तो रिपोर्ट में 10.3 बताया गया। जिस पर वह लाइफ



केयर पैथालोजी सेंटर पहुंचा। शिकायत दर्ज कराने पर पैथालोजी के संचालक सहित स्टाफ ने अपनी ही रिपोर्ट को सही बताते हुए धमकी दी। कि जो करना हो कर लेना। इसके बाद पीडित ने तीसरी लैब में जांच कराई जहां उसे हीमोग्लोबिन 10.4 बताया गया। पैथालोजियों की अलग अलग जांचों से परेशान होकर पीडित ने लाइफ केयर सेंटर के संचालक पर गलत रिपोर्ट देकर गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।जिस पर पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

हालात इस कदर बेकाबू है कि जांच कराने वाले मरीज की हर पैथालोजी की जांच कुछ अलग ही बीमारी बयान करती है। कुछ जांचों में इस कदर झोल होता है कि मरीज देखकर ही बेहोश हो जाए। तो कुछ

सीएचसी अधीक्षक गोला गनेश कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। जांच की जा रही है। इसके बाद ही कुछ बताया जा सकेगा।

लैबों की जांच मरीज को बिल्कुल सही बताती है। जिस पर होशियार चिकित्सक भी उलझन में पड जाता है। कि जांच सहीं है या फिर उसकी चिकित्सा की डिग्री में कहीं कोई कमी रह गई। यहां के पैथोलाजिस्ट कुशल अनुभवी चिकित्सकों के लिए भी चुनौती बने हुए है। ऐसे ही एक मामले में एक मरीज की यूरिक एसिड की रिपोर्ट एक लैब ने बिल्कुल सहीं बताई। जबकि दूसरे लैब की जांच रिपोर्ट में बहुत बढी हुई बताई गई। जिस पर चिकित्सक हैरत में पड गए। कि एक रिपोर्ट को माने तो या तो आप बीमारी का नाटक कर रहे है। आप पूरी तरह से स्वस्थ है। जबकि दूसरी रिपोर्ट के अनुसार उनके द्वारा पूर्व से उपचार व दवाएं दी जा रही है। शहर के एक आध को छोडकर किसी भी पैथालोजी पर योग्य जांच चिकित्सक व रेडियोलाजिस्ट नहीं है। जिसके चलते मरीजों का जमकर आर्थिक शोषण हो रहा है।

## अपराधियों में नहीं दिख रहा पुलिस का खौफ पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

- अपराधों पर नहीं लग पा रहा अंकुश

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

भीरा पुलिस की कार्यप्रणाली के चलते इन दिनों थाना क्षेत्र में चोरी और छिनैती की घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है।लगातार बढ़ रही घटनाओं को लेकर भीरा पुलिस पर सवालों के घेरे में है।

अपराध पर अंकुश लगाने के लिए भले ही सूबे के मुखिया का कानून व्यवस्थाओं को लेकर फरमान चुस्त दुरुस्त हो। लेकिन भीरा थाना क्षेत्र में आए दिन चोरी और छिनैती की घटनाएं घटित हो रही हैं जिससे आम जनमानस में चैन अमन और शांति भंग हो रही है। जनपद के भीरा थाना क्षेत्र का दुर्भाग्य कहा जाए कि यहां अथक प्रयासों के बावजूद भी चोरी और छिनैती जैसी घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अपराध के बढ़ते ग्राफ को देखते हुए जनपद के पुलिस मुखिया ने भीरा थाने के कई थाना प्रभारियों का तबादला और




लाइन हाजिर किया। लेकिन फिर भी हालात नहीं सुधरे भीरा थाने पर तैनात पंकज त्रिपाठी को बीते 25 जून को यहां से स्थानांतरित कर दिया गया था।उनकी जगह पर इंद्रजीत सिंह को थाना भीरा प्रभारी निरीक्षक बनाया गया था। वह केवल 27 दिन ही पद पर रह पाए और बाइस जुलाई को उन्हें एसपी ने यहां से हटा दिया और उन्हें मोहम्मदी कोतवाली भेज कर इसी पद पर तैनात कर दिया गया। इसके बाद उनकी जगह पर 22 जुलाई को शिवाजी दुबे को भीरा थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया था जिन्हें चार अगस्त को ही लाइन हाजिर कर दिया गया। वह सबसे कम समय चौदह दिन ही भीरा थाने पर बतौर प्रभारी तैनात रह पाए थे। जो सबसे कम कार्यकाल रहा। उसके बाद भीरा में नवागत थाना मझगई से स्थानांतरित कर भीरा थाने का प्रभारी निरीक्षक पुष्पराज कुशवाहा को बनाया गया जो वर्तमान में पदस्थ है लेकिन लगातार बदलते थाना प्रभारियों के बाद भी अपराधों का ग्राफ कम होने का नाम नहीं ले रहा है।

अपराधों की बात करें तो अभी कुछ समय पहले पड़रिया तुला के पास गोधिंया रोड पर दिनदहाड़े महिला के कुंडल नोंच कर उचक्का फरार हो गया था। वहीं भानपुर में ताबड़तोड़ दिनदहाड़े राह चलते ही बाइक सवारों ने दो लोगों के फोन छीन कर फरार हो गए थे। उसके बाद भीरा कस्बे में शराब दुकान के सेल्समैन की सड़क के किनारे खड़ी बाइक को लेकर उचक्के भाग खड़े हुए थे। उसके बाद फिर भीरा कस्बे में ही राह चलते एक फोन की छिनैती हो गई। ताबड़तोड़ हुई इन घटनाओं से भीरा पुलिस ने सबक नहीं लिया मामले को ठंडे बस्तों में डाले रखा। मामला अभी थमा नहीं था कि साप्ताहिक बाजार इटकुटी में दिनदहाड़े एक व्यापारी से रुपयों से भरा थैला उचक्के छीन कर फरार हो गए। पुलिस पड़ताल करती रह गई। उधर उसी रात भीरा एक प्रसिद्ध व्यापारी के दुकान में विंडो की डगर से घुसे चोरों ने गल्ले से नगदी साफ कर दी। शनिवार को ग्राम पंचायत लखारावां के मजरा खड़रहिया में सुबह शौच को जा रही 65 वर्षीय बुजुर्ग रुक्मिणी देवी की नाक का फूल नोच कर बाइक सवार उचक्का फरार हो गया और दोपहर करीब तीन बजे गोगंवा चौराहे पर गल्ला खरीद कर रहे एक व्यापारी का थैला लेकर उचक्के फरार हो गए व्यापारी ने बताया थैले में पंद्रह से बीस हजार रुपये थे जो बाइक पर आए दो उचक्के छीन कर भाग गए,तमाम ऐसी घटनाओं के बावजूद भीरा पुलिस के इन अपराधियों तक हाथ नहीं पहुंच पा रहे हैं।भीरा पुलिस के हाथ अभी भी खाली है।

## सूचना

मैं अपने चार पुत्रों में से तीसरे नंबर वाले पुत्र पवन के चाल चलन ठीक न होने, मेरी बात न मानने तथा अच्छा व्यवहार न करने के कारण अपने सभी संबंध आज से विच्छेद करता हूं तथा अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में मेरे पुत्र पवन का मुझसे और मेरे परिवार के किसी सदस्य से कोई भी वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**शपथ कर्ता**
**नत्थूलाल पुत्र मिश्रीलाल**
**निवासी परसपुर पोस्ट अमीर नगर**
**थाना मोहम्मदी जिला खीरी**

# दुबग्गा की हॉस्पिटल मण्डी में पनप रहा वसूली का भयंकर रोग

संवाददाता

लखनऊ। हरदोई मार्ग स्थित दुबग्गा में लखनऊ की सबसे बड़ी सब्जी मंडी होने के साथ साथ अस्पतालों की भी बड़ी मंडी है जो अधिकांश चर्चा में बनी रहती है। दुबग्गा की हॉस्पिटल मंडी में सुदूर जनपदों से मरीज इलाज के लिए लाए जाते हैं और गाहे-बगाहे गलत इलाज कर देने की सूचनाएं भी मिलती रहती है। लेकिन इन सब बातों के बावजूद कुछ बात तो जरूर है जो मरीजों को बड़ी संख्या में दुबग्गा आने के लिए मजबूर करती है।

पिछले कई दिनों से कुछ समाचार पत्रों और यूट्यूब चौनल पर यह खबर सिलसिलेवार छाप कर पीडीएफ के माध्यम से आम लोगों में प्रसारित की जा रही है कि दुबग्गा में ये ये अस्पताल फर्जी चल रहे हैं, इन अस्पतालों में डॉक्टर नहीं है या ये अस्पताल मानक पूरे नहीं कर रहे हैं। लगातार पीडीएफ प्रकाशित होने से घबराए प्राइवेट नर्सिंग होम वाले लखनऊ सीएमओ ऑफिस पहुंचे और अपनी शिकायत बताई। इस खबर में दुबग्गा की हॉस्पिटल मंडी को लेकर खास पड़ताल की और जो सच का काला चिट्ठा हमारे सामने आया वो हम आपको दिखा रहे हैं। कुछ निजी अस्पतालों से इस खबर के बारे में जानकारी ली जिनका नाम इन खबरों में आ रहा था और फिर सीएमओ ऑफिस लखनऊ में नर्सरी होम के नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमओ डॉ एपी सिंह से इस बाबत दरियाफ्त की है।



इस पूरी पड़ताल में यह सच सामने आया कि खबरों में प्रकाशित ज्यादातर अस्पताल रजिस्टर्ड है और लखनऊ सीएमओ ऑफिस ने उन्हें परमीशन दी है। कोई भी और कैसा भी अस्पताल अपने मरीज की खैरियत हर हाल में चाहता ही है। दूसरे दुबग्गा में अस्पतालों की मंडी होने का सीधा लाभ मरीजों को मिलता है क्योंकि कॉम्पीटिशन के कारण अस्पताल इलाज का कम से कम पैसा चार्ज करते हैं और इस आशा में रहते हैं कि ठीक हुआ मरीज दूसरे मरीजों को इस अस्पताल भेजेगा। इसके अलावा सीएमओ लखनऊ की टीम बराबर ऐसे मामलों पर नजर रखती है और अवैध हॉस्पिटल या गलत इलाज की सूचना पर उचित कार्यवाही की जाती है। नए रजिस्ट्रेशन नियम के अनुसार किसी भी अस्पताल के डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ फायर एनओसी, पॉल्यूशन आदि का एफीडेविट लिया जाता है और आधार कार्ड नम्बर लिंक मोबाइल पर ओटीपी आती है। ऐसे में बिना जांच पड़ताल के भ्रामक खबरें प्रकाशित करना वसूली या जबरन डर का माहौल बनाने की कोशिश करने का संदेह पैदा करती है। इन पीडीएफ वाली खबरों में एक तरफ अस्पतालों को बारी बारी से अवैध बताया जा रहा है और दूसरी तरफ सीएमओ लखनऊ को इसका जिम्मेदार लिखा जा रहा है। एक तरह से देखा जाए तो दुबग्गा की हॉस्पिटल मंडी योगी सरकार के मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने का काम कर रही है लेकिन इन खबरों में वास्तविक तथ्यों को जानबूझकर कर नजरंदाज किया जा रहा है और उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य विभाग से बिना जानकारी लिए एक एक कर सभी रजिस्टर्ड अस्पतालों पर निशाना साधा जा रहा है। लगभग सभी रजिस्टर्ड अस्पतालों ने ऐसे भ्रामक समाचार प्रकाशित करने वाले के खिलाफ कड़ी कार्यवाही और मानहानि का दावा करने की बात कही है। कुछ डॉक्टर्स ने ये भी बताया कि तथाकथित पत्रकार अक्सर अस्पताल आ कर पेट्रोल खत्म होने की बात करते थे या फिर कोई और बहाना बना कर हजार दो हजार रुपए ले जाते थे, जब अस्पतालों ने ये पैसे देने बंद कर दिए तो खबरें छापने लगी है। नर्सिंग होम के नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमओ डॉ एपी सिंह ने कहा कि ऐसे अखबार केवल पीडीएफ फाइल बनाते हैं और उनका प्रकाशन नहीं होता है। लखनऊ सीएमओ की टीमें लगातार नजर रखती हैं और शिकायत मिलने पर उचित कार्यवाही की जाती है। उन्होंने कहा कि कुछ प्राइवेट नर्सिंग होम ने इस बाबत शिकायत दर्ज कराई है कि वसूली के लिए भ्रामक खबरें पीडीएफ के माध्यम से दिखा कर पैसे देने का दबाव बनाया जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### जैन समाज का दसलक्षण पर्व आज से

लखनऊ । राजधानी में दिगम्बर जैन समाज के दस दिवसीय दसलक्षण पर्व 8 सितंबर से प्रारंभ हो रहे हैं। जैन मंदिरों मे पर्वाधिराज के स्वागत की तैयारी बहुत जोर शोर से चल रहीं हैं। आज प्रातः इंदिरा नगर स्थित 1008 भगवान महावीर जैन मंदिर मे विराजमान सभी मूर्तियों का मंजन (साफसफाई का कार्य) बड़े ही जोश के साथ किया गया। सभी भक्तों ने भजनों को गाते हुए मूर्तियों की साफसफाई मे लगे हुए थे । छोटे छोटे बच्चों के द्वारा भी इस कार्य मे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया गया। जैन समाज के मंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि दस दिनों तक चलने वाले इस पर्व मे जैन समाज के सभी लोग कुछ न कुछ त्याग अवश्य करते हैं। जीवन को संस्कारवान बनाने के लिए ये 10 दिन व्यक्ति के जीवन मे अत्यंत लाभकारी होते हैं। सभी जैन इन दिनों मे नियम संयम का पालन करते हैं । श्री जैन ने यह भी बताया की जहां एक ओर व्यक्ति अपने शरीर को डीटऑक्स कराने के लिए हजारों लाखों खर्च करते हैं वहीं जैन धर्म के पालन करने से व्रत उपवास करने से बिना किसी खर्च के आप अपने शरीर को डीटऑक्स कर सकते हैं। क्षमा से प्रारभ को कर क्षमा पर ही समाप्त होने वाले इस पर्व को जैन समाज बहुत उत्साहित है एवं आपने आराध्य देव शास्त्र एवं गुरु के प्रति अपनी सच्ची श्रद्धा समर्पित करने को तत्पर है।

### नगर टीम की धुरंधर बेटिंग, बीस करोड़ की भूमि कब्जा मुक्ता

लखनऊ, । निश्चित तौर से नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह के नेतृत्व में नगर निगम की टीम धुरंधर बेटिंग करा रही है। भूमाफिया की पहुंच और साठगांठ को दरकिनार कर नगर आयुक्त का सरकारी जमीन से अवैध कब्जों को हटाने का अभियान जारी है। अब तक अरबों रूपये की जमीन को अवैध कब्जें से मुक्त करा लिया गया है। आज भी टीम ने दो जगह पर अवैधश् कब्जे को ध्वस्त करते हुए बीस करोड़ की भूमि को कब्जा मुक्त कराया। अनुमान लगया जा रहा है कि अगर यह रफ्तार रही तो एलड़ीए भी भविष्य में छोटी मोटी आवासीय योजना लाकर निगम का खजाना भर सकता है। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह एवं अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव और प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति संजय यादव व तहसीलदार अरविन्द कुमार पाण्डेय के निर्देशों के क्रम में नायब तहसीलदार संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक अविनाश तिवारी व लेखपालगण आशुतोष, रविन्द्र सिंह बिश्ट, राजू सोनी, श्री आंनद व शक्ति वर्मा की उपस्थिति तथा पुलिस बल, ईटीएफ व प्रवर्तन 296 के सहयोग से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। अभियान के तहत ग्राम अमराई में गाटा संख्या 1418 व 1420 जो राजस्व अभिलेख में पुरानी परती के नाम से दर्ज भूमि है। उक्त गाटो पर अवैध रूप से किये गये अतिक्रमण मुक्त कराया गया। उक्त गाटो का क्षेत्रफल 5000 वर्गफुट जिसका बाजारू मूल्य 1.50 करोड़ है।ग्राम नौबस्ताकलां में गाटा संख्या 592, 594 व 596 जो अभिलेख में बंजर एवं ऊसर के रूप में दर्ज भूमि जिसका क्षेत्रफल 2850 वर्गमीटर को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। जिस पर अवैध प्लाटिंग की गई थी। उक्त भूमि की बाजारू मूल्य0 करोड है।ग्रामदृउत्तरधौना में गाटा संख्या 271, 336 जो खलिहान व पुरानी परती के रूप में नगर निगम में दर्ज भूमि जिसका रकबा 6670 वर्गमीटर है जिस पर बाउण्ड्री वॉल बनाकर कब्जा किया गया था। उक्त दोनो गाटों से अवैध अतिक्रमण हटा दिया गया है। उक्त भूमि की बाजारू मूल्य 20 करोड़ से अधिक है।

### जिला मुख्यालय में सपा कार्यकर्ताओं की बैठक

लखनऊ, । राजधानी लखनऊ में शनिवार को समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में बैठक हुई। जिलाध्यक्ष जय सिंह 'जयन्त' की अध्यक्षता में हुई मासिक बैठक का आयोजन किया गया। आगामी विधानसभा उपचुनाव को लेकर चर्चा हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने कहा कि 10 सीटों पर चुनाव होने है। सभी सीटों को जीतना हमारा लक्ष्य है। जयसिंह 'जयन्त' ने कहा कि जिन मतदान केंद्रों की दूरी मतदाता के घर से 2 किलोमीटर से ज्यादा है उन्हें पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा चिन्हित किया जाएगा। मतदाता सूची में किया सुधार करवाना हमारा लक्ष्य है ।

20 अगस्त से 18 अक्टूबर तक बी.एल.ओ के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं मतदाताओं के घर जाकर सूची में नये नाम बढ़ाने, नामों को संशोधित करने का काम किया जाये। मतदाता सूची सही होना अत्यधिक आवश्यक है। अगर मतदाता का नाम ही सूची में नहीं होगा तो वह वोट कैसे करेगा। जो बूथ कमजोर है उन पर पार्टी कार्यकर्ताओं को अधिक तत्परता से कार्य करके मजबूत करने के निर्देश दिये गए हैं। जय सिंह ने कहा कि इस वक्त समाजवादी पार्टी यूपी में बहुत मजबूत भूमिका में है। आवश्यकता है कि पार्टी कि विचारधारा को लोगों तक पहुंचाया जाए। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आम जनता के लिए लगातार आवाज उठा रहे हैं। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व लगातार बेरोजगार युवाओं की आवाज सड़क से लेकर सदन तक उठा रहा है। उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा एक बेहद गंभीर मुद्दा है। जनता से जुड़े हुए तमाम मुद्दों को लेकर हमें जनता के बीच में जाना है। आम जनता को यह संदेश देना है कि सपा ही विकास और रोजगार दे सकती है। सपा के कार्यकाल में किए गए विकास के कार्यों को आम जनता से अवगत कराना हमारा लक्ष्य है। लोकसभा चुनाव में जिस प्रकार जनता ने हमें आशीर्वाद दिया है उस भरोसे को कायम रखना है। पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को युद्ध स्तर पर चुनाव की तैयारी में लग जाना है।

### राष्ट्रीय पखवाड़े के अवसर पर नेत्रदान का संकल्प कर्मचारियों और अधिकारियों को इसके फायदे बताए गए

लखनऊ। राजधनी लखनऊ में राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा के अंतर्गत सात से नौ सितंबर तक अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण लखनऊ मंडल में डॉक्टर जीपी गुप्ता ने कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में उन्होंने नेत्रदान के महत्व पर चर्चा की और अपने सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को नेत्रदान की प्रक्रिया और इसके फायदे के बारे में जानकारी दी। डॉक्टर जीपी गुप्ता ने बैठक में नेत्रदान के महत्व को रेखांकित किया और सभी उपस्थित कर्मचारियों को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नेत्रदान जीवन की गुणवत्ता में सुधार और नेत्रहीनता की समस्या को दूर करने में एक महत्वपूर्ण योगदान है। इस दिशा में जागरूकता फैलाने और लोगों को नेत्रदान के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। बैठक के दौरान कार्यालय के कुल 16 कर्मचारियों और अधिकारियों ने नेत्रदान करने का संकल्प लिया।

## बीजेपी और आरएसएस की डैमेज कंट्रोल की तैयारी !

### कहीं खफा न हो जायें स्वर्ग वोटर,पड़ जाएं लेने के देने

**लखनऊ**। उत्तर प्रदेश में जातीय जनगणना का मुद्दा भारतीय जनता पार्टी को भारी पड़ा। विपक्ष ने जिस मुखरता से इस मुद्दे को जनता के बीच उठाया उसका नुकसान बीजेपी को भुगतना पड़ा है। अब बीजेपी और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ दोनों इस मुद्दे पर अपनी रणनीति में बदलते करते हुए दिखाई दे रहे हैं। केरल में आरएसएस की समन्वय बैठक में जातीय जनगणना की तरफदारी की, जिसे डैमेज कंट्रोल माना रहा है।केरल की बैठक में आरएसएस नेता सुनील आंबेकर ने जातीय जनगणना को देख की एकता और अखंडता के लिए जरूरी बताया और कहा कि इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। संघ का यह बयान पिछड़ों को अपने साथ लाने की कवायद माना जा रहा है।संघ और बीजेपी जोखिम लेना नहीं चाहते हैं।संघ हमेशा बीजेपी के सियासी एजेंडे को सेट करता आ रहा है।जातीय जनगणना के मुद्दे पर जो बीजेपी अब तक कुछ भी बोलने से बचती रही है,वो अब संघ के बयान के बाद इसे लेकर फ्रंटफुट पर खेलने की तैयारी में जुट गई। संघ नहीं चाहता कि उसकी छवि आरक्षण और जातीय जनगणना विरोधी बने।इसका समर्थन करके संघ अब निचले तबके के लोगों को साथ जोड़ने की कोशिश में है। बीजेपी अब तक इस मुद्दे पर अकेले ही पड़ती दिखाई दे रही थी। जातीय जनगणना की मांग सिर्फ इंडिया गठबंधन ही नहीं बल्कि एनडीए की कई सहयोगी दल भी इसके समर्थन में हैं।ओम प्रकाश राजभर की सुभासपा, अनुप्रिया पटेल और संजय निषाद भी जातीय जनगणना कराए जाने की मांग के समर्थन में हैं। लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने जातीय जनगणना के मुद्दे को उठाया और दावा किया कि अगर उनकी सरकार आई तो जातीय जनगणना कराई जाएगी। विपक्ष को फायदा हुआ। पिछड़े व दलित मतदाताओं ने इंडिया गठबंधन के पक्ष में एकजुट होकर वोट किया, जो बीजेपी के सबसे बड़ा खतरा बनकरउभरा। बीजेपी नहीं चाहती कि पिछड़ा वर्ग पर पार्टी की पकड़ कमजोर हो।संघ ने भले ही जातीय जनगणना के मुद्दे पर राय साफकरके बीजेपी की राह आसान करने की कोशिश की हो लेकिन बीजेपी की दुविधा बरकरार है। बीजेपी को लगता है कि जातीय जनगणना के बाद संख्या के आधार पर नौकरियों और आरक्षण की हिस्सेदारी की मांग उठेगी, इससे भाजपा के सवर्ण वोटर्स नाराज हो सकते हैं। कहीं लेने के देने न पड़ जाये।ओबीसी को पटाने के चक्कर मे जनरल भी खफा हो जायें।

### रेलवे ट्रैक पर व्यक्ति का शव मिला

लखनऊ । बीकेटी थाना इलाके में रेलवे ट्रैक पर अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि व्यक्ति की शिनाख्त की जा रही है। शनिवार की सुबह नंदना गांव की रेलवे क्रासिंग के एक व्यक्ति का कई हिस्सों में कटा शव मिला। उसके शरीर पर कपड़े नहीं थे। मृतक के हाथ में ठाकुर लिखा हुआ है। थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि शनिवार की सुबह ड्राइवर ने ट्रैक पर एक शव होने की सूचना दी। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को देखने से पता चल रहा है कि हादसा देर रात हुआ होगा। पुलिस प्रयास कर रही है कि जल्द मृतक का पता लगाया जा सके।

## कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी का अमित शाह से सवाल, क्यों छीना पूर्ण राज्य का दर्जा ?

संवाददाता

लखनऊ। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सवाल किया कि जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देना ही है, तो छीना क्यों? पूर्ण राज्य का दर्जा छीनने से घाटी की आर्थिक व्यवस्था पंगु हो चुकी है। कांग्रेस नेता ने कहा राज्य का दर्जा दिए बगैर क्यों चुनाव करा रहे हैं? आपकी न नीयत स्पष्ट है, न ही नीति। वहां निर्वाचित सरकार भी कठपुतली ही होगी। उसके पास कोई शक्ति नहीं होगी। हम दिल्ली और पुडुचेरी को देख ही चुके हैं। आपने जम्मू-कश्मीर का



अपमान किया। पहले महज कश्मीर ही आतंकियों की गिरफ्त में था, लेकिन आज जम्मू भी जल रहा है।उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी का घोषणापत्र जारी किया था। उन्होंने घाटी के लोगों से वादा किया कि जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाएगा और आर्थिक गतिविधियों को तेजी प्रदान करने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। पार्टी ने अपने घोषणापत्र में घाटी के सभी लोगों के हितों का खास ख्याल रखा है। गृहणियों को आर्थिक दुश्वारियों से वंचित रखने के लिए उज्जवला योजना के अंतर्गत दो सिलेंडर मुफ्त देने के इतर 18 हजार की आर्थिक सहायता देने की भी घोषणा की है। इसके अलावा, छात्रों को 3 हजार प्रतिमाह दिए जाने की घोषणा की है, ताकि उनकी पढ़ाई में कोई बाधा ना आए। इसके अलावा, केंद्रीय मंत्री ने पूर्व सरकारों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अब तक जितनी भी सरकार सत्ता में रही है, सभी ने यहां लोगों के हितों पर कुठाराघात करते हुए महज तुष्टिकरण की राजनीति ही की। इनका घाटी के लोगों से कभी-भी सरोकार नहीं रहा। इसके साथ ही उन्होंने अनुच्छेद 370 को कहा कि अब यह इतिहास बन चुका है। अनुच्छेद 370 ने घाटी में आतंकी गतिविधियों को खत्म करने की दिशा में अहम भूमिका निभाई है। मैं यह भी कह देना चाहता हूं कि अगर कोई दूसरा दल सत्ता में आया, तो आतंकी गतिविधियों को बल मिलेगा।

### 69 हजार शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने 9 सितंबर तक स्थगित किया आंदोलन, नेताओं से वार्ता के आश्वासन पर लिया फैसला

लखनऊ, । उत्तर प्रदेश में 69 हजार शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने 9 सितंबर तक अपना आंदोलन स्थगित कर दिया है। यह फैसला उन्होंने यूपी सरकार के कुछ नेताओं से वार्ता के आश्वासन के बाद लिया है। अभ्यर्थी पिछले पांच दिन से लगातार ओबीसी नेताओं के घर का घेराव कर रहे है। आज अभ्यर्थियों ने कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के आवास का घेराव करना था, लेकिन इसे टाल दिया गया है। आज कुछ अभ्यर्थी सीएम योगी से भी मुलाकात करने वाले है। बता दें कि अभ्यर्थियों लगातार योगी सरकार के मंत्रियों के आवास का घेराव कर रहे है। शुक्रवार को अभ्यर्थियों ने डॉ. संजय निषाद के आवास के सामने प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। अभ्यर्थियों ने सरकार पर भर्ती में आरक्षण का घोटाला करने का आरोप लगाया है और पिछड़े वर्ग और अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने की मांग की है। इससे पहले 5 सितंबर को ओम प्रकाश राजभर, 4 सितंबर को भूपेंद्र चौधरी, 3 सितंबर को अनुप्रिया पटेल और 2 सितंबर को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के आवास का घेराव हुआ था। आज अभ्यर्थी कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के आवास का घेराव करने वाले थे, लेकिन इस फैसले को टाल दिया गया है। 69000 शिक्षक भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी सेवा सुरक्षा आदि को लेकर रिट दायर की थी। रवि सक्सेना आदि की इस रिट पर 9 सितंबर को चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ सुनवाई करेगी। अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थी विनय पांडेय ने बताया कि इस मामले में कई रिट हुई हैं। उम्मीद है कि सभी पर एक साथ 9 सितंबर को सुनवाई होगी। इसमें एक ही भर्ती में कई बार आरक्षण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया जाएगा।

### मांगों को लेकर विद्यार्थी परिषद ने किया प्रदर्शन

लखनऊ, । लखनऊ यूनिवर्सिटी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शनिवार को अपने विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। छात्रों ने गेट नंबर4 से वीसी ऑफिस तक जमकर नारेबाजी और हंगामा किया। छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय लगातार उनकी बातों को अनसुना कर रहा है। जिसकी वजह से छात्रों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। फिर चाहे बात लाइब्रेरी की हो हॉस्टल्स की हो या क्लासेस की। रिपोर्टर्स ने जब एक छात्रा से बात की तो उसने बताया कि उनकी कुछ क्लासेस तो रेगुलर चलती है लेकिन कई बार टीचर्स बिना बताए ही छुट्टी कर देते हैं और क्लासेस रेगुलर नहीं चलाते हैं। वहीं हॉस्टल की एक छात्रा ने बताया कि छात्रावास में कई तरीके की समस्याएं हो रही है जिसकी कई बार शिकायत भी की गई, लेकिन हॉस्टल वार्डन बातों को अनसुना कर देती हैं।पास शोधार्थीओ के लिए भी फेलोशिप की व्यवसथा की जाए।विभागीय पुस्तकालयों को चालू किया जाए। जेआरएफ को विभाग में बैठने के लिए एक स्थान सुनिश्चित किया जाये। कला संकाय के डीन कार्यालय द्वारा शोधार्थीयो के साथ बदसलूकी और शोषण बंद हो ।विभिन्न विभागों के शौचालयों की स्थिति दयनीय है अतः तत्काल मरम्मत कराने की आवश्यकता है। छात्रावासों की लाइब्रेरीयों को पुनः छात्रों के लिए खोला जाये। छात्रावास में लगे वाईफाई के रेंज को बढ़ाया जाये जिससे सभी छात्रों को इन्टरनेट की सुविधा मिल सके। परिषर में फिल्टर पानी की सुविधा की जाये तथा सभी कैंटीन में पीने योग्य निशुल्क पानी की व्यवस्था की जाये छात्रों को पीने योग्य पानी ना खरीदना पड़े यह सुनिश्चित हो।

### घटिया एबीसी केबल पर आज तक कार्रवाई क्यों नहीं मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री से होगी शिकायत

लखनऊ । प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं को समझने और उसका समाधान करने व प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए उपभोक्ता परिषद की तरफसे चलाये जाने वाले साप्ताहिक वेबीनार में आज सैकडो की संख्या में विद्युत उपभोक्ताओं ने जुडकर जहां अपनी समस्याओं से अवगत कराया। वेबीनार में उत्तर प्रदेश में घटिया एबीसी केबल की जांच रिपोर्ट आने के बाद अभी तक कार्रवाई न किए जाने और अब स्मार्ट प्रीपेड मीटर की क्वालिटी पर भी सवाल उठाते हुए घटिया सामग्री सप्लाई करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने की मांग की गई। यही नही उपभोक्ता परिषद द्वारा इस दौरान कहा कि अगर कार्रवाई नही की जाती है परिषद मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री के समक्ष तथ्यों सहित शिकायत दर्ज कराकर उपभोक्ताओं की तरफसे सख्त कार्रवाइ की मांग करेगा। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम से जुडे अनेकों विद्युत उपभोक्ताओं ने कहा जहां पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के अंतर्गत घटिया क्वालिटी की एबीसी केबल के चलते गर्मी में उपभोक्ताओं को भुगतान के बावजूद पसीना बहाना पड़ा। उसकी जांच हुई और उसके अंदर लगने वाले तीनों फेस के अल्युमिनियम,जो कुल वेट जीडीपी के अनुसार लगभग 1016 किलोग्राम की जगह 867 किलोग्राम प्रति किलोमीटर निकला। जो मानक से लगभग 149 किलोग्राम प्रति किलोमीटर कम निकला। इसके बावजूद भी आज तक कार्यवाही नहीं की गई। पता चला है कि उच्च अधिकारी उसे बचाने के लिए उन्हे मौका दे रहे हैं कि व विधिक विवाद में जाकर अपनी बचत कर ले। यह बहुत गंभीर मामला है। यह भी पता चला है कि घटिया एबीसी केबल सप्लाई करने वाली कंपनी जिसकी सामग्री खराब निकली है उसे पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में बडा काम मिलने वाला है। इसलिए उसे बचाने की साजिश की जा रही है। यह उच्च स्तरीय जांच का मामला है। वेबीनार में जुडे विद्युत उपभोक्ताओं ने एक बार फिर 1912 पर फर्जी शिकायतों के निस्तारण का मुद्दा उठा कि ओटीपी व्यवस्था लागू की जाए।

## मूर्ति स्थापना के साथ मनौतियों के राजा का गणेश महोत्सव शुरु

संवाददाता

लखनऊ, । श्री गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से 19वां श्री गणेश महोत्सव शनिवार को झूलेलाल वाटिका निकट हनुमान सेतु के पास शुरु हुआ। कार्यक्रम की शुआत प्रातः 9:30 बजे विधिविधान से गणपति की मूर्ति स्थापना, श्रंगार एवं पूजन के साथ हुई। बनारस के पंडित कौशल पांडेय के सानिध्य मे अयोध्या वाराणसी के अन्य आचार्यों द्वारा मंत्रों के साथ मूर्ति स्थापना कराई। यजमान के रुप मे अखिलेश बंसल परिवार के साथ पूजन में हिस्सा लिया। मूर्ति स्थापना के समय पण्डाल गणपति बप्पा मोरिया के जयघोष से गूंज उठाशाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम कोलकाता के संजय शर्मा और लखनऊ के सिद्धू महाराज के निर्देशन में हुये। भजन की शरुआत संजय शर्मा ने गणपति राखो मेरी लाज.., भजन से की। उसके बाद गौरी नन्दन तेरा वंदन.., सुनाया तो पण्डाल में बप्पा के जयकारे गूंज उठा। इसी क्रम में उन्होंने घर में पधारों गजानन.., और मेरे लाडले गणेश प्यारे प्यारे.., सुनाया।संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि हर साल करीब 82 हजार चिट्ठियां लिखी जाने वाले बप्पा के दरबार में इस बार लाखों भक्तों के आने की उम्मीद है। इसके अलावा काफी संख्या मे दुकानें चाट, फास्ट-फूड एवं आइस्क्रीम की दुकाने व उनके पसन्द की सामग्री भी मिलेगी। पण्डाल के बाहर महोत्सव का र्स्प दिया गया है। महिला एवं बच्चों के लिए विशेष प्रकार के झूले लगाए गए हैं। इसके अलावा फूड जोन, किड्स जोन, गेम जोन, शापिंग जोन, लाइव प्रोग्राम नृत्य नाटिका एवं भजन, सिंगर सेलेब्रिटी मुख्य आकर्षण है। महामंत्री सतीश अग्रवाल ने बताया कि श्रंगार एवं आरती प्रतिदिन प्रातः 10 बजे एवं सायं 6:00 बजे होगी। इसमें सभी श्रद्धालु भाग ले सकते हैं । इसके अलावा प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे एवं 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक तक मनौतियों के राजा के दर्शन होंगे। विगत वर्षो की भांति इस बार भी मनोतियों के राजा श्री गजानन के नाम चिट्ठी प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 6:00 बजे तक श्रद्धालु लिख सकते हैं।

इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष घनश्यामदास अग्रवाल, उपाध्यक्ष व पार्षद रंजीत सिंह, कमेटी के सदस्य संजय सिंह गांधी, देशराज अग्रवाल, जयकरण सिंह, मुकेश शुक्ला, मुकेश जिन्दल, शरद अग्रवाल, योगेश बंसल, अजय अग्रवाल, अतुल बंसल, नीलेश अग्रवाल टाटा, रामशंकर वर्मा, नरेश अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, सुधांशु बाथम, रोहित अग्रवाल मौजूद रहे।

### चोरी की वर्दी पहनकर बन रहा था दरोगा, जूतों से खुला राज...पुलिस ने किया गिरफ्तार

लखनऊ, । राजधानी में पुलिस ने चिनहट से एक फर्जी दरोगा को गिरफ्तार किया है। जो चुराई हुई वर्दी पहनकर घूम रहा था लेकिन जूता से मात खा गया और पुलिस को शक हुआ कि ऐसा जूता तो किसी पुलिस का नहीं होता है। पूछताछ में पता चला कि वह बहराइच से कार खरीदने के लिए लखनऊ आया है। मिली जानकारी के अनुसार, बहराइच के रामगांव का रहने वाला छात्र सोमिल सिंह (22) शनिवार को दरोगा की वर्दी में चिनहट के शोरूम में कार खरीदने आया था। उसके साथ शोरूम का एक कर्मचारी भी था। तभी सुबह आठ बजे मटियारी रोड स्थित आदर्श ढाबे के पास से उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर थाने ले आई। पुलिस ने आरोपी कर्मचारी को भी हिरासत में ले लिया। इंस्पेक्टर चिनहट अश्वनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया गस्त के दौरान चौकी इंचार्ज जावेद को ढाबे के पास एक संदिग्ध युवक दिखाई पड़ा। आरोपी दरोगा की वर्दी में था। मगर उसने पुलिस के जूते नहीं पहन रखे थे। साथ ही उसकी वर्दी का रंग भी थोड़ा अलग था। चौकी इंचार्ज ने जब सोमिल से बात की तो वह घबरा गया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने वर्दी अपने परिचित कांस्टेबल की चुराई थी। साथ ही दो स्टार उसने बाजार से खरीदे थे। उसके पास से यूपी पुलिस का फर्जी आई कार्ड भी बरामद हुआ है। वह चिनहट एक शोरूम से कार खरीदने पहुंचा था। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी ने खुद की तैनाती बाराबंकी के एक थाने में बताई थी। आरोपी ने पहले पुलिस को अदर्ब में लेने की कोशिश मगर सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने पूरी बात बताई।

### मणिपुर जल रहा है, प्रधानमंत्री मौन हैं: सुनील सिंह यादव

लखनऊ, । भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह के महिला पहलवानों के आंदोलन के पीछे कांग्रेस का हाथ होने वाले बयान पर राजनीतिक दलों के नेता पलटवार कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता सुनील सिंह यादव ने भी भारतीय जनता पार्टी के नेताओं से पूछा कि क्या कांग्रेस पार्टी में शामिल होना देशद्रोह है? उन्होंने कहा, विनेश और बजरंग ने कांग्रेस में शामिल होकर देशद्रोह किया है क्या? क्या कांग्रेस में शामिल होना देशद्रोह है? देशद्रोह तो मणिपुर में हो रहा है। मणिपुर जल रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मौन हैं। मणिपुर में लोगों पर रॉकेट लॉन्चर से हमला हुआ, प्रधानमंत्री मौन हैं। प्रधानमंत्री के बारे में टीवी, अखबार, सोशल मीडिया पर यूक्रेन का युद्ध बंद के कराने को लेकर खूब खबरें चल रही थीं। अब उनसे अपने ही राष्ट्र में एक राज्य का झगड़ा नहीं बंद हो पा रहा है। प्रधानमंत्री अपनी नाकामी मत छिपाइए, अपने आप को राष्ट्रवादी कहते हैं तो उस नींद से जागिए। पीएम मोदी मणिपुर की तरफ ध्यान दीजिए। अपने ही राष्ट्र का अपना ही राज्य है, उस पर कब जागेंगे आप?इसके बाद उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने कहा था कि अनुच्छेद 370 को घाटी में अब कोई लागू नहीं कर सकता। इस पर उन्होंने कहा, अमित शाह देश के असली मुद्दों पर बात नहीं कर रहे हैं। महंगाई पर, बेरोजगारी पर, संविधान पर, आरक्षण पर, मुसलमानों के उत्पीड़न पर, इस पर बात नहीं कर रहे हैं। देश की सरकार की जिम्मेदारी है कि देश के असल मुद्दों पर बात करें। बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र (घोषणा पत्र) जारी करने के बाद कहा था, मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि जम्मू-कश्मीर में अब किसी भी कीमत पर अनुच्छेद 370 को बहाल नहीं किया जाएगा, चाहे कुछ भी हो जाए। अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद आतंकवाद की कमर टूटी है।

# मोहिनी तोमर हत्याकांड : दोषियों को पकड़ने की मांग

- परिजनों को सरकारी नौकरी और मुआवजा देने की मांग




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के आह्वान पर कासगंज में महिला अधिवक्ता की हत्या के विरोध में सैकड़ों अधिवक्ताओं ने जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर की अज्ञात बदमाशों ने अपहरण करने के बाद हत्या कर दी थी और उनके शव को नहर में फेंक दिया था। मोहिनी तोमर कासगंज जनपद के दीवानी न्यायालय में अधिवक्ता थीं।

अधिवक्ता की हत्या के विरोध में उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के आवाह्न पर रायबरेली सेंट्रल बार एसोसिएशन के साथ-साथ कलेक्ट्रेट व तहसील के अधिवक्ताओं ने भी काम बंद करके जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। सभी अधिवक्ता गण दीवानी कचहरी से होते हुए जिला अस्पताल चौराहा पहुंचे और डिग्री कॉलेज कॉलेज चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट ऑफिस पहुंच कर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में वकील कई गुटों में बंटे हुए थे। जमकर नारेबाजी की गई। पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र बहादुर सिंह ने अधिवक्ताओं ने कहा कि अगर 24 घंटे के अंदर हत्यारों को गिरफ्तार न किया गया तो और बड़ा आंदोलन किया जाएगा। अधिवक्ताओं ने मृत अधिवक्ता के परिजनों को सरकारी नौकरी, एक करोड़ रुपए मुआवजा व शस्त्र लाइसेंस देने की मांग की है और कहा है कि अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए।सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश पांडे ने भी कहा कि मोहिनी तोमर की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई उनकी लाश नग्न अवस्था में मिली आज सात तारीख हो गयी है। हत्यारे अभी तक गिरिफ्तार नहीं किए गए हैं।

### जब तक कार्रवाई नहीं होगी आंदोलन चालू रहेगा

उन्होंने कहा, जब तक कार्रवाई नहीं होगी, तब तक अधिवक्ता आंदोलन चालू रहेगा और मोहिनी तोमर के घर वालों को सरकारी नौकरी मिले और अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू हो।बता दें कि मोहिनी तोमर हत्याकांड के मामले में पुलिस ने मृतक अधिवक्ता के पति विजेंद्र तोमर की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। एफआईआर में नामित लोगों में दो वकील हैं और एक वकील के तीन पुत्र हैं। पुलिस मामला दर्ज करके गंभीरता से मामले की जांच कर रही है जिससे पुलिस किसी निष्कर्ष तक पहुंच सके।

## तहसील दिवस में 39 शिकायतों में पांच का हुआ निस्तारण



***महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।***

सीडीओ अर्पित उपाध्याय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ तहसील दिवस। महराजगंज तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें कुल 39 शिकायतें मौके पर आई राजस्व विभाग की 9 शिकायते पुलिस विभाग की 11 शिकायते विकास से संबंधित 7 अन्य 12 शिकायतें तहसील दिवस पर आई ।जिसमें पांच शिकयतो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया अन्य शिकायतों के लिए जल्द से जल्द निस्तारण की बात अधिकारियों द्वारा कही गई। इस मौके पर एसडीएम राजित राम गुप्ता नायब तहसीलदार अमृतलाल सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### श्री कृष्ण की प्रतिमा का धूमधाम से हुआ विसर्जन



**सूची सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाने के बाद गाजेबाजे व ढोल नगाड़ा के साथ भक्तों ने पूरे भक्ति भाव से श्री कृष्ण भगवान की विदाई की ।इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया ।सलोंन विकासखंड के सेमरी झकरासी गांव स्थित मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर श्री कृष्ण भगवान का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया था ।जिसके बाद लगातार बारह दिनों तक तरह-तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम होते रहे ।जिसमें ग्राम सभा के भक्तों ने पूजा अर्चना कर कार्यक्रमों का खूब आनंद उठाया ।बारहवें दिन श्री कृष्ण भगवान की प्रतिमा को सई नदी के तट पर बड़े ही धूमधाम से विसर्जन किया गया ।इस दौरान युवाओं ने डीजे की धुन पर नाचते हुए बहुत ही उल्लास से कन्हैया लाल की,मदन गोपाल की जयकारा लगाया ।जिससे वहां का वातावरण कृष्णमय हो गया ।इस शुभ अवसर पर अभिषेक सिंह,शिवेश सिंह, रमेश यादव,आयुष मौर्य,उमेश, नवनीत,विकास समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### आवास के पात्रों के लिए खुली बैठक आयोजित

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन्मुखीकरण संबंधित बैठक ग्राम पंचायत दुसौती के पंचायत भवन में ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह व ग्राम पंचायत अधिकारी जुगेश शुक्ला एवं ग्राम पंचायत सदस्यों की मौजूदगी में खुली बैठक की गई। जिसमें आवास के पात्रों को चयनित किया गया तथा उनके नाम लिखे गए। इस मौके पर समस्त ग्रामवासी सहित ग्राम पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे।

### जान से मारने की धमकी देना और मारपीट करने पर दर्ज हुआ मुकदमा

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जान से मारने की धमकी देना और मारपीट करने पर दर्ज हुआ मुकदमा ।वादी कुलदीप सिंह पुत्र राजकुमार सिंह निवासी ग्राम महुआ खेड़ा मजरे गुनावर थाना हरचंदपुर जनपद रायबरेली के द्वारा दी गई तहरीर पर दिनेश पुत्र अज्ञात रंजीत पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम तिवारी का पुरवा मजरे सलेथू थाना महराजगंज के विरुद्ध जान से मारने की धमकी देना तथा वादी के साथ मारपीट करने पर अभियोग पंजीकृत किया गया है।

### अनियंत्रित होकर गिरा मोटरसाइकिल सवार, गंभीर रूप से घायल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के शेरगढ़ पडरिया का रहने वाला विजय बहादुर उम्र 30 वर्ष पुत्र भगवती प्रसाद अपने गांव शेरगढ़ से अपनी पत्नी को लेने अपनी ससुराल हरदोई थाना बछरावा जा रहा था। वह जैसे ही गंज गांव मजरे ओसाह के करीब पहुंचा तभी अचानक उसकी मोटरसाइकिल के सामने एक कुत्ता आ गया। जिससे उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खाई में पलट गई। इस हादसे में विजय बहादुर को गंभीर चोटें आ गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा पहुंचाया गया। जहाँ डॉक्टर ने उसका प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### अज्ञात कारणों से युवक ने लगाई फांसी, हुई मौत

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत खालेगांव मजरे शेखपुर समोधा में एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की पिंटू उम्र 39वर्ष पुत्र रामपाल ने बीते शुक्रवार की रात अपने घर के बरामदे में लगे कुंडे से लटककर अपनी जान दे दी। सुबह जब परिवारीजन जागे तो घटना देखकर हड़कंप मच गया, देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भारी भरकम भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करने के बाद पारिवारिक जनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है। मृतक पिंटू मजदूरी करके किसी तरह अपने परिवार का पालन पोषण करता था, पिंटू की मौत से परिवारी जनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### जंगल में फांसी के फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**डलमऊ- रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में गाव के बाहर जंगल में रस्सी के सहारे पेड़ से फासी के फंदे से लटकता हुआ युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया सूचना पर मौके पर पहुंची डलमऊ पुलिस द्वारा शव को फंदे से उतारा गया और ग्रामीणों द्वारा मृतक युवक की पहचान अनिल पुत्र हीरालाल उम्र 24 वर्ष निवासी रजौली के रूम में की गयी युवक की मौत की खबर सुनकर परिवारी जनों में कोहराम मच गया ग्रामीणों की सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया मृतक युवक अनिल कुमार बीते तीन दिनों से अपने घर से बिना बताए कहीं चला गया था जिसकी खोज बिन परिवरीजन द्वारा लगातार की जा रही थी जिसकी सूचना डलमऊ कोतवाली में भी गुरुवार को दी गई शनिवार को प्रातः मृतक अनिल कुमार का शव डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के अतर्गत रजौली मजरे बेलहनी अपने गांव से लगभग 5 किलोमीटर दूर जमाल नगर मोहद्दीनपुर गाव के पास गंगा कटरी क्षेत्र के जंगल में रस्सी के सहारे पेड़ से फांसी के फंदे से लटकता हुआ पाया गया ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी सूचना पर पहुंची डलमऊ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक के पिता हीरालाल ने बताया कि बीते कई दिनों से मृतक मानसिक रूप से परेशान रहता था और बुधवार को अचानक बिना बताए घर से गायब हो गया जिसकी खोजबीन की जा रही थी लेकिन पता नहीं चला इस बाबत कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट हो पाएगा।



## न्यू स्टैंडर्ड कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन के विद्यार्थी ने बढ़ाया जिले का मान

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** न्यू स्टैंडर्ड कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन, महराजगंज के विद्यार्थी ने जुलॉजी विषय में विश्वविद्यालय स्तर पर सर्वाधिक अंक हासिल कर महाविद्यालय सहित जिले का नाम रोशन किया है ।उसकी इस सफलता पर लखनऊ विश्वविद्यालय ने उसे गोल्ड मेडल प्रदान कर कर रहा है ।महराजगंज क्षेत्र के राघवपुर गांव के रहने वाले रामचंद्र और नीलम तिवारी के पुत्र सर्वज्ञ की सफलता पर न्यू स्टैंडर्ड कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन के प्राचार्य -डॉ (प्रो.) अनिल कुमार, एनएसपीएस सलेथू के प्रधानाचार्य राजीव सिंह,डीएलएड प्राचार्य-धीरेन्द्र सिंह, जन्तु विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ अरुण चौधरी एवं कोमल वर्मा, , आशीष जायसवाल, डॉ इन्दू चौधरी, डॉ गुलाम सब्बनी सहित अन्य शिक्षकों ने अपने विद्यार्थी को सम्मानित किया।

बताते चले कि न्यू स्टैंडर्ड कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन के विद्यार्थी सर्वज्ञ तिवारी ने बीएससी के फाइनल ईयर में अपने मुख्य विषय जुलॉजी में विश्वविद्यालय स्तर पर सर्वाधिक 86.71 प्रतिशत अंक प्राप्त किये, इस सफलता के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय उन्हें सतीश चन्द्र-विनोद चन्द्र मेमोरियल गोल्ड मेडल प्रदान कर रहा है,इस बात की सूचना मिलते ही महाविद्यालय के प्राचार्य-डॉ (प्रो.) अनिल कुमार ने शिक्षकों सहित सर्वज्ञ के निवास पर जाकर उनका सम्मान किया।

सर्वज्ञ ने बताया कि उसकी प्राथमिक एजूकेशन न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल महराजगंज सलेथू से हुई उसके बाद उसने न्यू स्टैंडर्ड कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन महराजगंज में बीएससी जूलॉजी विषय से पढ़ाई की और आज उन्हें यह सफलता हासिल हुई है, सर्वज्ञ अपनी सफलता का श्रेय विशेष रूप से अपने माता पिता के साथ जन्तु विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ अरुण चौधरी को देते हैं जिनकी मेहनत और मार्गदर्शन ने उन्हें यह सफलता दिलाई है। हालांकि वह बाकी शिक्षकों को भी अपनी सफलता का श्रेय देना नही भूलते।

## तेज रफ्तार ट्रक ने तीन छात्राओं को रौंदा, दो की मौत, विरोध प्रदर्शन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



जिले में तेज रफ्तार का कहर थमने को नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला रायबरेली के सलोन थाना क्षेत्र का है, जहां स्कूल जा रही साइकिल सवार तीन छात्राओं को अनियंत्रित ट्रक ने कुचल दिया। ये हादसा रायबरेली- प्रतापगढ़ मार्ग पर हुआ। हादसे से ग्रामीण उत्तेजित हो गए और उन्होंने दुर्घटनास्थल पर जाम लगा दिया। और कार्रवाई की मांग करने लगे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।सुबह सुबह जब छात्राएं स्कूल जा रही थीं उसी समय तेज रफ्तार ट्रक ने अनियंत्रित होकर स्कूल जा रही तीनों छात्राओं को रौंद दिया। इस हादसे में दो छात्राओं की मौके पर ही मौत हो गई। तीसरी की हालत गंभीर है। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने स्कूली बच्चों के साथ रोड को जाम कर दिया है। पुलिस मौके पर पहुंच गई है और आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने में जुटी है। ट्रक ड्राइवर ट्रक छोड़कर फरार हो गया है। घटना सलोन कोतवाली क्षेत्र के कलुआ पुर गांव के पास की है।

कान्ह शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज की छात्रा शैलजा व आरती व कंचन कक्षा आठ में पढ़ती थीं। ग्राम कालू जलालपुर करहिया चौकी के अंतर्गत का मामला है।मरने वाली एक छात्रा के पिता ने बताया कि बिटिया स्कूल जा रही थी तभी पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। थाना सलोन के सीओ प्रदीप कुमार ने बताया की ट्रक की चपेट में आने से दो छात्राओं की मौत हुई है और एक छात्रा को उपचार के लिए रायबरेली रेफर कर दिया गया है। ट्रक ड्राइवर पकड़ा लिया गया है।

## पुरानी रंजिश में लाठी डंडों से पीटा, एक घायल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के पश्चिम गांव के मेले में दुकान लगाए हुए एक युवक को आधा दर्जन लोगों ने पीटकर घायल कर दिया। गंभीर अवस्था में उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा लाया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। थाना क्षेत्र के पश्चिम गांव में शुक्रवार को मेला लगा हुआ था, वहां पर संदीप 25 वर्ष पुत्र राम प्रसाद जलेबी की दुकान लगाए हुए था उसका भतीजा रामू उम्र 18 वर्ष पुत्र विश्वनाथ भी था। पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोस के गांव मदनटूसी के लगभग आधा दर्जन लोगों ने लाठी ,डंडों से उसके ऊपर हमला बोल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर हालत में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए लाया गया। इस बारे में थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि मामले की सूचना मिली है तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## इनरव्हील क्लब रायबरेली के अधिष्ठापन समारोह में दीप्ति सिकरिया बनीं अध्यक्ष

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



इनर व्हील क्लब रायबरेली का अधिष्ठापन समारोह स्थानीय दीप पैलेस में एक भव्य और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। हमारी मुख्य अतिथि व मंडलाध्यक्ष आशा अग्रवाल व पीडीसी ज्ञान लता का भव्य स्वागत पीओ अर्चना सिकरिया, प्रियंका अग्रवाल, अनामिका गुप्ता व अनामिका मेहरोत्रा ने टीका लगा कर व इलायची की माला पहनाकर किया ।समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन व गणेश वंदना से की गई। पूर्व अध्यक्षा ने अपना एप्रिसिएशन अवार्ड दिया। तत्पश्चात 2024-25 की नयी कार्यकारिणी के सदस्यों को पिन व सैशे पहनाकर पूर्व अध्यक्ष अलका द्विवेदी, मंडलाध्यक्ष आशा अग्रवाल जी व पीडीसी ज्ञान लता जी ने स्वागत किया। 2024-25 की नयी समिति के सदस्य हैं अध्यक्षा दीप्ति सिकरिया, उपाध्यक्ष वैशाली चंद्रा, आई पी पी अलका द्विवेदी, सचिव विनीता राजपाल, कोषाध्यक्ष स्मृति सिंह, आई एस ओ शुभ्रा सिंह, संपादक कंचन श्रीवास्तव व सह सचिव रीना गुप्ता। छह सदस्यों की डायरेक्टर टीम का भी गठन हुआ जिसमें सुमेधा रस्तोगी व ममता कपूर व चार सदस्य और है तीन सदस्यीय सलाहकार टीम का भी गठन हुआ डॉक्टर मीरा मलिक के साथ दो सदस्य और है। सदस्यों द्वारा मनमोहक समूह नृत्य किया गया जिसको मंडलाध्यक्ष ने बहुत सराहा। क्लब की ओर से सात जरूरत मंद को 2 अलमारी, 4 सिलाई मशीन व 1 साईकिल दी गई। रायबरेली क्लब में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रोजेक्ट इनरव्हील क्लब द्वारा विगत20 वर्षों से संचालित है उसका निरीक्षण हमारी मंडलाध्यक्ष ने किया व बहुत ही सराहना की। मंडलाध्यक्ष ने इनरव्हील क्लब क्या है इसके विषय में सभी सदस्यों को जानकारी दी। संपादिका ने न्यूज बुलेटिन का अनावरण मंडलाध्यक्ष आशा अग्रवाल जी के कर कमलों से करवाया। सचिव ने अपनी आख्या में किये गये प्रोजेक्ट व आगामी प्रोजेक्ट का विवरण दिया। प्रियंका अग्रवाल व अर्चना सिकरिया ने बहुत ही सुन्दर मंच संचालन किया। कार्यक्रम में क्लब की पूर्व अध्यक्षों ने अपनी शुभकामनाएँ व्यक्त कीं और नए पदाधिकारियों को उनके कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया। नई अध्यक्ष, दीप्ति सिकरिया , ने अपने वक्तव्य में क्लब के भविष्य की योजनाओं और समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को व्यक्त किया व पद पर प्रतिष्ठित करने के लिए सभी का धन्यवाद किया।

## बाबा श्री दुःखहरण नाथ मंदिर में भव्य धार्मिक अनुष्ठान आयोजित

**उतरौला (बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



हरितालिका तीज पर्व के पावन अवसर पर शुक्रवार को बाबा श्री दुःखहरण नाथ मंदिर परिसर में विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन सम्पूर्ण श्रद्धा एवं भक्ति भाव से सम्पन्न हुआ। इस पुण्य अवसर पर मंदिर प्रांगण में भारी संख्या में भक्तगण उपस्थित हुए और भगवान शिव की आराधना कर अपना जीवन धन्य किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संध्या 7ः00 बजे हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धाभाव से भाग लिया। धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत श्री शिव रुद्राष्टकम के पाठ से हुई, जिसके उपरांत भक्तों ने श्री शिव चालीसा, श्री दुर्गा चालीसा, और श्री हनुमान चालीसा का पाठ कर भगवान शिव, माँ दुर्गा, और भगवान हनुमान की महिमा का गुणगान किया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भगवान भोलेनाथ का दिव्य और भव्य श्रृंगार पूजन था, जिसमें बाबा श्री दुःखहरण नाथ का अलौकिक श्रृंगार किया गया। भक्तों ने इस पवित्र पूजन में सम्मिलित होकर अपनी श्रद्धा अर्पित की। श्रृंगार पूजन के उपरांत मंदिर प्रांगण में महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना करते हुए आरती का दर्शन लाभ प्राप्त किया। पूरे मंदिर प्रांगण में हर हर महादेव के जयकारों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

इस धार्मिक आयोजन के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर परिसर में उपस्थित भक्तगण बाबा श्री दुःखहरण नाथ का आशीर्वाद प्राप्त कर स्वयं को भाग्यशाली मान रहे थे।इस पावन आयोजन का नेतृत्व महंत मयंक गिरी महाराज द्वारा किया गया, जिन्होंने जय बाबा श्री दुःखहरण नाथ मन्दिर सेवा समिति के सहयोग से इस भव्य आयोजन को संपन्न कराया। हरितालिका तीज पर्व पर आयोजित इन पवित्र अनुष्ठानों ने भक्तों को एक गहन आध्यात्मिक अनुभव प्रदान किया और भगवान शिव की कृपा का आभास कराया। इस अवसर पर मंदिर के समस्त सेवादार और भक्तगण पूर्ण श्रद्धा से उपस्थित रहे।

## बाँदी जोत में जल निकासी की समस्या को लेकर ग्रामवासियों का सोशल मीडिया पर अपील

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



उतरौला ग्रामीण ग्राम सभा के मजरा बाँदी जोत में हनुमान जी के मंदिर से काली जी के स्थान तक बने आरसीसी मार्ग पर भारी जलभराव की समस्या ने स्थानीय निवासियों को परेशान कर रखा है। मार्ग के दोनों तरफ मिट्टी के भराव और गहरे ढलान के कारण बारिश के पानी की निकासी संभव नहीं हो पा रही है, जिससे सड़क पर पानी जमा हो रहा है। इस स्थिति से ग्रामवासियों का आवागमन बाधित हो रहा है और जलजमाव जनित बीमारियों का भी खतरा बढ़ गया है।

ग्रामवासियों के अनुसार, इस समस्या को लेकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कुर्बान अली से जब मार्ग को ऊँचा करने और जल निकासी की व्यवस्था करने का अनुरोध किया गया, तो उन्होंने उचित समाधान देने के बजाय इसे टाल दिया। उनका कहना है कि कुछ लोग आरसीसी मार्ग को ऊँचा करने का विरोध कर रहे हैं और जल निकासी के लिए सड़क के किनारे या किसी अन्य स्थान पर नाली के लिए भूमि उपलब्ध नहीं है।

इस समस्या को देखते हुए ग्रामवासी सोशल मीडिया के माध्यम से पुनः अपील कर रहे हैं कि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कुर्बान अली प्रशासनिक सहयोग से उन लोगों को रोकें जो आरसीसी मार्ग को ऊँचा करने में बाधा डाल रहे हैं। साथ ही, नियमों के तहत मार्ग को ऊँचा करवा कर उचित जल निकासी की व्यवस्था की जाए, जिससे ग्रामवासियों का आवागमन सुगम हो सके और वे जलजमाव से उत्पन्न बीमारियों से बच सकें।

स्थानीय निवासी अलगू, राधेश्याम, बच्चाराम, रामबरन, जोखू, राज कुमार, त्रिभुवन आदि इस महत्वपूर्ण मुद्दे का शीघ्र समाधान चाहते हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि प्रशासन इस पर त्वरित कार्रवाई करेगा।

## कासगंज : महिला अधिवक्ता की हत्या पर वकीलों में आक्रोश

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



कासगंज में महिला अधिवक्ता की अपहरण के बाद हत्या से अधिवक्ताओं में आक्रोश है। घटना के विरोध में बार एसोसिएशन उतरौला के अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

बस्ती उतरौला मार्ग पर जुटे अधिवक्ताओं ने कासगंज में महिला अधिवक्ता के हत्यारों को फांसी दो जैसे नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने कहा कि कासगंज में अपहरण के बाद महिला अधिवक्ता की हत्या कर दी गई। इस जघन्य अपराध को अंजाम देने वालों को गिरफ्तार कर सख्त से सख्त सजा दी जाए। साथ ही, प्रदेश में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू किया जाए।

मृतक के परिजनों को एक करोड़ रुपये मुआवजा देने की मांग

संभल। बार एसोसिएशन उतरौला महामंत्री अमित श्रीवास्तव ने धरना-प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम अवधेश कुमार को सौंपा। इसमें कहा है कि महिला अधिवक्ता के हत्यारों को जल्द गिरफ्तार किया जाए। उनके परिजनों को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए। परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। आए दिन हो रहीं इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट जल्द लागू किया जाए। अधिवक्ताओं को सुरक्षा दी जाए। इस दौरान देवेंद्र निषाद, अब्दुल मोईद सिद्दकी,रामप्रताप चौधरी,मार्कण्डेय मिश्रा,शफीक चौधरी ,शमशाद अहमद,परशुराम यादव, इज़हारुल हसन नाजिर मलिक, विनीश गुप्ता,अखिलेश तिवारी, अश्वनी जयसवाल,महेश कश्यप, मुस्तफा हुसैन, जितेंद्र नाथ चौधरी, शेंशाक श्रीवास्तव, अखिलेश कुमार, आशीष कसौधन, सुरेंद्र श्रीवास्तव, दीपक गुप्ता, अजीत सिंह,आदि अधिवक्ता मोजूद रहे।

## आधुनिक सुविधाओं से युक्त आरएसवी रेजीडेंसी का हुआ भव्य उद्घाटन

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**




उतरौला में आधुनिक सुविधाओं से लैस आर0एस0वी0 रेजीडेंसी का भव्य शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम पीठाधीश्वर देवी पाटन मंदिर के महंत मिथलेश नाथ योगी महाराज की अध्यक्षता में और मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री भारतीय जनता पार्टी एवं विधान परिषद सदस्य गोविंद नारायण शुक्ला द्वारा संपन्न किया गया।

इस अवसर पर आर0एस0वी0 रेजीडेंसी के संचालक राधेश्याम वर्मा ने कहा कि यह होटल उतरौला विधानसभा क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट सेवाओं और आधुनिक सुविधाओं के लिए जाना जाएगा। होटल में ठहरने के लिए एसी और नॉन-एसी कमरों की सुविधा उपलब्ध है, जो बजट और सुविधा के अनुसार बुक किए जा सकते हैं। होटल में मैरिज हॉल, खानपान, और पार्किंग की भी व्यवस्था की गई है, जिससे यह स्थानीय निवासियों और पर्यटकों के लिए एक प्रमुख विकल्प बनेगा।

आर0एस0वी0 रेजीडेंसी का निर्माण आर0एस0वी0 फाउंडेशन के तहत किया गया है और इसे विशेष रूप से मध्यवर्गीय परिवारों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। होटल में कमरे के किराए को किफायती रखा गया है, जिससे अधिक से अधिक लोग इस सेवा का लाभ उठा सकें। इसके अलावा, सुरक्षा के लिए सीसीटीवी और इंटरनेट जैसी सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे मेहमानों को आराम और सुरक्षा का पूरा अनुभव हो सके।

होटल के उद्घाटन के साथ ही उतरौला के निवासियों को अपने बर्थडे पार्टी, शादी या अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। स्थानीय स्तर पर ही उन्हें उच्च-स्तरीय सेवाएँ उपलब्ध होंगी।

इस होटल के शुभारंभ से उतरौला में पर्यटन को बढ़ावा मिलने की संभावना है, जिससे स्थानीय अर्थ व्यवस्था में भी सुधार की गुंजाइश बनी है। साथ ही, इस परियोजना के माध्यम से कई स्थानीय निवासियों को रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे।

उद्घाटन समारोह में महंत मिथलेश नाथ योगी महाराज और मुख्य अतिथि गोविंद नारायण शुक्ला ने भी सभा को संबोधित किया और उतरौला के विकास में इस होटल के योगदान पर प्रकाश डाला। इस मौके पर उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह, ब्लॉक प्रमुख गैंडास बुजुर्ग राकेश तिवारी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि उतरौला महिपाल चौधरी, ब्लॉक प्रमुख रेहरा पंकज सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एसडीएम के अध्यक्षता में समाधान दिवस सम्पन्न

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**




सम्पूर्ण समाधान दिवस मे दिए गए प्रार्थना पत्र में ग्रामीणों ने अपनी व्यथा को बताते हुए कहा कि लंबे अरसे से हम लोग बलरामपुर भड़रिया तटबंध बनवाने की मांग करते आ रहे हैं किंतु कोइ सुनवाई नहीं हुई।

2022 में अक्तूबर महीने में आई भीषद बाढ़ में जनता त्राहि त्राहि कर रही थी। सांसद कीर्ति वर्धन सिंह राजा भैया ने एक सभा को संबोधित करते हुए महुआ धनी मे वादा तो किया लेकिन वह वादा आज तक पूर्ण नही हो पाया। शिकायत कर्ता आनंद मणि ने बताया कि पूरे तहसील में सर्वाधिक नुकसान तिलखी बढ़या देवारिया अर्जून,मटियारिया और बभनी बुर्जुग का ही होता है।

ग्रामीण विनय कुमार, महेंद्र कुमार, हरिशंकर, विश्व नाथ दुबे, वीरेंद्र कुमार ने सासन प्रशासन से राप्ती तटबंध बनवाने की मांग की है।

## महिलाओं के खिलाफ अपराध और उसके मूल कारणों की पहचान

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

कोलकाता में महिला डॉक्टर से बलात्कार और उसकी हत्या की घटना की विभिन्न माध्यमों जरिये से व्यापक रूप से निंदा की गई। जिसमें सामूहिक सभा, मार्च, वीडियो, सोशल मीडिया पोस्ट आदि शामिल हैं। छेड़छाड़ और बलात्कार हमारी माताओं, बहनों और बेटियों के खिलाफ जघन्य अपराध बन गया है। कभी-कभी आवाज़ उठाने से समस्या का समाधान नहीं होगा; हमें पहले अंतर्निहित कारणों को समझना चाहिए और सिस्टम व समाज में आवश्यक समायोजन का प्रयास करना चाहिए। इसके कई कारण हैं लेकिन प्राथमिक कारण शिक्षा प्रणाली है।

प्राचीन काल में जब हम गुरुकुल शिक्षा प्रणाली का पालन करते थे, तब कितने बलात्कार के मामले दर्ज किए गए थे? हो सकता है कि कुछ हों, लेकिन वर्तमान में प्रतिघंटे बलात्कार की संख्या बहुत अधिक है। ब्रिटिश शासन के बाद से हम जिस शिक्षा प्रणाली का पालन कर रहे हैं, वह मैकाले द्वारा तैयार की गई एक पश्चिमी शिक्षा प्रणाली है। इस स्कूल प्रणाली ने कभी भी चरित्र विकास, नैतिकता और नैतिक शिक्षा या शोध और विकास क्षमताओं पर ध्यान केंद्रित नहीं किया। मैकाले की शिक्षा का प्राथमिक लक्ष्य एक लालची रवैया पैदा करना है जो केवल भौतिकवादी जीवन पर केंद्रित है, जिसमें स्वार्थ प्रेरक के रूप में और समाज और राष्ट्र अंतिम प्राथमिकता के रूप में है। इस शैक्षिक प्रणाली ने अवांछनीय विशेषताओं और लक्षणों के साथ कृत्रिम मशीनों का निर्माण करना जारी रखा है। पश्चिमी संस्कृति महिलाओं को सिर्फ एक वस्तु के रूप में देखती है और हमारे देश में कई दशकों से उनकी शिक्षा प्रणाली का पालन किया गया है इसलिए हमारा दृष्टिकोण उसी तर्ज पर विकसित हुआ है, जैसा कि बॉलीवुड फिल्मों और बिग बॉस जैसे दैनिक टीवी धारावाहिकों से पता चलता है, जिन्हें बड़ी संख्या में दर्शक देखते हैं। पहली और सबसे महत्वपूर्ण बात जो एक स्कूल बच्चे के कच्चे और मासूम दिमाग से कर सकता है, वह है नैतिक मूल्यों, सामाजिक व्यवहार और राष्ट्र के लिए देशभक्ति की भावनाएँ सिखाना और उनमें पैदा करना, बजाय इसके कि केवल भौतिकवादी जीवन पर ध्यान केंद्रित किया जाए। नैतिक मूल्यों के साथ जीवन कौशल चरित्र विकास के लिए शैक्षिक प्रणाली का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और जब हमारे बच्चों को महान भौतिकवादी अवसर प्रस्तुत भी किए जाते हैं, तब भी नैतिक मूल्य अपरिहार्य हैं। भौतिकवादी विशेषताएँ शिक्षा के बाद के चरणों में आसानी से सीखी और समझी जाती हैं।

# अपराजिता बनने के लिए पहले घरों और कार्यस्थलों को सुरक्षित बनाना होगा



**भारतीय संविधान के अनुच्छेद 254 के अनुसार ऐसे संशोधनों के लिए राष्ट्रपति की स्वीकृति आवश्यक है, जिससे कानून का लागू होना जटिल हो जाता है। विधेयक यौन हिंसा पर शिक्षा या जन जागरूकता अभियान जैसे निवारक उपायों को पर्याप्त रूप से संबोधित नहीं करता है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे कार्यक्रम जागरूकता और रोकथाम पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जो ऐसे अपराधों को कम करने के लिए अधिक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। पीड़ितों के लिए सशक्त पुनर्वास और मनोवैज्ञानिक सहायता प्रणालियाँ शुरू करना दंडात्मक उपायों का पूरक होगा। यौन अपराध के मामलों से निपटने में होने वाली देरी को कम करने के लिए न्यायिक बुनियादी ढाँचे को अधिक संसाधन आवंटित करना आवश्यक है। भारत सरकार द्वारा ई -कोर्ट परियोजना का उद्देश्य न्यायपालिका को डिजिटल बनाना है, जिससे मामलों का तेजी से निपटारा हो सके। स्कूली बच्चों और आम जनता को लक्षित करके जागरूकता अभियान चलाकर यौन हिंसा के मूल कारणों को संबोधित करते हुए इस तरह की घटनाओं को कम करने में मदद मिल सकती है।**

**प्रियंका सौरभ**

हरेक जघन्य यौन अपराध के बाद सजा-ए-मौत का शोर उठना और अध्यादेश जारी करके या विधेयक पारित करके इसे मान लेना, काफी आम हो गया है। दिल्ली में एक महिला से वहशियाना बलात्कार के बाद 2013 में आपराधिक कानूनों में बदलाव किया गया। उसके बाद, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और अरुणाचल प्रदेश समेत कई राज्यों ने यौन हमले के लिए बढ़ी हुई सजा की खातिर संशोधन किये। अब पश्चिम बंगाल में अपराजिता महिला एवं बाल (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून संशोधन) विधेयक, 2024 में यौन अपराधों के लिए दंड बढ़ाने का प्रावधान किया गया है, खास तौर पर महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों पर ध्यान केंद्रित करते हुए।

विधेयक में बलात्कार के विशिष्ट मामलों के लिए अनिवार्य मृत्युदंड और त्वरित जांच जैसे कड़े उपाय प्रस्तुत किए गए हैं। यह किसी बड़ी आपराधिक घटना के बाद जन आक्रोश पर पश्चिम बंगाल की विधायी प्रतिक्रिया को उजागर करता है, जिसका उद्देश्य कानूनी ढाँचे को मजबूत करना और त्वरित न्याय सुनिश्चित करना है। विधेयक में बलात्कार पीड़िता की मृत्यु होने अथवा मरणासन्न अवस्था में पहुंचने पर मृत्यु दंड का प्रावधान किया गया है , जिससे निवारक प्रभाव और अधिक बढ़ जाएगा। विधेयक में यह प्रावधान किया गया है कि यौन अपराधों की जांच 21 दिनों के भीतर पूरी की जाए , जिसका उद्देश्य न्याय में तेजी लाना है। विधेयक पीड़ितों की पहचान की सुरक्षा को मजबूत करता है, तथा खुलासा करने पर 3-5 वर्ष के कारावास का प्रावधान करता है। विधेयक में यौन हिंसा के मामलों के लिए समर्पित विशेष न्यायालयों की स्थापना का प्रस्ताव है , जिससे कानूनी प्रक्रियाओं में तेजी आएगी। विधेयक, नाबालिगों के यौन शोषण से जुड़े मामलों को लक्षित करता है , कठोर दंड और बढ़ी हुई निगरानी लागू करता है। विधेयक, पुनर्वास और सामाजिक सुधारों के बजाय दंडात्मक कार्रवाइयों को अधिक प्राथमिकता देता है, तथा गहन प्रणालीगत मुद्दों की उपेक्षा करता है। कठोर दंड के बावजूद यौन अपराधों में निरंतर वृद्धि हो रही है, जो विशुद्ध दंडात्मक कानूनों के सीमित प्रभाव को दर्शाता है। विशेष न्यायलयों की स्थापना से मौजूदा न्यायिक ढाँचे पर दबाव पड़ सकता है, जिससे संभावित रूप से प्रक्रियागत देरी हो सकती है। निर्भया के बाद शुरू की गई फास्ट-ट्रैक कोर्ट को भी बोझिल कानूनी व्यवस्था और संसाधनों की कमी के कारण, इसी तरह की देरी का सामना करना पड़ा।निवारक के रूप में मृत्यु दंड के उपयोग पर व्यापक रूप से बहस हुई है, परंतु इसकी प्रभावशीलता के साक्ष्य, सीमित हैं। वर्मा समिति की रिपोर्ट ने इस बात पर प्रकाश डाला कि मृत्यु दंड से यौन अपराधों में पर्याप्त कमी नहीं आती है, इसलिए अधिक प्रभावी समाधानों की आवश्यकता है। यह विधेयक केंद्रीय कानून के साथ संभावित संघर्ष उत्पन्न करता है, जिससे कानूनी चुनौतियों के कारण कार्यान्वयन में देरी होने की संभावना है।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 254 के अनुसार ऐसे संशोधनों के लिए राष्ट्रपति की स्वीकृति आवश्यक है, जिससे कानून का लागू होना जटिल हो जाता है। विधेयक यौन हिंसा पर शिक्षा या जन जागरूकता अभियान जैसे निवारक उपायों को पर्याप्त रूप से संबोधित नहीं करता है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे कार्यक्रम जागरूकता और रोकथाम पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जो ऐसे अपराधों को कम करने के लिए अधिक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। पीड़ितों के लिए सशक्त पुनर्वास और मनोवैज्ञानिक सहायता प्रणालियाँ शुरू करना दंडात्मक उपायों का पूरक होगा। यौन अपराध के मामलों से निपटने में होने वाली देरी को कम करने के लिए न्यायिक बुनियादी ढाँचे को अधिक संसाधन आवंटित करना आवश्यक है। भारत सरकार द्वारा ई - कोर्ट परियोजना का उद्देश्य न्यायपालिका को डिजिटल बनाना है, जिससे मामलों का तेजी से निपटारा हो सके। स्कूली बच्चों और आम जनता को लक्षित करके जागरूकता अभियान चलाकर यौन हिंसा के मूल कारणों को संबोधित करते हुए इस तरह की घटनाओं को कम करने में मदद मिल सकती है। सखी वन स्टॉप सेंटर पहल शिक्षा और जागरूकता प्रदान करती है, जिससे महिलाओं को अपराधों की जल्द रिपोर्ट करने का अधिकार प्राप्त होता है। राज्य के कानूनों का, केंद्रीय ढाँचे के साथ सामंजस्य होने से सुचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित होता है और अनावश्यक संघर्ष से बचा जा सकता है।

केरल में राज्य की पहलों के साथ पोक्सो का सफल संरेखण, एक सहयोगी दृष्टिकोण के लाभों को दर्शाता है। स्कूलों में आत्मरक्षा प्रशिक्षण और लिंग संवेदीकरण जैसे दीर्घकालिक निवारक उपायों को शुरू करने से यौन हिंसा को रोकने में मदद मिल सकती है। दिल्ली पुलिस निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करती है, जिसे पूरे देश में लागू किया जा सकता है। अपराजिता विधेयक पश्चिम बंगाल में यौन हिंसा को संबोधित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो सार्वजनिक आक्रोश के प्रति विधायी प्रतिक्रिया को दर्शाता है। हालाँकि, प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है जो दंडात्मक उपायों को पुनर्वास , सार्वजनिक जागरूकता और बुनियादी ढाँचे के समर्थन के साथ जोड़ता है । राज्य और केंद्र के बीच एक समन्वित प्रयास, महिलाओं और बच्चों के लिए स्थायी सुरक्षा सुनिश्चित करेगा तथा दीर्घकालिक सामाजिक परिवर्तन और उन्नत सुरक्षा को बढ़ावा देगा।

इस बात के बहुत कम सबूत हैं कि मौत की सजा देने से यौन अपराध थम जाते हैं, लेकिन ऐसे अपराधों के बाद ज्यादा कठोर कानूनों की मांग पर अक्सर एक आधिकारिक प्रतिक्रिया होती है। यह कहकर कि ÷बलात्कार मानवता के लिए अभिशाप है और ऐसे अपराधों को रोकने के लिए सामाजिक सुधारों की जरूरत है, यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी हर सरकार की है कि कानून प्रभावी ढंग से लागू किये जाएं और यौन हमलों को रोकने व दंडित करने के लिए पुलिस बिना पक्षपात के काम करे। अगर महिलाओं के लिए पहले घरों व कार्यस्थलों को महफूज बनाकर उनके आगे बढ़ने की राह से अवरोध हटाये जाएं, तो इंसाफ और अच्छे से दिया जा सकेगा

**विचार**

# नारियों पर अत्याचार का यक्ष प्रश्न, शर्मसार होता संपूर्ण स्त्री समाज

**संजीव ठाकुर**

हाय कोलकोता की बेटी मौमिता हम सचमुच शर्मिंदा हैं,हम तुम्हारी रक्षा-सुरक्षा नहीं कर पाए।अभया,निर्भया, मोमिता न जाने कितनी अबोध निर्बल बच्चियों अत्याचार की शिकार होती रहेगी और हमारा सभ्य पुरुष समाज कैंडल जलाकर सड़कों पर प्रदर्शन कर न्याय की गुहार लगाता रह जाएगा।

पुरुष अत्याचार की शिकार बेटियों हम तुम्हारी आत्मा से क्षमा प्रार्थी हैं। स्त्रियों पर पुरुषों के अत्याचार और उनकी सुरक्षा का यक्ष प्रश्न हमारे सामने खड़ा हुआ है। क्या हम उनकी कभी सुरक्षा नहीं कर पाएंगे क्या यूं ही देश में स्त्रियों पर अनवरत अत्याचार होते रहेंगे? देश में शहरों और गांवों में नारियों पर हो रहे अत्याचारों की खबरें मानवीय संवेदनाओं को झकझोर कर रख देती है। आसपास और पास पास इतनी दिल दहला देने वाली घटनाएं प्रकाश में आती हैं की मानवता केवल आंसू बहा कर रह जाती है। क्या इतना बड़ा सशक्त पुरुषों का समाज इसे रोकने में सक्षम नहीं है। देश में यह यक्ष प्रश्न की तरह हम सबके सामने खड़ा है। भारत में गरीब तबके में महिलाओं की स्थिति अभी भी दयनीय है मजदूरी करने से लेकर घरों में झाड़ू पोछा बर्तन मांजने तक औरत अपनी आजीविका चलाने



के लिए मजबूर है। नारी उत्पीड़न की शुरुआत यहीं से होती है ।भारत में नारी अभी भी बहुत उपेक्षित प्रताड़ित तथा उत्पीड़ित है। हजारों उत्पीड़न तथा प्रताड़ना की घटनाएं प्रकाश में ही नहीं आ पाती हैं, और हम नारी दिवस पर जोर जोर से नारी उत्थान की दलीलें देते फिरते हैं। यह अत्यंत पीड़ा दायक तथा विचारणीय है।स्त्री जागरण के परिपेक्ष में भारत में नई स्त्री की संकल्पना उभरती है। भारत की स्त्री जागरण स्थितियों में पश्चिम नारीवाद का सर्वाधिक प्रभाव दिखाई देता है, इसमें बुनियादी नारी अधिकारों के जरिए सशक्तिकरण की बात की गई है। भारत में नारी उत्थान और समानता का संकल्प एवं विमर्श मूलतः मध्यम वर्गीय, शहरी और अभिजात्य इसमें स्त्रियों के बुनियादी अधिकार शिक्षा रोजगार आर्थिक स्वतंत्रता की बात का जोर शोर से जिक्र किया गया है। गांव की स्त्रियों पर घरेलू हिंसा तथा कस्बाई स्त्रियों के शोषण की समस्याएं बहुत बड़ी हैं। इसके अलावा भारत की

**भारतीय स्त्री पति को परमेश्वर एवं मातृत्व के दायित्व को निभाने वाली एक अबला स्त्री ही है। पिता, भाई तथा पति के संरक्षण में पलने, बढ़ने के बाद उनके अधिकारों से परे जाने में अभी भी सक्षम नहीं हुई है। जबकि यूरोपीय देशों का नारीवाद एवं नारी सशक्तिकरण एक अलग दृष्टि तथा नई दिशा को दर्शाता है। भारत की नारी अपनी ष्स्त्रीष्होने के दायित्व को यकायक ठुकरा कर उसकी बेड़ियों से बाहर नहीं निकल सकती। भारतीय समाज अभी भी स्त्रियों को मान्य रुप से बराबरी का दर्जा नहीं दे पाया है।**

परंपरागत विशेषताएं हैं जो भारतीय जनमानस में इस तरह घुली मिली हैं कि यकायक दलित स्त्री को सबला या सर्व शक्तिमान मानना पुरुष समाज को स्वीकार्य नहीं होगा।

भारतीय स्त्री पति को परमेश्वर एवं मातृत्व के दायित्व को निभाने वाली एक अबला स्त्री ही है। पिता, भाई तथा पति के संरक्षण में पलने, बढ़ने के बाद उनके अधिकारों से परे जाने में अभी भी सक्षम नहीं हुई है। जबकि यूरोपीय देशों का नारीवाद एवं नारी सशक्तिकरण एक अलग दृष्टि तथा नई दिशा को दर्शाता है। भारत की नारी अपनी ष्स्त्रीष्होने के दायित्व को यकायक ठुकरा कर उसकी बेड़ियों से बाहर नहीं निकल सकती। भारतीय समाज अभी भी स्त्रियों को मान्य रुप से बराबरी का दर्जा नहीं दे पाया है। वह अभी भी स्त्री को अबला एवं विज्ञापन का एक अच्छा जरिया मानता है, स्त्रियों को आज भी पुरुष विहीन समाज किसी भी तरह ग्राह्य एवं मान्य नहीं है। भारतीय संदर्भ में नई स्त्री की कल्पना वास्तव में महिलाओं के लिए एक मिथक तथा मृग मरीचिका के रूप में है। स्त्री उत्थान विमर्श के लिए यह समझना अत्यंत आवश्यक होगा की हर समाज की अपनी वैचारिक विशेषता, संस्कृति एवं सीमाएं होती हैं। नारी सशक्तिकरण की जितनी भी अवधारणाएं और नियम कानून बने हैं, वह सब पश्चिम से अनुसरण करके बनाए गए हैं, ऐसे में भारतीय दलित स्त्री की वैचारिकी क्या हो सकती है, इसकी संकल्पना भारतीय नारी ही कर सकती है। भारत की नई स्त्री वह होगी जो अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो एवं स्वतंत्रत विचारों के अधिकार से अच्छी तरह वाकिफ एवं जानकार हो। कस्बाई तथा झोपड़पट्टी में रहने वाली स्त्रियों को जहां भारत में शिक्षा का अभाव है, ऐसे में उनके लिए जागरूकता लाना अभी भी एक टेढ़ी खीर तथा एक बड़े अभियान चलाने जैसी बात होगी। भारत में जहां 35ः स्त्रियां साक्षर नहीं है, ऐसे में नई स्त्री की परिकल्पना केवल पश्चिमी देशों में ही की जा सकती है। भारत में स्वतंत्रता संग्राम से स्त्रियों की सहभागिता रही है, उसके उपरांत पंचायती चुनाव में महिला आरक्षण, संरक्षण,शिक्षा तथा रोजगार में बढ़ती सहभागिता नौकरी पेशा स्त्रियों का मातृत्व सुविधा कार्य के लिए समान वेतन का संघर्ष भारत में स्त्री बेचारी की मानसिकता को सशक्त करते हैं। भारत में नारी सशक्तिकरण एवं नारी समानता के उदाहरण चिकित्सा, तकनीकी, विधि विधाई, शिक्षा जगत, सेना तथा सरकारी नौकरी में दिखाई तो देते हैं, पर यह स्त्रियों की संख्या उनकी जनसंख्या के अनुपात में अत्यंत ही न्यून है। भारत में स्त्री समानता के लिए भारतीय समाज, सरकार, राजनेताओं, चिंतकों को पश्चिमी देशों का अंधानुकरण न कर भारत की भौगोलिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, तथा धार्मिक पृष्ठभूमि को देखकर उसके अनुरूप स्त्रियों के विकास तथा सशक्तिकरण एवं समानता के लिए सशक्त योजनाएं बनाकर उसके क्रियान्वयन की आवश्यकता होगी है। वरना नारी सशक्तिकरण नारी समानता और नारी उत्थान की बातें कागजों तक सिमट के रह जाएंगी, और नारी अभी भी अंधेरों में, गांवों में झोपड़पट्टीयों में उत्पीड़न एवं शोषण का शिकार होती रहेंगी।

## असम के मुख्यमंत्री ने मुसलमानों को निशाना बनाने की सारी हदें पार की

**पी. सुधीर**

विभिन्न समुदायों के बीच बढ़ते तनाव और कुछ घटनाओं का इस्तेमाल लोगों को सांप्रदायिक और अंधराष्ट्रवादी आधार पर बांटने के लिए किये जाने के कारण असम में स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। मौजूदा हालात के लिए मुख्यमंत्री हिमंतविश्व शर्मा और भाजपा के नेतृत्व वाली उनकी सरकार पूरी तरह जिम्मेदार है। भाजपा नेता हिमंत ने मुसलमानों को निशाना बनाने के अपने अभियान और स्वदेशी बनाम बाहरी के विभाजनकारी बयानबाजी में सारी हदें पार कर दी हैं। धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े लोगों के खिलाफ कुछ बेबुनियाद आरोप लगाये बिना हिमंत विश्व शर्मा का एक दिन भी नहीं बीतता, जिन्हें वे बाहरी कहते हैं।

विभाजनकारी राजनीति और भड़काऊ भाषणों के उनके जानबूझकर इस्तेमाल करने की प्रवृत्ति ने लोगों के एक वर्ग को हिंसा का माहौल बनाने और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने के लिए उकसाया है। यौन उत्पीड़न के दो मामलों से निपटने के तरीके से यह स्पष्ट है। शिवसागर शहर में मारवाड़ी व्यवसायी समुदाय से जुड़े दो लोगों द्वारा सत्रह वर्षीय लड़की पर हमला करने के बाद कुछ संगठनों ने बाहरी लोगों के खिलाफ धमकी जारी की। इसमें शामिल अपराधियों के खिलाफसख्त कार्रवाई की मांग करने के बजाय, पूरे मारवाड़ी समुदाय को इस अपराध के लिए दोषी ठहराया गया। यह ऊपरी असम में गैर-असमिया व्यापारियों के खिलाफ एक बड़े विरोध प्रदर्शन में बदल गया और राज्य के कैबिनेट मंत्री और पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में शिवसागर शहर में समुदाय के प्रतिनिधियों को घुटने टेकने और माफी मांगने के लिए मजबूर करने के साथ समाप्त हुआ। एक और अधिक गंभीर घटना जो हुई वह नगांव जिले में तीन कथित मुस्लिम युवकों द्वारा चौदह वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार की थी। इस घटना के खिलाफ आक्रोश पूर्वी बंगाल (अब बांगलादेश) मूल के मुसलमानों के खिलाफहो गया, जिन्हें अपमानजनक रूप से मिया कहा जाता है। आरएसएस और भाजपा समर्थित कुछ संगठनों ने श्मियाश् समुदाय को धमकाया और उन्हें ऊपरी असम छोड़ने के लिए कहा। मिया समुदाय के निर्माण श्रमिकों की बेरहमी से पिटाई की घटना के बाद, हजारों बंगाली भाषी मुसलमानों को ऊपरी असम के जिलों से भागना पड़ा। मुख्यमंत्री हिमंतविश्व शर्मा ने विधानसभा में कहा कि वह पक्ष लेंगे और मिया मुसलमानों को असम पर कब्जा नहीं करने देंगे।

## मेघनाथ : एक अद्वितीय योद्धा



इक योद्धा ऐसा भी था, जो  
जब भी शस्त्र उठाता था  
उसके आंखों में क्रोध देख,  
सुरपुर तक हिल जाता था

देवता भी जिससे डरते थे,  
जो पशुपतास्त्र का ज्ञाता था  
रण में इन्द्रदेव को जीतकर,  
जो इंद्रजीत कहलाता था

जो युद्धकला में था परमश्रेष्ठ  
मायावी विद्या अनुगामी था,  
सारी अमोघ शक्तियों का,  
वो ही तो केवल स्वामी था

जिसके रण में जाने भर से,  
कोहराम चतुर्दिश छाता था  
जिसके सम्मुख आ जाने से,  
भय स्वयं काल को आता था

जो रण में महाकाल सम था,  
और दिल से पितृभक्त भी था  
कहते हैं, उस पापी लंका में,  
एक.. सच्चा देशभक्त भी था



## राशिफल

**मेषः-** मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। जीवन साथी के स्वास्य का ध्यान रखें।

**बृषभः-** मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में परिश्रम तीव्र होगा।

**मिथुनः-** आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है। प्रणय संबंधों को लेकर मन में चिंता होगी।

**कर्कः-** पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बने और शांत भाव से अच्छे कायरे द्वारा उसकी प्राश्चित भी करें।

**सिंहः-** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। परिवार को सुव्यवस्थित चलाने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

**कन्याः-** मन ढ़ेर सारे पूर्वाग्रहों से प्रभावित होगा। पुरानी बातों को भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें। मन पर नियंतणरख कर्त्तव्यनिष्ठ बने। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव।

**तुलाः-** आज सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिकः-** आज परिजनों के सुख-दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा।

**धनुः-** निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक कष्टों को भूल वर्तमान को बेहतर बनायें। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

**मकरः-** मन सुंदर विचारो से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कायरें की ओर मन केंद्रित होगा। नये कायरें में संलग्नता से लाभ संभव। आलस्य का त्याग करें।

**कुंभः-** अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**मीनः-** किसी अचल सम्पत्ति को लेने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। धनागम की नयी युक्तियों पर मन केंद्रित होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

# एजी नूरानी,एक उद्भट विद्वान की विदाई

**अरुण कुमार त्रिपाठी**




**पांच सौ पृष्ठों और 25 अध्यायों वाली इस पुस्तक के अंत में तकरीबन सौ पृष्ठों का परिशिष्ट है। संदर्भ सूची में हिंदू राष्ट्रवाद से संबंधित तब तक प्रकाशित शायद की कोई पुस्तक छूटी हो। आरएसएस रूअ मिनेस टू इंडिया समेत उनकी करीब दो दर्जन पुस्तकें हैं। निश्चित तौर पर इन पुस्तकों में बहुत सारे तथ्य और विचारों का दोहराव हुआ होगा, लेकिन एक बात साफहै कि बांबे हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक जमकर वकालत करने वाले एजी नूरानी का इतना अनथक, तथ्यपूर्ण और शोधपरक लेखन इस बात का प्रमाण है कि वे लोकतंत्र और भारत के विचार के प्रति गहरा प्रेम रखते थे और वकालत और लेखन दोनों माध्यमों से अपनी अधिकतम भूमिका निभाने को तत्पर रहते थे। कोई कह सकता है कि वे इतना लंबा जिए, इसीलिए इतना लिख पाए। आरएसएस रूअ मिनेस टू इंडिया का पहला अध्याय कहता है कि निस्संदेह आरएसएस आज भारत का सर्वाधिक शक्तिशाली संगठन है। उसके पास अपनी निजी सेना है, जो बिना कोई सवाल पूछे अपने नेता के आदेश का पालन करती है।**

नूरानी ने आपातकाल के दौरान जेल से संघ के नेताओं द्वारा इंदिरा गांधी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एसबी चव्हाण और विनोबा भावे को लिखे गए पत्रों का विस्तार से जिक्र किया है। छह महीने में दस पत्र लिखे गए और सारी कोशिश संघ से पाबंदी हटवाने और संघ के नेताओं को रिहा कराने की थी। इस बात से जेपी भी असहज होने लगे थे। पूना से प्रकाशित संघ का पत्र तरुण भारत लगातार संजय गांधी की प्रशंसा कर रहा था और उनकी चिंता यह थी कि श्बीस सूत्री कार्यक्रम लागू करने के लिए वे संघ जैसे संगठन का उपयोग क्यों नहीं कर रहे हैं। अब्दुल गफ्फूर अब्दुल मजीद नूरानी (1930-2024) ने जाते-जाते देश को यह संदेश दे दिया था कि श्राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) भारत के लिए खतरा है। आरएसएस रूअ मिनेस टू इंडिया उनकी आखिरी महत्त्वपूर्ण पुस्तक थी। लंबे 93 साल गुजारकर पिछले गुरुवार (29 अगस्त) को उन्होंने हमसे सदा के लिए विदा ली। चार साल पहले यानी जब वे 89 साल के थे तब उनका यह आखिरी महत्त्वपूर्ण कार्य लेफ्टवर्ड बुक्स ने प्रकाशित किया था। वैसे तो उन्होंने विपुल लेखन किया है और इतिहास और तात्कालिक संवैधानिक सवालों पर उनकी कम-से-कम 15 महत्वपूर्ण पुस्तकें हैं, लेकिन जो पुस्तक भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है और जिसकी उपेक्षा भारतीय पाठकों और नागरिकों को महंगी पड़ सकती है वह यही पुस्तक है। पांच सौ पृष्ठों और 25 अध्यायों वाली इस पुस्तक के अंत में तकरीबन सौ पृष्ठों का परिशिष्ट है। संदर्भ सूची में हिंदू राष्ट्रवाद से संबंधित तब तक प्रकाशित शायद की कोई पुस्तक छूटी हो। आरएसएस रूअ मिनेस टू इंडिया समेत उनकी करीब दो दर्जन पुस्तकें हैं। निश्चित तौर पर इन पुस्तकों में बहुत सारे तथ्य और विचारों का दोहराव हुआ होगा, लेकिन एक बात साफहै कि बांबे हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक जमकर वकालत करने वाले एजी नूरानी का इतना अनथक, तथ्यपूर्ण और शोधपरक लेखन इस बात का प्रमाण है कि वे लोकतंत्र और भारत के विचार के प्रति गहरा प्रेम रखते थे और वकालत और लेखन दोनों माध्यमों से अपनी अधिकतम भूमिका निभाने को तत्पर रहते थे। कोई कह सकता है कि वे इतना लंबा जिए, इसीलिए इतना लिख पाए। आरएसएस रूअ मिनेस टू इंडिया का पहला अध्याय कहता है कि निस्संदेह आरएसएस आज भारत का सर्वाधिक शक्तिशाली संगठन है। उसके पास अपनी निजी सेना है, जो बिना कोई सवाल पूछे अपने नेता के आदेश का पालन करती है और उनका नेता फ्यूहरर के सिद्धांत पर फासीवादी ढर्रे पर काम करता है। पुस्तक कहती है कि आरएसएस भारत के अतीत से युद्धरत है। वह भारत के तीन महान निर्माताओं को बौना करने में लगा रहता है रू अशोक, जो कि बौद्ध थे, अकबर, जो कि मुस्लिम थे और नेहरू, जो कि एक सभ्य और प्रबुद्ध हिंदू थे। वह भारत की सदियों में हासिल की गई उन उपलब्धियों को धो देना चाहता है जिनके लिए दुनिया भारत की सराहना करती है और उसकी जगह पर अपनी संकीर्ण विचारधारा कायम कर देना चाहता है।

आरएसएस देश के लिए कैसे खतरा पैदा कर सकता है इस बारे में उन्होंने पुस्तक की भूमिका में पंडित जवाहर लाल नेहरू का एक किस्सा सुनाया है। येजदी गुंडेविया भारत के विदेश सचिव थे और वे हर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नेहरू के साथ अपने अधिकारियों की एक बैठक आयोजित करते थे। उस बैठक में पंडित नेहरू से अफसर सवाल करते थे। एक दिन किसी ने कोई सवाल नहीं किया तो विदेश सचिव महोदय ने स्वयं अपनी शंका सामने रखी। बातचीत के क्रम में उन्होंने कहा कि सर, अभी तो कांग्रेस सत्ता में है और वही बार-बार आती जा रही है। वह जो नीतियां बनाती है उसे हम अफसर लागू करते हैं, लेकिन अगर कल को कम्युनिस्ट सत्ता में आ गए तो क्या होगा? नेहरू ने थोड़ी देर सोचा और फिर बोले-कम्युनिस्ट, कम्युनिस्ट, कम्युनिस्ट! आखिर ऐसा क्या है जो कम्युनिस्ट कर सकते हैं और हम नहीं कर सकते और ऐसा क्या है जो हमने किया नहीं है? आप ऐसा क्यों सोचते हैं कि कम्युनिस्ट इस देश में केंद्र में सत्ता में आएंगे? उसके बाद नेहरू कुछ समय खामोश रहे और फिर धीरे से कहा, ध्यान रखिए भारत के लिए खतरा साम्यवाद नहीं है। वास्तव में खतरा दक्षिणपंथी सांप्रदायिकता से है। नेहरू के इस मसीहाई कथन का उल्लेख करते हुए नूरानी लिखते हैं, उसके बाद से जहर काफी फैल चुका है, लेकिन जो शक्तियां इस जहर को फैला रही हैं वे अजेय नहीं हैं। वे हराई जा सकती हैं, अगर उनका विरोध करने वाली ताकतें तैयार हों और हर स्तर पर चुनौती का मुकाबला करने लिए सुसज्जित रहें।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# धूमधाम से मनाया गया हरितालिका तीज व्रत

- महिलाओं ने सोलह श्रंगार कर सुनीं व्रत कथा

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जिले में बड़े धूमधाम से मनाया गया हरितालिका तीज व्रत वही सुहागन महिलाओं के द्वारा अपने पति की दीर्घायु की कामना का व्रत पर्व हरितालिका तीज शुक्रवार को कस्बा सहित पूरे जिले में आस्था श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया. इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने पूरे दिन निर्जला व निराहार रहकर हरितालिका तीज का व्रत रखा और शुभ मुहूर्त की बेला में भगवान शिव की पूजा अर्चना की. साथ ही भगवान भोले भंडारी से अखंड सौभाग्य व सुखमय वैवाहिक जीवन का वरदान मांगा. ज्योतिषशास्त्री पंडित ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरितालिका तीज का व्रत किया जाता है. इस दिन सुहागिनी अपने पति की दीर्घायु की कामना को लेकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना करती है. उन्होंने बताया कि इस व्रत को सबसे पहले माता पार्वती ने भगवान शंकर को पति के रूप में पाने के लिए किया था ।



**शिव-पार्वती के पुनर्मिलन का व्रत है तीज**
पंडित ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि यह व्रत भगवान शिव और माता पार्वती के पुनर्मिलन के उपलक्ष्य में भी व्रत रखा जाता है. इससे दंपती के जीवन में सुख-शांति आती है। शिव-पार्वती की पूजा से सांसारिक ताप भी दूर होते हैं. ऐसी मान्यता है कि इस व्रत को करने से मां पार्वती प्रसन्न होकर पतियों को दीर्घायु होने का आशीर्वाद देती है ।

इधर, शुक्रवार को हरितालिका तीज पर अहले सुबह से ही महिलाओं ने पूरे दिन निर्जला व्रत रखा और तालाब, सरोवरों में स्नान कर सामूहिक रूप से शिव-पार्वती की कथा सुनी. इसको लेकर नदी, पोखरा, तालाब पोखरा सहित अन्य घाटों पर काफी संख्या में महिलाओं की भीड़ जुटी रही. इस दौरान महिलाएं सोलह श्रृंगार कर भगवान शिव और माता पार्वती की कथा को सुना और अपने पति की दीर्घायु होने की कामना की. इसके बाद अर्घ देकर महिलाओं व युवतियों ने पंडितों व पुजारियों को दान-पुण्य किया।

शहर के विभिन्न मंदिरों व घरों में भी शंख ध्वनि व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महिलाओं द्वारा निर्जला व्रत रख कर भगवान शिव व पार्वती को विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गयी. इससे एक दिन पूर्व महिलाओं ने गुरुवार को घर की साफ-सफाई व स्नान कर शुद्ध व सात्विक पकवान बनाया. गौरतलब है कि तीज पर्व को लेकर घरों में गुझिया,जैसे कई मीठे पकवान भी बनाये जाते हैं।

## आयुक्त चित्रकूट धाम मण्डल की अध्यक्षता में 01 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी मंडलीय पेंशन अदालत

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि आयुक्त चित्रकूट धाम मण्डल, बांदा की अध्यक्षता में दिनांक 01 अक्टूबर 2024 को पूर्वाहन 11:00 बजे आयुक्त कार्यालय, में मण्डलीय पेंशन अदालत एवं सेवा निवृत्त अध्यापक / कर्मचारियों के लम्बित देयकों के सम्बन्ध में पूर्व की भांति आयोजित की जायेगी। पेंशन अदालत से सम्बन्धित वाद पत्र/प्रत्यावेदन निर्धारित प्रारूप पर तीन प्रतियों तथा जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती पत्र दो प्रतियों में कार्यालय अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन चित्रकूट धाम मण्डल, बांदा में पंजीकृत डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से दिनांक 17 सितंबर 2024 के सांय 04:00 बजे तक प्राप्त कराये जा सकते हैं। पेंशन अदालत से सम्बन्धित वाद पत्र तथा जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती पत्र की एक प्रति कर्मचारी अपने मूल कार्यालय को प्राप्त करायेगें।

# जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

तहसील कुलपहाड़ में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।इसमें जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, मुख्य विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना गया।इस मौके पर तहसील कुलपहाड़ से कुल 76 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 06 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।इसी प्रकार तहसील चरखारी में अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश की अध्यक्षता में 21 में से 02 तथा तहसील महोबा में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहम्मद मोईनुल इस्लाम की अध्यक्षता में 77 में से 05 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया।



शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए।उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए।शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा।यह भी कहा कि अधिकारी गण आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है। अतः शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े।उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जी वाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों/ कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएँ तब दिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं।

## खबरें एक नजर में

### सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा युवा मोर्चा की आयोजित हुई जिला कार्यशाला



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा युवा मोर्चा की जिला कार्यशाला संपन्न हुई, जिसमे क्षेत्र से जिला प्रवासी दिव्यांशु सिसोदिया का आगमन हुआ, मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता रहे । जिला प्रवासी दिव्यांशु ने कहा कि प्रत्येक मंडल को 2000 का लक्ष्य सभी जिला पदाधिकारी को 200 का लक्ष्य तय किया जाए व साथ में 11 सितम्बर से 17 सितम्बर तक भाजपा के साथ बूथ पर घर घर जा कर सदस्य बनाएंगे, 13अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक कॉलेज कोचिंग सेंटर जिम छात्रावास, खेल मैदान व ही 11अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक कैंम्प लगाकर सदस्यता करेंगे, 21अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक की वोटर्स युवा व्यापारी, युवा खिलाड़ी युवा, किसान युवा डॉक्टर व प्रभाव साली युवा को सदस्यता ग्रहण करवानी है जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने युवा मोर्चा को पूरी ताकत के साथ युवाओं से संपर्क करके उन्हें भारतीय जनता पार्टी से जोड़ने का आवाहन किया अध्यक्षता संदीप तिवारी व संचालन जिला महामंत्री जितेंद्र राजपूत ने किया प्रवेंद्र रघुवंशी सहित सभी जिला पदाधिकारी सभी मंडल अध्यक्ष मण्डल महामंत्री उपस्थिति रहे हैं ।

### अन्ना पशुओ से टकराने के बाद बाइक सवार युवक की मौत, दो घायल

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** दोस्त के जन्म पर राठ आ रहे बाइक सवार तीन युवक सड़क पर खड़े मवेशी से टकरा गए। इस हादसे में बाइक चालक की मौत हो गई। जबकि बाइक के पीछे बैठे दो युवक घायल हो गए। मुस्करा थाने के बसवारी गांव निवासी करन ने बताया कि उसका छोटा भाई 21 वर्षीय अमन पुत्र गयादीन गांव के प्रदीपए वीरेंद्र के साथ शुक्रवार की रात करीब आठ बजे बाइक से राठ दोस्त के जन्मदिन पर जा रहे थे। तभी हमीरपुर रोड मुस्करा के पास सड़क पर खड़े मवेशी से सीधे टकरा गए। इस हादसे में बाइक तीनों युवक घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने अमन को मृत घोषित कर दिया। जबकि प्रदीप का हाथ फैक्चर हो गया और वीरेंद्र को मामूली चोटें आईं हैं। मृतक के भाई करन ने बताया कि उसके पिता के पास 12 बीघा जमीन है। खेती कर वह परिवार का भरण.पोषण करते हैं। बताया कि उसका छोटा भाई अमन पुलिस की तैयारी कर रहा है। अभी वह पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर भी देकर आया था। पुत्र की मौत पर मां कुसमा रानी का रो रोकर बुरा हाल है।



### कबरई पुलिस ने अवैध देशी शराब के साथ एक अभियुक्त पकड़ा

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक प्रवृत्ति के अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग एवं गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक कुमार दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई नागेन्द्र कुमार नागर द्वारा गठित की गई उप निरीक्षक श्रीप्रकाश सिंह परिहार मय हमराह नरेन्द्र बाबू के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 01 अभियुक्त शिववरन पुत्र प्रह्लाद खंगार उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम परसहा थाना कबरई जनपद महोबा को चन्द्रावल नदी पुल बहद ग्राम सुरहा थाना कबरई जनपद महोबा से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से एक प्लास्टिक की बोरी से 23 क्वार्टर देशी शराब झूम ब्राण्ड नाजायज बरामद हुई । बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना कबरई में मु0अ0सं0 244/2024 धारा 60 आबकारी अधि0 का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सम्पादित की गई ।


### किसानों ने फसल हाथों में लेकर तहसील में किया प्रदर्शन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** दैवीय आपदाओं के शिकार बुन्देलखण्ड के महोबा जिले के दर्जनों किसानों ने प्राकृतिक आपदा के बाद बीमा कम्पनी की आपदा से परेशान होकर सदर तहसील में खराब फसल हाथों में लेकर प्रदर्शन करते हुए खरीफ की फसल का प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत मध्यवर्ती सर्वे कराने की गुहार लगाई है। दरअसल मामला सदर तहसील परिसर का है जहाँ तहसील क्षेत्र के अलग-अलग गाँवों के दर्जनों किसानों ने जय जवान जय किसान एसोसिएशन के बैनर तले इकट्ठा होकर हाथों में खरीफ की खराब फसल लेकर प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत खरीफ की फसलों का मध्यवर्ती सर्वे कराए जाने की मांग उठाई है प्रदर्शनकारी किसानों ने संपूर्ण समाधान दिवस में दिए पत्र में बताया है कि उर्द की फसल में फलिया नहीं लग रही है लगभग 80 प्रतिशत फसल पीली पड़ गई है जिसमें कोई फलिया नहीं लगी है, बताया कि 20 प्रतिशत उर्द के पौधे में 2 से 6 फलियां लगी हैं,इस प्रकार से उत्पादन में लगभग 90 प्रतिशत कमी आने की संभावना किसानों ने जताई है। बताया कि शासनादेश संख्या 57/2023/1035/(2) 476477/12-02-2023/60/(3) 2016 दिनांक-15/07-2023 की लगभग बिंदु 2.1.3. के प्रावधानों में साफ तौर पर अंकित है कि फसल की बुवाई से एक माह बाद से फसल कटाई के 15 दिन पहले तक प्रतिकूल मौसमीय स्थितियों के कारण फसल की संभावित उपज में 50 प्रतिशत से अधिक की क्षति की स्थिति में तत्कालित सहायता देय है। जनपद में उर्द फसल की कटाई 25 सितंबर से प्रारंभ होने की संभावना है जनपद के ग्रामों में उर्द फसल का मध्यवर्ती सर्वे बीमा कंपनी इफको टोकियो से कराकर किसानों को मुआवजा दिलाया जाए। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# एचआईवी पर खुलकर बात करना युवाओं के हित में जरूरी कदम : जिलाध्यक्ष

**चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज।**

नेशनल एड्स कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन लखनऊ द्वारा संचालित प्रोजेक्ट के अंतर्गत आशा ग्रामोथान संस्थान महोबा द्वारा आज काशी प्रसाद इंटर कॉलेज खरेला में आयोजित एचआईवी जागरूकता कार्यक्रम के तहत एक विशेष जागरूकता कैंप आयोजित किया गया। इस कैंप का मुख्य विषय 4 की बात – कदम समझदारी का, वादा जिम्मेदारी का था जो युवाओं में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने और उन्हें सही जानकारी देने पर आधारित था।
कार्यक्रम में कॉलेज की छात्राओं और स्टाफ ने सक्रिय भागीदारी की। प्रधानाचार्य डॉ. अशोक कुमार सिंह ने इस आयोजन में विशेष योगदान दिया। इस अवसर पर जनपद महोबा के शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सलीम मंसूरी ने ऐसे मुद्दों पर खुलकर चर्चा करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। राजेंद्र सिंह, पीडी



टीआईपी, महोबा ने संक्रमण के प्रति जागरूक रहकर बचाव की जानकारी दी और कॉलेज स्टाफ, उपस्थित अतिथियों और छात्रों का धन्यवाद दिया तथा लोगों को सुरक्षा के लिए उपाय बताएं और जागरूक बनने पर ज़ोर दिया। कैंप में आशा संस्थान की काउंसलर परवीन, ओआरडब्ल्यू अंजना, और ओआरडब्ल्यू सोनम चौरसिया ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।
कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूक बनाना और उनकी जिम्मेदारियों को समझने में सहायता करना था, ताकि वे समझदारी से कदम उठाकर सुरक्षित रहें।

# बुंदेली भाषा व संस्कृति को बनाया जाए जन जन का हिस्सा

- बुंदेली आइडल की उपविजेता व आगडदम बागड़दम फेम कविता शर्मा का नगर में हुआ भव्य सम्मान

**कुलपहाड़ (महोबा), समृद्धि न्यूज।**

बुंदेली गायन की युवा सनसनी लोकगायिका कविता शर्मा का शनिवार को नगर में एक भव्य कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कविता ने अपने सुरीले कंठ से जब लोकगीतों की प्रस्तुति दी तो सभागार तालियों की गडगडाहट से गूंज उठा।
बुंदेली बौछार द्वारा भोपाल में आयोजित बुंदेली समागम में बुंदेली आइडल में उपविजेता रहीं छतरपुर की लोकगायिका कविता शर्मा को पीताम्बरा पैलेस में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार व शिक्षाविद राकेश कुमार अग्रवाल ने बुंदेली भाषा के साथ यहां की कला , संस्कृति व खानपान को भी सभी से अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आमंत्रण व निमंत्रण पत्रों को बुंदेली भाषा में छपवाया जाए। जब भी कहीं पर कोई भोज का आयोजन हो तो बुंदेली व्यंजनों को जरूर पकवानों में शामिल किया जाए। बुंदेलखंड एकीकृत संगठन के अध्यक्ष संदीप पांडे ने बुंदेली को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए सभी को आगे आने का आह्वान किया।



इस अवसर पर लोकगायिका कविता शर्मा ने अपने हिट लोकगीत दोना अपने संगे काए नईं ल्याए की प्रस्तुति से सभी को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। गौरतलब है कि कविता शर्मा अपने लोकगीत से बुंदेलखंड की युवा सनसनी बन गई हैं। उनकी लोकप्रियता का आलम यह है कि सोशल मीडिया पर उनके बुंदेली गाने को पिछले तीन दिनों में सर्वाधिक देखा और सुना गया है। छतरपुर की मूल निवासी एवं भोपाल में वर्तमान में निवास कर रही कविता शर्मा को बचपन से गायकी का शौक रहा है। उन्होंने बुंदेलखंडी जो उनकी मातृभाषा है इस क्षेत्र में आगे बढ़ना शुरू किया है कार्यक्रम में उन्होंने अपने कई लोकप्रिय गाने सुनाए जिसे उपस्थित लोगों ने आनंद लिया। कार्यक्रम में बुंदेली भाषा को आगे बढ़ाने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम भरत त्रिपाठी, संदीप पांडे, आनंद यादव, बृजेंद्र द्विवेदी, सुनील नहर विजय साहू, मानवेन्द्र सिंह, राहुल अग्रवाल, शोभित सोनी, डा. भुवनेन्द्र द्विवेदी, राकेश भट्ट सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# अर्जुन सहायक परियोजना का हाल बेहाल

- नहर में पानी छोड़ना तो दूर बरसात के पानी से ही नहर हुई ध्वस्त
- गुणवत्ता की पोल खुलने के भय से आनन फानन करायी नहर की मरम्मत,जिले के किसानों में व्याप्त होती जा रही है निराशा,नहर संचालन की हिम्मत नही जुटा पा रहे है विभागीय अभियंता

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

करोड़ो रुपये की लागत से बनायी गयी अर्जुन सहायक परियोजना की नहर में पानी तो छोड़ा नही गया मगर बरसात के पानी से ही मौदहा क्षेत्र के गुसियारी गांव के पास नहर की पटरी ध्वस्त हो गयी, नहर फटने से विभाग एक दम भौचक्का हो गया है। जानकारी होने पर बिभागीय अभियंताओं ने आनन फानन नहर की पटरी को मरम्मत करा दी है। उधर फिर से नहर की गुणवत्ता का आकलन किया जा रहा है।
जानकारी के मुताबिक करोडो की लागत से बनी अर्जुन सहायक परियोजना की नहर जिसमे हमीरपुर जिले के राठ व मौदहा क्षेत्र के 26 किलोमीटर कमांड एरिया की सिचाई होनी है कई साल से नहर संचालन की योजना बनायी जा रही है मगर सफल नही हो पा रही है। कभी रेलवे अंडर पास का बहाना तो कभी बजट का बहाना बनाकर मामले मे टाल मटोल हो रहा है सिचाई विभाग के विशेष सचिव व अधीक्षण अभियंता पिछले दिनो आकर विभागीय इंजीनियरों पर नाराजगी जाहिर की थी मगर उसका कोई असर नही हो रहा है। बताया जाता है कि पिछले दिनो विभाग ने नहर मे पानी छोड़ने के लिये योजना बनायी थी कि जमकर बारिश होने के कारण बरसात के पानी से ही नहर करीब तीन किलोमीटर फट गयी जिससे सभी लोग भौचक्के रह गये यही नही विभागीय अभियंताओं को एक हफ्ते बाद जानकारी हो पायी कि नहर बरसात के पानी से कई जगह टूट गयी है नहर की जो पटरी बनायी गयी थी उसमे गुणवत्ता में प्रश्नचिंह लग गया। मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को न हो इस पर पर्दा डालने के लिये नहर को आनन फानन फिर से मरम्मत करा दिया गया है। इधर विभाग उधेड़बून में फंसा है कि पानी छोडे जाने के बाद कही नहर की पटरी धोखा न दे जाये कही अभियंताओं की गुणवत्ता की पोल न खुल जाये इसलिये नहर को एक मर्तवा फिर से जांच करायी जा रही है।

### लापरवाही से नाली व कुलावों का टेंडर अटका

सिचाई विभाग की लापरवाही के चलते राठ व हमीरपुर क्षेत्र में नहर में नाली कुलावे बनाये जाने के लिये कई महीने पहले लाखो रुपये बजट आ गया था मगर भूमि एवं जल संसाधान इकाई राठ व हमीरपुर को शासन टेंडर का अनुमोदन नहर में पानी न आने के कारण नही दे रहा है जिससे कुलावे व नहर का काम भी पीछे होता जा रहा है। अभियंताओं का कहना है कि दो दिन पहले शासन ने इस मामले की बैठक ली थी मगर समीक्षा के बाद कहा गया कि जब नहर में पानी नही आयोगा तो कुलावे व नहर का कोई औचित्य नही है। इधर जब नहर संचालित हो जायेगी तभी नाली व कुलावों का निर्माण संभव हो पायेगा।

### विषखोपर के छेद से फट गयी थी नहर : एक्शियन

अर्जुन सहायक परियोजा के नोडल व सिचाई विभाग कर्वी अधिशासी अभियंयता एसके सिंह का कहना है कि नहर निर्माण करने के बाद तमाम कीड़े मकोड़े विषखोपर आदि छेद कर देते है जिससे नहर की पटरिया कमजोर हो जाती है इसलिये नहर फट गयी थी उसकी मरम्मत कराने के बाद पटरी की गुण वत्ता की समीक्षा की जा रही है। काम में यह सब चलता रहता है।उन्होने एक मर्तवा फिर दावा किया है कि नहर एक दो महीने के अन्दर चालू कर दी जायेगी पूरा विभाग इस प्रयास मे लगा हुआ है। रोजाना नहर के बारे में ही सोचा जा रहा है।

# तहसील कुलपहाड़ में 76 शिकायतों में 6 शिकयतों का हुआ मौके पर निस्तारण

**कुलपहाड़ (महोबा) , समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों की 76 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिनमें 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने निर्देश देते कहा कि जो भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं, उन्हें हर हाल में एक सप्ताह के अंदर निस्तारण कर दिया जाए, इसमें हीलाहवाली बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने गंभीर शिकायतों को संज्ञान में लेकर तुरंत सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर निस्तारण करने के लिए भेजा। शिकायतकर्ता अमान सिंह लोधी कुलपहाड़ ने भूमि पर जबरन कब्जा करने की शिकायत दी। रमेश चंद्र बगवार ग्राम काशीपुर ने ग्राम पंचायत काशीपुर में वर्ष 2002/03 में शिक्षामित्र चयन में हुए व्यापक फज़ी बाड़े की शिकायत दर्ज कराई। भारत सिंह गड़ौरा मौजा के गाटा संख्या 201 में भरे पानी को निकालने हेतु नाली बनवाने की मांग की। बलराम सिंह कुलपहाड़ ने विधुत बिल ठीक कराए जाने की मांग की। पूर्व प्रधान गुमान सिंह, सुनीता, शिवप्रसाद, जगत देवी, महेंद्र सिंह, राकेश, सुम्मेर सिंह आदि कुलपहाड़ ग्रामीण के किसानों ने 2/3/24 को हुई ओलावृष्टि से क्षति बीमा राशि खाते में भेजे जाने की मांग की। अजय कुलपहाड़ ने बैंक खाते में किसान सम्मान निधि का पैसा भेजे जाने की मांग की। तहसील कुलपहाड़ बार संघ ने तहसील प्रांगण के चारों ओर खड़ंजा बिछ्वाए जाने की मांग की। इस अवसर पर सीडीओ महोबा, एसडीएम अनुराग प्रसाद, क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार, तहसीलदार दिवाकर मिश्र, सीएमओ महोबा, नायब तहसीलदार पंकज गौतम, नायब तहसीलदार अभिषेक मिश्रा, जिला पूर्ति अधिकारी राजीव तिवारी, एक्शियन विधुत महोबा, एसडीओ विधुत प्रदीप कुमार, ईओ प्रवेंद्र कुमार, वन क्षेत्राधिकारी अजनर छेदालाल सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# आरोपियों को दो दिन के अन्दर गिरफ्तारी की मांग

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

कांसगंज में महिला अधिवक्ता की हत्या करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी न होने पर अधिवक्ता संघ ने समाधान दिवस में एडीएम को ज्ञापन सौंपा है। अधिवक्ताओं ने 48 घंटे में आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की है।
अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हरीशंकर रावत ने बताया कि कांसगंज में चार सितंबर को महिला अधिवक्ता मोहिनी सिंह तोमर की बेहरमी से हत्या कर दी थी। अभियुक्तों की अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।
बताया कि लखीमपुर.खीरी के अधिवक्ता इस्तियाक उल्ला खां उनके पुत्रों पर घर में घुसकर प्राण घातक हमला किया। बताया कि पूरे प्रदेश में अधिवक्ताओं पर हमले हो रहे हैं। अधिवक्ता सुरक्षित नहीं है।





अधिवक्ता संघ ने महिला अधिवक्ता के हत्यारोपी की 48 घंटे में गिरफ्तारीए एक करोड़ की आर्थिक सहायताए लखीमपुर.खीरी में अधिवक्ता के घर में घमला करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारीए मृतक महिला अधिवक्ता के एक सदस्य को सरकारी नौकरीए प्रदेश में शीघ्र एडवोकेट प्रोटेक्शन विधि एक्ट से स्वीकृत कराया जाए।
इस मौके पर महामंत्री मुन्ना लाल सोनीए रुपेंद्र तिवारीए सुधीर शुक्लाए नरेंद्र पाल सहित दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।

# हत्या कर शव खेत में फेंकने के आरोप लगा कार्रवाई की मांग

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** जिले में बीते दिनों खेत में मिले युवक के शव के मामले में नया मोड़ सामने आया है । दर्जनों ग्रामीणों के साथ सदर तहसील पहुँचे पीड़ित परिजनों ने युवक के दोस्तों पर ही शराब पिलाकर हत्या करने के बाद उसका शव खेत में फेंकने का आरोप लगा है।पीड़ित परिवार ने स्थानीय पुलिस पर शिकायत के बाबजूद कार्रवाई न करने का आरोप लगा तहसील दिवस में शिकायती पत्र देकर मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग उठाई है। दरअसल मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के करहरा कला गांव स्थित बरम देव बाबा आश्रम के पास का है जहां आश्रम के पास स्थित खेत में बीते दिनों मिले करहरा कला गांव के रहने शंकर के शव के मामले में न्याय मोड़ सामने आया है। मृतक शंकर के पिता गनपत अहिरवार पुत्र रामचरण ने तहसील दिवस में दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि गांव के ही रहने वाले मृतक पुत्र के ही दोस्तों द्वारा शराब पिलाकर उसकी हत्या कर उसका शव खेत में फेंक दिया गया। पीड़ित परिजनों ने दर्जनों ग्रामीणों के साथ सदर तहसील पहुंचकर प्रदर्शन किया और एसपी को संबोधित शिकायती पत्र तहसील दिवसाधिकारी को सौंप कर मामले की निष्पक्ष जांच करा दोषियों के खिलाफ कई कार्रवाई करने की मांग उठाई है। पीड़ित परिवार ने स्थानीय पुलिस पर नामजद शिकायत के बावजूद भी कार्रवाई न करने का गंभीर आरोप लगाया है।

### दबंग ने महिला को गोली मारकर की हत्या, पुत्र जख्मी

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के जरिया गांव में प्रमोद अनुरागी व आनंद अनुरागी के मध्य घर को लेकर विवाद चल रहा है। प्रमोद का लड़का शुक्रवार को देर रात घर में पढाई कर रहा था तभी आनंद का दबंग पुत्र अमित घर में घुसकर मनीष के ऊपर अवैध तमंचे से फायर कर दिया जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया मनीष को बचाने के लिये उसकी मां गायत्री(40) दौड़ी तभी अमित ने महिला पर तमंचा सटाकर कनपटी में फायर झोक दिया जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी। घायल मनीष को पुलिस ने आनन फानन सीएचसी सरीला ले गये जहां डाक्टरो ने कानपुर रिफर कर दिया है।पुलिस के अनुसार मनीष व अमित में मकान कब्जेदारी को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था जिस पर अमित ने मनीष को कई मर्तवा जान से मारने की धमकी दे चुका था. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है, घायल मनीष ने अमित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर पूछताछ शुरु कर दी है।

# पर्वों पर निकाले जाने वाले जुलूसों की होगी वीडियोग्राफी

**पनवाड़ी, समृद्धि न्यूज।**

प्रशासन ने गणेश विसर्जन यात्रा और बारावफात जुलूस के दौरान स्थानीय कोतवाली परिसर में शुक्रवार शाम आयोजित पीस कमेटी बैठक में कोतवाली प्रभारी मनीष कुमार पांडे ने इस आशय की जानकारी दी। बताया कि पर्वों पर निकाले जाने वाले जुलूसों की वीडियोग्राफी होगी। इसके बाद भी शरारती तत्वों द्वारा सद्भाव बिगाड़ने की कोशिश होगी तो प्रशासन ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा।
देश भर में सबसे ज्यादा धूमधाम से मनाया जाने वाला गणेश उत्सव



आगामी सात सितंबर से आरंभ हो रहा है। इस दौरान हिंदू मताबलंबी जगह जगह पंडालों में लंबोदर भगवान की मूर्तियों की प्रतिष्ठा करेंगे। 11 दिन चलने वाले इस त्योहार में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। आखरी दिन जुलूस की शक्ल में विसर्जन यात्रा संपन्न होती है। इसी तरह इस्लाम धर्म के प्रवर्तक हजरत मोहम्मद साहब की जयंती पर मुसलमानों द्वारा दो दिन जूलूस निकाले जाने की परंपरा है। इस वर्ष यह जुलूस संपन्न होंगे। गणेश विसर्जन जुलूस की तारीख भी इसी पर्व के आसपास होने से प्रशासन अलर्ट है।
दोनों ही त्योहारों के दौरान आपसी भाईचारा कायम रहे इसे लेकर शुक्रवार शाम स्थानीय कोतवाली में बैठक आयोजित हुई। जिसमें दोनों समुदायों के लोगों ने हिस्सेदारी कर त्योहारी तैयारियों की जानकारी साझा की।

### एडीएम की अध्यक्षता मे समाधान दिवस संपन्न

**राठ, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुरेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समाधान दिवस में आईं 77 शिकायतों में 12 का निस्तारण हुआ है। समाधान दिवस में चिकासी थाने के बंगरा गांव निवासी रवि कुमार ने गांव के कुछ लोगों द्वारा बिना बजह गाली गलौज व जान माल की धमकी देने की शिकायत की है। वहीं इटायल गांव निवासी कालूराम व गौरीशंकर ने जबरन खेत से निकलनेए धमना गांव निवासी रमेश चंद्र ने प्रधानए सचिवए जेई रोजगार सेवक द्वारा भ्रष्टाचार करने की शिकायत की है। इस मौके पर उपजिलाधिकारी विपिन कुमार शिवहरेए नायब तहसीलदार धनराज पटेल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम की अधयक्षता मे हुए संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व शिकायतों की भरमार

- , सरकारी जमीन कब्जा मुक्त करने का डीएम ने दिया आदेश, 246 शिकायतों में 20 का मौके पर ही किया गया निस्तारण

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व शिकायतों की भरमार रही वहीं सरकारी जमीन पर कब्जे की बड़ी संख्या में आई शिकायतों को लेकर डीएम ने राजस्व विभाग के अधिकारियों की जमकर तत्काल लगाइए और अभियान चलाकर कब्जा मुक्त करने का आदेश दिया, रोस्टर के तहत आज का संपूर्ण समाधान दिवस जिला अधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में होना था निर्धारित समय से करीब डेढ़ घंटा देर से पहुंचे जिला अधिकारी बड़ी संख्या में आए हुए फरियादियों के प्रार्थना पत्र लेकर निर्धारित समय में गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण के आदेश दिए, इसके पहले यूपी जिला अधिकारी यदुवेंद्र सिंह वैष्णव आए हुए फरियादियों की शिकायतें सुनी तहसीलदार लक्ष्मी नारायण भाजपा ने बताया की संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 246 शिकायत है जिसमें राजस्व विभाग से संबंधित 134 इकाई से विकास की 40, पुलिस 39 ,आपूर्ति 10, नगर पालिका 3, बिजली, डीपीआर स्वास्थ्य नल कूप की दो - दो शिकायते आयी बाकी अन्य विभागों से संबंधित है।



# शिकायत का गलत निस्तारण किया तो क्रास चेकिंग में होगी कार्रवाई

जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज

**संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम, एसपी से सुनी समस्यायें**

**संपूर्ण** समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का मौके पर जाकर निस्तारण किया जाए और शिकायतकर्ता को भी अवगत कराएं। शिकायत के नाम पर खानापूर्ति न हो बल्कि शिकायत के आधार पर निष्पक्ष जांच करें। समाधान की रिपोर्ट के आधार पर उसकी उच्च अधिकारियों द्वारा क्रॉस चेकिंग करायी जाएगी और निस्तारण गलत पाए जाने पर जांच अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह बात जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान में कहीं।

तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम राजेश कुमार पांडेय व एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने शिकायतों को सुना। संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की लाइन लगी रही। समाधान दिवस में 52 शिकायतें पंजीकृत हुई। जिसमें 15 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शिकायतें सुनने के बाद डीएम ने अधीनस्थों को सख्त हिदायत दी कि समाधान दिवस में आई प्रत्येक शिकायत को पूरी गंभीरता से लें। जो शिकायत हो उसी के आधार पर जांच करें। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि किसी शिकायत में किसान पुलिया की मांग




कर रहे थे निस्तारण में दो पक्षों का विवाद बताकर निस्तारण कर दिया गया। इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जांच अधिकारी तीन दिन के अंदर शिकायतकर्ता से बात करके उसका समाधान कराएं। जिससे बार बार शिकायतकर्ता को अधिकारियों के चक्कर न काटने पड़े। मोहनपुर कुदारी की महिलाओं ने चार वर्ष से नल खराब होने तथा गंदा पानी पीने के मजबूरी की शिकायत की तो डीएम ने बीडीओ प्रशांत यादव को ग्रामीणों की पेयजल समस्या का तुरंत समाधान का निर्देश दिया। इस मौके पर सीएमओ एसडी शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित, एसडीएम हेमंत पटेल, तहसीलदार एसके मिश्रा, बीडीओ प्रशांत यादव, ईओ सुशील कुमार, जेई आलोक श्रीवास्तव, पूर्ति निरीक्षक अजीत कुमार समेत जिला व तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## चतुर्थी पर धूमधाम से हुई विघ्नहर्ता की पूजा अर्चना

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़

**पावन** पर्व गणेश चतुर्थी पर शनिवार विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश की पूजा धूमधाम से शुरू हुई। लगातार दस दिनों तक श्री गणेश उत्सव मनाया जायेगा। इस दौरान विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश जी का विधिवत पूजन अर्चन किया जाएगा। गणेश चतुर्थी पर सुबह से ही श्रद्धालुओं में एक अलग ही अलग उत्साह देखने को मिला। कस्बा हैदरगढ़ के सब्जी मंडी वार्ड निवासी पूर्व सभासद विपिन साहू द्वारा अपने परिवार के साथ धूमधाम के साथ विधि-विधान के साथ पूजन अर्चन के बाद विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की प्रतिमा अपने घर में स्थापित की गई। इस दौरान गणपति बप्पा मोरिया, मंगल मूर्ति मोरिया जैसे जयकारे भी लगे। बताते चले कि गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी पूर्व सभासद विपिन साहू द्वारा अपने घर पर रिद्धि सिद्धि के दाता भगवान



श्री गणेश की भव्य एवं दिव्य प्रतिमा की स्थापना की गई है। आज गणेश चतुर्थी पर भगवान श्री गणेश के आगमन पर सभी के साथ विधिवत पूजन- अर्चन कर गणेश, गजानन, विनायक, लंबोदर, वक्रतुंड और एकदंत के नाम से पुकारे जाने वाले प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी महराज की प्रतिमा घर में स्थापित की गई। पूर्व सभासद विपिन साहू ने बताया कि गणेश चतुर्थी पर रिद्धि सिद्धि के दाता भगवान श्री गणेश का हमारे घर आगमन हुआ है दस दिनों तक गणेशोत्सव मनाया जायेगा और प्रतिदिन सुबह शाम विघ्नहर्ता श्री गणेश जी विधिवत पूजा की जायेंगी। सभी त्योहारों में गणेश महोत्सव बहुत ही खास होता है। वैसे तो हर महीने की चतुर्थी तिथि को गणेश जी की पूजा की जाती है लेकिन, भाद्रपद मास की गणेश चतुर्थी बहुत ही खास मानी जाती है भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को गणेश चतुर्थी के रूप में मनाते हैं। इस दौरान भगवान श्री गणेश जी की लगातार 10 दिनों तक श्रद्धालुओं द्वारा अपने-अपने घरों में भगवान श्री गणेश की प्रतिमाएं स्थापित कर पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जाती हैं।

## खबरें एक नजर में

### सड़क हादसे में युवक की मौत बहनोई घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** फूफा की मौत के बाद अंतिम संस्कार से वापस लौट रहे साले की जहां ट्रामा सेंटर में मौत हो गई वही बहनोई गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी त्रिवेदीगंज पर घायल का इलाज चल रहा है। कोतवाली हैदरगढ़ के दाउदपुर मजरे रौनी ग्राम निवासी बीनू सिंह पुत्र कमल बहादुर सिंह 42 वर्ष देर रात आपने फूफा का अन्तिम संस्कार उन्नाव के अर्जुनामऊ से करा कर अपने बहनोई विपिन सिंह के साथ वापस लौट रहे थे। लोनीकटरा थाना क्षेत्र के लखनऊ सुल्तानपुर हाइवे के बुढनापुर कट के पास आचनक बाइक गिर गई। जिससे पीछे बैठे विपिन सिंह और बाइक चला रहे बीनू सिंह चोट लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों घायलों को सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुँचाया गया। जहां से गम्भीर घायल बीनू सिंह को लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया जंहा पर डाक्टरो ने बीनू को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की सूचना मिलेने के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### दबंग ने बन्द की सिंचाई की नाली, ग्रामीणों ने एसडीएम से की शिकायत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** विकास खंड त्रिवेदीगंज के ग्राम एतमादपुर मजरे सोनिकपुर गांव में किसानो को सिंचाई हेतु बनी सरकारी नाली को दबंग व्यक्ति द्वारा बंद किए जाने पर आज ग्रामीणों ने तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि बारा रजवहा के कुलाबा नंबर पांच से करीब 60 किसानों को सिंचाई हेतु सरकारी नाली बनी हुई थी जिससे सिंचाई के लिए पानी मिलता रहा है परंतु अलमापुर के रहने वाले शैलेंद्र सिंह पुत्र शिव बहादुर सिंह द्वारा जबरन नाली को तोड़ दिया गया और मिट्टी डालकर नाली पाट दिया गया। जिसके कारण किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों को लिखित रूप से प्रार्थना पत्र भी दिया गया परंतु आज तक कोई कार्यवाही नही हो सकी और ना ही नाली निर्माण कराया जा सका है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से अनिल कुमार सिंह शिवम सिंह कुलदीप साहू सालिकराम लवलेश पंकज मौर्या देवी मौर्य शिवम मिश्रा रमेश बबल साहू आदि शामिल रहे।

### विदेश भेजने के नाम पर करीब दो लाख ठगे, मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी।** विदेश भेजने के नाम पर एक लाख चौरान्वे हजार रूपए लिये गये जिसे किस्तों में वापस करने पर मुकरने की बात को लेकर पुलिस से की गयी शिकायत जैदपुर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मामला कस्बे के दमादनपुरवा का है। जहां के शरीफ पुत्र सत्तार ने जैदपुर से शिकायत करते हुये बताया कि दो वर्ष पूर्व हस्सान उर्फ सोनू पुत्र सलमान ग्राम असौरी थाना कोठी ने प्रार्थी के पुत्र को मलेशिया भेजने हेतु एक लाख चौरान्वे हजार रुपए लिये थे। और फर्जी बीजा दे दिया।जब पीड़ित को फर्जी बीजे की जानकारी हुयी तो पैसा वापस मांगने पर 12000 रूपए महीना वापस करने की बात पर सही नहीं उतरे। उक्त मामले मे जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### तीन लाख के जेवर लेकर युवती फरार

**जैदपुर बाराबंकी।** घर में रखे तीन लाख के जेवर पच्चीस हजार नकदी लेकर निकली एक युवती को बहला फुसलाकर भगा लेजाने का आरोप एक पिता ने थाना जैदपुर में शिकायत करते हुये लगा है । पुलिस द्वारा जांच पड़ताल जारी है। मामला जैदपुर कस्बे के एक मोहल्ले का है। एक पिता ने? थाना जैदपुर में शिकायत करते हुये बताया कि उनकी 23 वर्षीय लड़की मेव अस्पताल गयी थी जो आज तक वापस नहीं आयी है उन्होंने एक युवक व उसके भाई के सहयोग से बहला फुसलाकर भगाने का आरोप लगाते हुये ये भी आरोप लगाया है कि घर में रखे तीन लाख के जेवर व पच्चीस हजार रूपए भी ले गयी है। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

### पांच दिवसीय उपचारात्मक शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**इटावा।** माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षको के क्षमता संवर्धन हेतु पांच दिवसीय समेकित उपचारात्मक शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आज इस्लामिया इंटर कालेज में शुरू हुआ। पांच दिवसीय समेकित उपचारात्मक शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ इस्लामिया इंटर कालेज के प्रधानाचार्य गुफरान अहमद ने मंच पर दीप प्रज्वलित करके किया। मास्टर ट्रेनर गायत्री, अखिलेश चौहान, विकास बाबू, रवि, जगमोहन शुक्ला, आदर्श तिवारी इस्लामिया कालेज में जनपद के अंग्रेजी व गणित के शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे। आज प्रथम दिन मास्टर ट्रेनरों द्वारा जनपद के अंग्रेजी व गणित के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

## पुण्यतिथि पर याद किये गए स्व. राधेश्याम वर्मा व मित्रसेन यादव

बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

**विधानसभा दरियाबाद** के सैदखानपुर चौराहे पर दादा श्याम बिहारी वर्मा के आवास पर पूर्व विधायक स्व0 राधेश्याम वर्मा व पूर्व सांसद फैजाबाद स्व0 मित्रसेन यादव की पुण्यतिथि का कार्यक्रम आयोजित किया गया। बतातें चले कि विगत कई वर्षो से दोनों स्व0नेताओं की पुण्यतिथि का कार्यक्रम उनके सुपुत्र पूर्व प्रमुख दरियाबाद संतोष वर्मा द्वारा आयोजित किया जाता है जिसमें क्षेत्र के हज़ारों लोग सम्मिलित होते हैं। इस बार भी जनपद के लगभग सभी कद्दावर नेता उक्त कार्यक्रम में स्व0नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे। उक्त अवसर पर समस्त नेताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। पूर्व मंत्री



राकेश कुमार वर्मा ने कहा कि राधेश्याम वर्मा जी ने हमेशा समाज के कमज़ोर व दबे कुचले लोगों की सहायता की एवं उनके हक़ व हक़ूक की लड़ाई लड़ी तो वहीं अरविंद सिंह गोप ने उन्हें सच्चा नेता बताते हुए कहा कि वह अपनी स्पष्ट वादिता के लिए ही आज भी जाने जाते हैं। कार्यक्रम का संचालन मा0 प्रेम वर्मा ने किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले लोगों में विधायक जैदपुर गौरव रावत, पूर्व एमएलसी राजेश कुमार यादव, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व सांसद राम सागर रावत,धीरेंद्र वर्मा, सुरेंद्र सिंह वर्मा, रवि वर्मा, प्रेम नारायन शुक्ला, डॉ अलीम, चेयरमैन राम सनेहीघाट डॉ ज्ञान प्रकाश यादव, चौधरी सूफ़ियान, टिंकू सोनी, बाल गोविन्द वर्मा, मिथलेश आचार्य,एम एल साहू,बिन्नू जयसवाल, रामकिशोर वर्मा,राधे यादव, अभय,आशुतोष, अभिषेक यादव, मा0 भिखारीलाल आदि शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन स्व0राधेश्याम वर्मा के सुपुत्र पूर्व प्रमुख दरियाबाद संतोष वर्मा ने कार्यक्रम में आए हुए सभी नेताओं व अन्य लोगों के प्रति आभार प्रकट करते हुए किया। उन्होंने कहा कि आप सभी के सहयोग से ही यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है और इसको निरंतर सफ़लता मिलती रही है, बस ऐसे ही आप सभी का आशीर्वाद हमेशा बना रहे। आप सभी से यही प्रार्थना करता हूं।

### महिला सभासद की नहीं सुनी फरियाद, करेंट लगने से हुई गाय की मौत

**उरई (जालौन)।** नगर के बार्ड नंबर 5 की सभासद अभिलाषा विगत एक वर्ष से जिलाधिकारी से लेकर विद्युत महकमे के अधिकारियों से मोहल्ले की गलियों में जर्जर हो चुकी बंच केबिल को बदलावाने की मांग करती लेकिन उक्त लाइन आज तक नहीं बदली गयी जिसके चलते बीती रात्रि बंच लाइन टूटने से विद्युत पोल में आये करेंट की चपेट में आकर गाय की मौत हो गयी। उक्त संबंध में नगर पालिका परिषद उरई की महिला सभासद अभिलाषा ने बताया कि वह मोहल्ले की कई गलियों में जर्जर हो चुकी बंच केबिल को बदलवाने के लिये जिलाधिकारी को आधा दर्जन बार लिखित अनुरोध कर चुकी है।

## मेंहदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाया हुनर

**बाराबंकी।** ''निमदस'' संस्था द्वारा छात्राओं को स्वावलंबी बनाने हेतु मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन शहर के स्थित नेशनल कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर पर किया गया जिसमें छात्राओं में उत्साह दिखा और अपने-अपने हाथों पर सुंदर मेहंदी रचाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमें आराध्या गुप्ता को प्रथम अपूर्वा शुक्ला को द्वितीय तथा मोनिका वर्मा व चौथा स्थान पूजा गौतम ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम आराध्या गुप्ता, द्वितीय अपूर्वा शुक्ला, तृतीय मोनिका वर्मा, व चौथा पूजा गौमत स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को समाज सेविका उषा यादव ने स्मृति चिन्ह व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेहंदी हमारी संस्कृति का एक अंश है इस अंश को बचाये रखना हम सबका कर्तव्य है। इसी उद्देश्य से इस तरह की प्रतियोगिता संस्था करती है जिससे एक ओर जहां संस्कृति को बढ़ावा मिलता वहीं दूसरी ओर छात्राओं के हुनर का भी मंच मिलता संस्था



छात्राओं को स्वावलंबी बनाने का जो कार्य कर रही है वह बहुत ही सरहनीय है। संस्था के प्रबंध-निदेशक एसके वर्मा ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता समय-समय पर आयोजित की जाती है जिससे छात्राओं में रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभा का विकास होने के साथ-साथ उनमें छिपी प्रतिभाओं को भी निखारा जा सके। और उन्हे अगे बढने का अवसर मिलता रहे। इस प्रतियोगिता में नैशर्ती सोनी, दिव्या, सौम्या, खुशी, दीपिका, आरूषी, आयूषी, आवन्तिका, प्रिया, दिव्यांशी उपस्थित थे।

## सीएसईडीआइ की टीम ने किया तीन दिवसीय अयोध्या भ्रमण

अयोध्या। समृद्धि न्यूज

नगर निगम के स्वच्छता के सापेक्ष किए गए सराहनीय कदम एवं आतंरिक स्वच्छता को बनाए रखने से प्रभावित होकर के सीएसईडीआइ मुंबई से प्रमोद डबरासे निर्देशक एवं पर्यावरण विशेषज्ञ तथा पीयूष चक्रवर्ती विकास संचार एवं मीडिया विशेषज्ञ,फिल्म डॉक्यूमेंट्री निर्देशक द्वारा तीन दिवसीय भ्रमण किया गया।नगर निगम को विश्व स्तर पर स्वच्छता में एक रोल मॉडल बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों एवं भविष्य में इसको निरंतरता बनाए रखनी हेतु क्या क्या संभावनाएं हो सकती हैं,इस पर एक गहन चिंतन एवं शोध किया किया। विशेषज्ञों द्वारा नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा,अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह, बागीश शुक्ला,सहायक नगर आयुक्त गुरु प्रसाद पांडेय,मंडल कार्यक्रम प्रबंधक वैभव पाण्डेय तथा जोनल अधिकारी



स्वच्छ भारत मिशन टीम,नगर निगम में जुड़े संस्थाओं के साथ विस्तार पूर्वक चर्चा हुई तथा क्षेत्र भ्रमण के द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर स्पष्ट रूप से चर्चा की गई।विशेषज्ञ द्वारा अयोध्या भ्रमण के उपरांत विश्वस्तरीय स्वच्छता के दृष्टिगत अपनी आकलन रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी जिससे अयोध्या में स्वच्छता के मानको में वृद्धि के साथ साथ बेहतर बनाने का प्रयास किया जायेगा।

## उपनिबंधक के खिलाफ फूटा अधिवक्ताओं का गुस्सा, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

रामनगर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

**उपनिबन्धक** लोक सेवक के कर्तव्यों को तार तार कर रही है।आम आदमी और अधिवक्ताओं से अभद्रता पूर्ण व्यवहार कर स्वंय को यहां का राजा कह रही है।लोकतान्त्रिक परिवेश में यह गंभीर आरोप तहसील वार एसोशियेसन के पदाधिकारियो ने मुख्यमंत्री आदित्य नाथ योगी के नाम से सम्बोधित पत्र एस डी एम पवन कुमार को सौंपकर लगाये है।अध्यक्ष शिव प्रकाश अवस्थी और महामंत्री सुरेश शास्त्री ने प्रदेश सरकार के मुखिया को भेजें गये अपने पत्र में कहा है कि उपनिबन्धक कादम्बनी त्रिपाठी हिटलर के रुप में कार्य कर रही है।उनके द्वारा अवैद्य रुप से धनराशि लेकर कम स्टाम्प पर बैनामे किये गये है।वकीलों की ओर से प्रस्तुत बैनामो को वापस कर दिया जाता है।वह बैनामा पुनः दलाल के माध्यम से



अधिक रिश्वत वसूल कर कर लिया जाता है। उपनिबन्धक ने अपने कार्यालय को दलालों का अड्डा बना दिया उनका कहना है मुझे मंत्री तक पैसा देना पड़ता है।प्रस्तावित राष्टीय राज मार्ग में पड़ने वाले गाटे प्रतिबंधित होने के बावजूद आपने भारी भरकम धनराशि वसूल कर बैनामा किया है।आपके द्वारा संविदा कर्मियों से अधिवक्ताओं को पकड़ कर चैम्बर से बाहर करने को कहा जाता है महिला होने का गलत फायदा उठा रही है।तहसीलबार के वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने प्रदेश सरकार के मुखिया को पत्र भेजकर तहसील में निवास न करने सहित गंभीर आरोपों की जांच कराया जाना जनहित के मद्देनजर आवश्यक कहा है।

### पाइप लाइन के लिये गड्ढा खोदने को लेकर बहू ने सास को पीटा

**जैदपुर बाराबंकी।** रोड पर पाइप लाइन के गड्ढे को पाटने व खोदने को लेकर बहू ने सांस को मारा पीटा। पीड़ित ने थाना जैदपुर में शिकायत की पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल जारी किया गया। माम जैदपुर थाना क्षेत्र के जयचंद पुर का सरला देवी पत्नी राम सजीवन ने थाना जैदपुर में शिकायत करते हुये बताया कि रास्ते में पाइप लाइन के गड्ढे को पाट दिया था जिसे उसकी बहु शीला खोदने लगी मना करने पर मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी है।

## विद्यार्थियों में सेवाभाव,विश्व बंधुत्व की भावना व अन्य भाव प्रमुखता से होने चाहिए: प्रो. तिवारी

अयोध्या। समृद्धि न्यूज

कामता प्रसाद सुन्दर लाल साकेत स्नातकोत्तर महाविधालय के स्नातक प्रथम सेमेस्टर में नव प्रवेशित छात्र छात्राओं हेतु शासन द्वारा जारी शासनादेश के अनुपालन में दीक्षारंभ कार्यक्रम के दूसरे दिवस का शुभारंभ छात्र छात्राओं के पंजीकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षणों के साथ हुआ।शनिवार को बी.एस-सी गणित तथा बी.सी.ए. प्रथम सेमेस्टर के छात्र छात्राओं का कार्यक्रम जे.पी.एन. सभागार हुआ जिसके प्रभारी प्रो. शिव कुमार तिवारी रहे।श्री तिवारी ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए विभागीय सहयोगियों का परिचय कराया और प्रथम सेमेस्टर के पाठ्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए दीक्षारंभ के महत्व को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास,चरित्र निर्माण का विकास,व्यक्तित्व का विकास,नर सेवा,नारायण सेवा जैसे सेवा भाव




और विश्व बंधुत्व की भावना,विविधता में एकता की खोज,धार्मिक विकास का उद्देश्य, विश्व बंधुत्व को बढ़ावा देना एवं पर्यावरण तंत्र को बनाए रखने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए।आइक्यूएसी प्रभारी प्रो.आशुतोष सिंह ने छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति और सेमेस्टर प्रणाली में परीक्षा संबंधी जानकारी देते हुए कहा कि आप सभी प्रत्येक क्षण जागरूक रहते हुए अपने कर्तव्य पथ पर अग्रसर रहे।

प्रवेश संयोजक प्रो.अनुराग मिश्र ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की चर्चा करते हुए कहा कि अनुसूचित और संयमित दिनचर्या के साथ आप सभी निर्धारित पाठ्यक्रम में अपनी कक्षाओं का अनवरत अध्ययन करते विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समय समय पर परीक्षाओं में अवश्य उपस्थित हो।प्रो.अंजनी कुमार सिंह ने छात्र छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आप अध्ययन के उद्देश्य से महाविद्यालय आए और यहां से प्रतिदिन कुछ न कुछ आवश्यक सीख कर जाएं। मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. प्रणय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि यदि उन्हें जब कभी भी चिन्ता या डिप्रेशन जैसी समस्याएं यदि सता रही हो या ग्रसित हो तो वह मनोविज्ञान विभाग में हमसे संपर्क कर सकते हैं।परीक्षा प्रभारी प्रो.ओ.पी.यादव ने कहा कि प्रत्येक छात्र छात्राओं को महाविद्यालय की वेबसाइट और सूचना पट को सदैव देखते रहे। छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना,रोवर्स रेंजर्स,एन.सी.सी सहित महाविद्यालय में विभिन्न छात्रवृतियों तथा कौशल विकास आदि के संदर्भ में जानकारी दी। प्रो अशोक कुमार मिश्र ने कहा कि आप जो चाहोगे वह प्राप्त कर लेंगे।सत्संग का जीवन में बहुत महत्व होता है।जैसे आपके विचार होंगे उसी तरह की आपकी कार्यशैली होगी।आप पढ़ने के लिए आए हैं यदि आप अपने पर ध्यान देंगे,तो अवश्य अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे।

बी.सी.ए. विभागाध्यक्ष डॉ इंदु प्रताप मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापित किया तथा डॉ अविनाश कुमार तिवारी ने कार्यक्रम का संचालन किया।द्वितीय दिवस के दीक्षारंभ कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ संदीप कुमार वर्मा,डॉ राजेश वर्मा,डॉ गौरव मिश्रा,डॉ अनूप कुमार पांडेय,डॉ सत्येंद्र तिवारी, डॉ राजकुमार गुप्ता,डा सूरज प्रसाद,डॉ अजीत कुमार वर्मा,डॉ वेद मणि,डॉ नरेंद्र,डॉ अमित कुमार मिश्र,डॉ अंकुर शुक्ला,डॉ अनामिका माथुर सहित विभिन्न प्राध्यापक व प्राध्यापिकाएं उपस्थिति रही। यह जानकारी महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी प्रो आशुतोष त्रिपाठी ने दी।

### विहिप के संगठन मंत्री के निधन पर शोक की लहर

**रामनगर बाराबंकी।** समाज सेवी विश्व हिन्दू परिषद के विभाग मंत्री डॉ राजेंद्र प्रसाद दुबे के निधन पर संगठन मंत्री विजय प्रताप प्रांत सह विशेष संपर्क प्रमुख विभव सह प्रांत कार्यालय प्रमुख पूर्व लोकसभा विस्तारक अभय ने उनके आवास पर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की।डा. श्री दुबे के असमय निधन से नगर क्षेत्र में शोक व्याप्त है।प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप ने पीड़ित परिवार को संतावना देते हुये हर संभव मदद किये जाने का आश्वासन दिया।उन्होंने कहा कि श्री दुबे विहिप के अच्छे व सच्चे कार्यकर्ता थे।विपरीत परिस्थितियों में भी कभी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया।डॉ दुबे के आकस्मिक निधन को बहुत ही दुखद घटना करार देते हुए कहा कि उनके निधन से संगठन की अपूर्णीय क्षति हुई है।इसकी भरपाई संभव नहीं है।इस मौके नकुल दुबे भानु दूबे विहिप विभाग संगठन मंत्री इंद्रेश जिला मंत्री राहुल कुमार जिला धर्म प्रसार प्रमुख कृष्णा श्रीवास्तव जिला प्रचार प्रसार प्रमुख सुमित्रा प्रसाद प्रखंड उपाध्यक्ष रमाकांत गोलू तिवारी आदि उपस्थित थे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत नगाराघाट विकास खंड पनवाड़ी (महोबा)**

निर्माण आपूर्ति सामग्री हेतु अल्प कालिक निविदा सूचना

15वां वित्त/राज्य वित्त योजना 2024-25 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 08.09.2024 से 14.09.2024 तक सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं/ प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबंद निविदाएं खोली जायेंगी। निविदा शुल्क -100 रु.

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगाराघाट | नाला निर्माण मान सिंह के मकान से वन विभाग की पुलिया तक | 383000 | 2% | ईंटा, सीमेन्ट,गट्टी, बालू आदि | 60 मी. | 6 माह |

शर्तें:- 1. ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होना चाहिये। 2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा। 3.निविदा दाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा। 4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहत होगा शासकीय टैक्स निमयामनुसार काटा जायेगा।

ग्राम प्रधान

ग्राम पंचायत अधिकारी

ग्राम पंचायत नगाराघाट, विकास खण्ड पनवाड़ी (महोबा)

**सूचना**

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम TARA VATI DEVI दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम TARA WATI है। TARA VATI M/o Army No-3002672N, रैंक हवलदार राजेश आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी 240, सनोली रोड, मलिक पेट्रोल पम्प, वीटीसी पानीपत, पोस्ट पानीपत, जिला पानीपत, हरियाणा, पिन-132103

**सूचना**

मेरे सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरे पुत्र का नाम DAKSH CHOUHAN दर्ज हो गया है। जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम DAKSH CHAUHAN है। राजेश, Army No-3002672N, रैंक हवलदार, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-240, सनोली रोड, मलिक पेट्रोल पम्प, वीटीसी पानीपत, पोस्ट पानीपत, जिला पानीपत, हरियाणा, पिन-132103.

**सूचना**

मेरे सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरे पुत्र का नाम DEV CHOUHAN दर्ज हो गया है। जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम DEV CHAUHAN है। राजेश, Army No-3002672N, रैंक हवलदार आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी 240, सनोली रोड, मलिक पेट्रोल पम्प, वीटीसी पानीपत, पोस्ट पानीपत, जिला पानीपत, हरियाणा, पिन-132103.

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैने अपने पुत्र आकाश कश्यप के गलत चाल चलन के चलते उससे अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल अचल सम्पत्ति बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किये गये कृत्य से मेरा किसी प्रकार कोई सरोकार नहीं होगा, जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **माया उर्फ गुन्जा पत्नी स्व0 किशोर कश्यप निवासी दिल्ली ख्याली कूंचा बलराम नगर वार्ड नं0 42, जिला फर्रुखाबाद।**

# शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का करें प्रचार- प्रसार: डीएम

- विधायक व जिलाधिकारी की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित
- समाधान दिवस में कुल 170 शिकायतों में 11 शिकायतों का हुआ मौके पर निस्तारण




समाधान दिवस में फरियादी की फरियाद सुनते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**

**तिर्वा तहसील** के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में विधायक कैलाश राजपूत एवं जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। विधायक ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण हेतु उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम में माह के प्रथम व द्वितीय शनिवार को तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। किसी भी फरियादी की समस्या आती है। तो उसे समय से निस्तारित किया जाए। साथ ही आम आदमी को योजनाओं से जोड़ने हेतु जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियो को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं को बहुत ही गंभीरता के साथ सुने। जो भी शिकायते प्राप्त हों मौके पर ही उनका निस्तारण करें। फरियादी की शिकायतो को स्वयं देखें और ज़िम्मेदारी के साथ कार्य का निर्वाहन करें। किसी भी फरियादी को सम्पूर्ण समाधान दिवस/ थाना दिवस/ संबंधित कार्यालय से निराश होकर नही जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए शासन द्वारा संचालित समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिये। संबंधित विभाग के अधिकारी योजनाओं से संबंधित पम्प प्लेट, बैनर पोस्टर, होर्डिंग, चौपाल, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। जिससे आम आदमी योजनाओ जुड़कर लाभान्वित हो सकें।

तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 170 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमे मौके पर 11 शिकायतों का निस्तारण किया गया।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता के साथ 05 दिन के अंदर करना सुनिश्चित करें।

# नवीन संदर्शिकाओं के अनुसार करें शिक्षण कार्य: शिवेन्द्र वर्मा

- बीईओ बोले अक्टूबर माह तक जलालाबाद को निपुण ब्लॉक बनाएं

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

**ब्लॉक संसाधन** केंद्र जलालाबाद में चल रहे चार दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हो गया। खंडशिक्षा अधिकारी जलालाबाद शिवेन्द्र कुमार वर्मा ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षक-शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार परिषदीय विद्यालयों की निपुण कक्षाओं, कक्षा एक एवं दो में लागू की गई नवीन एनसीईआरटी आधारित पाठ्य पुस्तकें बच्चों में कक्षानुसार आने वाली आपेक्षित दक्षताओं को ध्यान में रखकर के बनाई गई हैं। आप लोग निपुण भारत मिशन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए इन पर पूरी तरह से सही और स्पष्ट समझ बना करके नवीन शिक्षक संदर्शिकाओं के अनुसार पूरी जिम्मेदारी के साथ शिक्षण कार्य करना सुनिश्चित करें। आगामी अक्टूबर माह तक प्रत्येक दशा में ब्लॉक जलालाबाद को निपुण ब्लॉक बनाने के शत-प्रतिशत योगदान देना सुनिश्चित करें। इस मौके पर प्रथम संस्था के कानपुर मंडल के कोआडिनेटर अनुपम सिंह गौर, सम्राट सिंह, शिक्षक संकुल अबधनारायण, मनोज यादव, अंजली तिवारी, श्वेता, नेहा अवस्थी, मिथिलेश वर्मा, तृप्ति, जागृति मिश्रा, शर्मिला, अर्चना पाल, फराह शमीम, अवनीश कुमार, आलोक दुवे, जितेंद्र कुमार सहित आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



प्रशिक्षण में जानकारी देते बीईओ — समृद्धि न्यूज

# गणपति बप्पा के जयकारों से भक्तिमय हुआ नगर

- आयोजित कार्यक्रमों मे देरशाम तक भक्ति गीतों की बही बयार



गणेश महोत्सव कार्यक्रम में महिमा का वर्णन करते पं. सुभाष द्विवेदी — समृद्धि न्यूज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**नगर व** क्षेत्र मे गणेश महोत्सव कार्यक्रम के तत्वाधान मे गणपति बप्पा मौरेया की मूर्ति की स्थापना के बाद दिनभर गणपति बप्पा मौरेया के उदघोषों से नगर व क्षेत्र गुंजायमान रहा। चारो ओर गणपति बप्पा मौरेया की धूम रही। वही देररात तक जहां एकओर कथा बाचकों द्वारा गणपति की महिमा का बखान किया गया तो वहीं भक्तिगीतों की बयार भी देररात तक चली। शनिवार को नगर के चकोर रोड, तिर्वारोड, बगिया मोहल्ला, रामगंज, रामकृष्ण नगर, गांधीनगर व इस्माइपुर, जलालाबाद सहित घरों में संगीतमय भक्तिगीतों के साथ ही जगह जगह गणपति बप्पा मौरेया का आवाहन किया गया। देरशाम नगर के रामकृष्ण नगर मे आयोजित गणेश महोत्सव कार्यक्रम मे कथा बाचक पं0 सुभाष द्विवेदी द्वारा विध्न विनाशक गणेश भगवान की पूजा अर्चना के उपरान्त महिमा का वर्णन किया गया। इस दौरान उन्होनें कहा कि भगवान श्री गणेश की पूजा किसी भी कार्यक्रम मे सवसे पहले होती है। भगवान गणेश की स्तुति करने बाला जीवन मे कभी भी दुखी नही रहता है। उधर सुरक्षा व्यवस्था मे कस्वा चौकी प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह सहित भारी पुलिस बल जगह जगह तैनात रहा। वहीं कार्यक्रमों मे वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव, राजेश खन्ना, कांग्रेस नगर अध्यक्ष संजीव दुवे मुन्ना, सभासद दिनेश चन्द्र गुप्ता, सोनू सैनी, सभासद प्रतिनिधि दीपक गुप्ता, अमन कठेरिया, रमन कठेरिया, कैलाश चन्द्र गुप्ता, ज्योति गुप्ता, हरिनाथ सिंह फौजी, धीरू द्विवेदी, रामचन्द्र चिक, बसन्त शर्मा, जुलीस सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# जश्ने ईद मिलादुन्नबी बनाम उर्स सदर जहां वाले बाबा आज



**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

सरज़मीने छिबरामऊ में फातहे बिलग्राम मिशन शाखा छिबरामऊ की जानिब से नूर व निकहत में डूबी एक शाम। जिसमे रौनके स्टेज होंगे आले नबी,औलादे अली शहज़ादा ए फातहे बिलग्राम बादशाहे इस्लाम हुज़ूर सय्यद बादशाह मिया साहब किब्ला बिलग्राम शरीफ व आले रसूल चमन ए ज़हरा के महकते हुए फूल रईसुल अतकिया हाफ़िज़ व क़ारी *सय्यद उवैस मुस्तफा वास्ती बिलग्राम शरीफ इसके साथ ही साथ आले पैगम्बर, जिगर गोशा ए फातिमा ज़हरा,औलाद ए मौला ए कायनात अनीसुल मशाइख मौलाना सय्यद अनस हुसैन वास्ती बिलग्रामी इसके अलावा नासिरे मसलके अहमद रज़ा,आलिमे बा अमल खतीबे हिन्दोस्तान हज़रत मौलाना अमीनुल क़ादरी साहब किब्ला मुंबई से तशरीफ़ ला रहे हैं। आप इस्लामी भाइयो से ज़्यादा से ज़्यादा तादाद में शिरकत की इल्तिजा है।

## खबरें चलते-चलते

### संपूर्ण समाधान दिवस पर 148 शिकायतें दर्ज 28 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

**छिबरामऊ कन्नौज।** संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी कन्नौज अपर जिलाधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। संपूर्ण तहसील समाधान दिवस तहसील परिषद स्थित तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी उप जिलाधिकारी सदर अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ संपूर्ण तहसील समाधान दिवस पर कुल 148 शिकायत दर्ज की गई जिसमें से 28 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया राजस्व विभाग की 86 शिकायत में से 13 शिकायतों का मौके पर निर्धारण किया गया पुलिस विभाग की 24 शिकायतों में से 8 शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया विकास विभाग की 13 शिकायतों में से दो शिकतों का मौके पर निर्धारण किया गया विद्युत विभाग की आठ शिकायतों में से दो शिकतों का मौके पर निस्तारण किया गया समाज कल्याण विभाग की तीन शिकायतों में से एक शिकायत का मौका पर निर्धारण किया गया पूर्ति विभाग की एक शिकायत में से एक शिकायत का निस्तारण किया गया पीडब्ल्यूडी विभाग की एक शिकायत दर्ज की गई द्व श्र की दो शिकायत दर्ज की जिसमें एक का मौका निस्तारण किया गया ह्र स्र विभाग की एक शिकायत दर्ज की गई अपर जिलाधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक ने शेष वासी शिकायतों के लिए सख्त निर्देश जारी किए समय सीमा के अंतर्गत समस्याओं का निस्तारण किया जाए संपूर्ण तहसील समाधान दिवस पर श्याम सुंदर दिवाकर ने पहुंच कर अपनी पुत्री को बहला फुसला कर भाग ले जाने का अभियोग एक महापूर्व कोतवाली में दर्ज कराया था कोई कार्रवाई न होने के कारण तहसील दिवस पर पहुंचकर उच्च अधिकारियों से लगाई न्याय की गुहार।

### महिला वकील की हत्या पर तिर्वा के वकीलों ने किया प्रदर्शन

**तिर्वा।** तहसील बार एसोसिएशन ने कासगंज की अधिवक्ता मोहिनी तोमर की हुई हत्या को लेकर जल्द हत्यारों की गिरफ्तारी व वकीलों को सुरक्षा दिलाए जाने की मांग को लेकर डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ला को एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान वकीलों ने कामकाज बंद रखकर विरोध जताया। पूरे परिसर में घूम-घूमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान अध्यक्ष अजय प्रताप बघेल, बरिष्ठ अधिवक्ता सुधीर यादव, महामंत्री राजीव यादव के अलावा कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

### युवक से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** किसी बात को लेकर युवक के साथ मोहल्ले के ही तीन लोगों ने अभ्रदता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला गांधीनगर निवासी इमरान खान पुत्र इकलाख खान द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 05 सितंबर की शाम वह अपने घर में था। तभी मोहल्ले के ही शहनवाज, शबनम, खुशबू दरवाजे पर आए और बेवजह गाली गलौज करने लगे। उसके द्वारा विरोध करने पर उक्त गणों ने लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### बच्चों के विवाद में युवक को पीटा दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** बच्चों के झगड़े के विवाद को लेकर युवक के साथ गांव के ही चार लोगों ने अभ्रदता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम सौसरापुर निवासी अकील पुत्र बली मोहम्मद द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 04 सितंबर की शाम व अपने घर में था तभी गांव के ही वकील, शकील, सायरा व सीमा आदि दरवाजे पर आए और बच्चों के विवाद को लेकर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

# चेकिंग के दौरान बाइक समेत चोर गिरफ्तार



**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

**इंदरगढ़** थाना क्षेत्र के विसैनपुर्वा गांव से चार दिन पहले चोरी हुई एक बाइक को पुलिस ने बरामद कर लिया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के विसैनेपुर्वा गांव निवासी बृजेश कुमार ने इंदरगढ़ थाने में चार दिनों पहले दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि पटेल नगर पर उन्होने एक दुकान के निकट अपनी बाइक खड़ी की थी। यहां से अज्ञात चोरो ने उसकी बाइक चोरी कर ली। मामले की जांच पड़ताल के दौरान इंदरगढ़ पुलिस ने शनिवार को कटैया पुल के निकट से सूरजपुर गांव निवासी विनय कुमार को चेंकिग के दौरान बिना नंबर प्लेट बाइक ले जाते देखा, तो उसे रोककर छानबीन की। जांच के दौरान बाइक चोरी की निकलने पर पुलिस उसको थाने ले आई। यहां पुलिस ने पूछताछ के बाद उसको जेल भेज दिया।

# अधिवक्ताओं के प्रति हिंसक घटनाएं व हत्याओं की घटना को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**बार एसोसिएशन** छिबरामऊ के अध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह राठौर व महासचिव ललित प्रताप सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।

जनपद कासगंज की युवा महिला अधिवक्ता श्रीमती मोहिनी तोमर जी का अपहरण कर फिर निर्मम तरीके से उनकी हत्या कर दी गयी। इस दर्दनाक विचलित कर देने वाली घटना से पूरे उत्तर प्रदेश के अधिवक्ताओं में काफी ज्यादा रोष है अभी तक जनपद कासगंज की पुलिस प्रशासन में उक्त हत्यारों को गिरफ्तार नही कर सकी है। जिससे अधिवक्तागण उत्तर प्रदेश सरकार की पुलिस पर सवालिया प्रश्नचिन्ह उठ रहे हैं। अधिवक्ताओं के प्रति हिंसक घटनाएं व हत्याएं हो रही हैं इससे पूर्व जनपद हरदोई के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री कनिष्क मल्होत्रा जी को उनके आवासीय चेम्बर में गोली मारकर निर्मम तरीके से हत्या कर दी गयी थी उस हत्या की घटना से अधिवक्ता समाज उबर भी नहीं पाया और कासगंज में युवा महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर जी की अपहरण कर हत्या की घटना सामने आयी है। अधिवक्ताओं के साथ ऐसी गंभीर घटनाओं से समूचा अधिवक्ता समाज खुद को असुरक्षित महसूस करने लगा है यदि अधिवक्तागण की सुरक्षित नही है तो प्रदेश में आम नागरिकों का प्रशासन और न्याय पालिका पर से विश्वास उठ जायेगा।



तत्काल प्रभाव से उत्तर प्रदेश सरकार ÷अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करें।उत्तर प्रदेश सरकार की पुलिस व प्रशासन जो सीधे-सीधे अधिवक्ताओं को प्रताड़ित एवं शोषण करने की विचाराधारा के प्रति उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अंकुश लगाया जाये।यदि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उक्त बिन्दुओं पर सार्थक प्रभावशाली रूप से हत्यारों के प्रति कठोर कानून कार्यवाही व उक्त बिन्दुओं पर तत्काल संजान नही लिया गया या कोई संतोषजनक कार्रवाई नही होती है तो प्रदेश के समस्त अधिवक्तागण को प्रदेश व्यापी आन्दोलन करने के लिए वाध्य होना पड़ेगा।इस दौरान जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, राजीव सिंह राठौर, संजीव दुबे, चन्द्रजीत यादव, पंकज मिश्रा, संदीप चौहान, अमित अग्निहोत्री, योगेन्द्र सिंह, पुष्पेन्द्र यादव, अवनीश वर्मा, अमित राजपूत, रजनीश यादव, शिवम शर्मा, आशीष श्रीवास्तव, अनिल यादव, गुलाम हुसैन, आशीष कश्यप, रूपेश दुबे, आलोक दीक्षित, स्नेहलता गुप्ता सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

# कलश यात्रा के साथ हवन पूजन द्वारा बैंड बाजों के साथ विराजमान हुए श्री गणेश जी

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**गणेश** चतुर्थी पर भगवान गणेश की स्थापना शहर में दर्जनों स्थानों पर पंडाल लगाकर विद विधान से की गई। जय बालाजी सेवा समिति के सौजन्य से श्री गणेश महोत्सव की शुरुआत हुई एवं इस बार इंदिरा आवास कॉलोनी फर्रुखाबाद रोड छिबरामऊ कन्नौज में 10वीं बार श्री गणेश महोत्सव में प्रातः 7ः00 बजे 51 कलश यात्रा तथा हवन पूजन के साथ श्री गणेश भगवान जी की स्थापना की गई कलश यात्रा ताजपुर रोड कली मठिया से श्री गणेश जी पंडाल इंदिरा आवास कॉलोनी तक संपन्न हुई पांडित्य करम जय बालाजी सेवा समिति के अध्यक्ष सर्वेश कुमार तिवारी द्वारा पूजा पाठ कराया गया तथा यजमान पवन गुप्ता ने पूजन किया तथा हवन पूजन के बाद आरती हुई तथा सभी को प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर पवन गुप्ता दशरथ श्रीवास्तव हरिओम मिश्रा अनु सविता घनश्याम दास आयुष श्रीवास्तव अमन शर्मा प्रियांशु लाला ऋषि प्रवेश सक्सेना विभु बंटू श्रीवास्तव कृष्णा सूरज ऋषभ यश तिवारी स्पर्श तिवारी गौरव प्रतीक श्रीवास्तव गुड्डू रजनी सक्सेना मीना मिश्रा अनामिका तिवारी अनामिका अग्रवाल रेनू यादव ममता यादव गीता कश्यप प्रीति श्रीवास्तव मीरा चौहान प्रवेश दीक्षित शिवानी अरोरा शीला गुप्ता रीना गुप्ता अमिता चौहान सुंदरी चौहान आशा चौहान बबली श्रीवास्तव स्वीटी पुष्पा देवी गुड़िया रीना ज्योति दीप्ति प्रतीक श्रीवास्तव सरला देवी दीपक श्रीवास्तव यशिका तिवारी लाला गुप्ता शिवम शर्मा जीतू शर्मा आरती दीक्षित प्रिया सविता मीना श्रीवास्तव सीता कश्यप पायल कश्यप श्री हिरदेश अग्रवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

**समाधान दिवस** | तहसील समाधान दिवस में आई 109 शिकायतों में आठ निस्तारित

# समय से गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से शिकायतों का करें निस्तारण: डीएम

- डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ समाधान दिवस

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

**तहसील** सभागार में शनिवार को डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के 109 फरियादियों ने अफसरों के सामने अपनी शिकायतें रखी। जिनमें से आठ शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को भेजा गया। आयोजित समाधान दिवस के दौरान डीएम ने मौजूद अफसरों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को समय से गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से निस्तारित करें। निस्तारण के उपरान्त उसकी जानकारी पीड़ित को मोबाइल फोन के माध्यम से दे।



समाधान दिवस में फरियादियो की शिकायतें सुनते डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ला — समृद्धि न्यूज

उन्होने चेतावनी देते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण के किसी भी प्रकार की हीलाहबाली करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। समाधान दिवस के दौरान आवास, राजस्व, पुलिस विभाग से संबंधित 109 फरियादियों ने अपनी शिकायतें रखी। जिनमें से आठ शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया। इस दौरान सीएमओ डॉ.विनोद कुमार, एसडीएम अशोक कुमार, तहसील अवनीश कुमार के अलावा क्षेत्रीय लेखपाल व अन्य अफसर मौजूद रहे।

### शमशान के लिए चिन्हित जमीन का कराया जाए सीमांकन

तिर्वा। तहसील समाधान दिवस के दौरान बहादुरपुर गांव के कुछ ग्रामीणों ने डीएम से शिकायत कर गिहार समाज के लिए चिन्हित शमशान भूमि का सीमाकंन कराए जाने की मांग रखी। ग्रामीणों का कहना था कि गिरीशानन्द डिग्री कॉलेज के पास गिहार समाज के लोगों के लिए दो से तीन डिसमिल जमीन शमशान के लिए आंवटित हुई थी। अब गिहार समाज के लोग उक्त भूमि के अलावा ग्रामीणों के भूमिधरी नंबर पर भी अबैध कब्जा कर इसे शमशान की जमीन बताते हैं। विरोध करने पर दलित एक्ट में फंसाए जाने की धमकी देते हैं।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़






# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 12 शिकायतों का डीएम ने किया निस्तारण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**



शिकायतें सुनते जिलाधिकारी व मौजूद विधायक आदि — समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी** डॉ0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में तहसील कायमगंज में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 207 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से 12 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। वीरपुर क्षेत्र के लेखपाल सौरभ कुमार को कार्य में लापरवाही बरतने पर एक विशेष परनिंदा प्रविष्टि देने के आदेश जिलाधिकारी ने दिये।

जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर विधायक व जिलाधिकारी द्वारा तहसील क्षेत्र के लाभार्थियों को विरासत व धरौनी प्रमाण-पत्र भी वितरित किये गये। इस अवसर विधायक कायमगंज डॉ0 सुरभि, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अवनींद्र कुमार, कायमगंज उपजिलाधिकारी रवेन्द्र कुमार, नायब तहसीलदार मनीष वर्मा, क्षेत्राधिकारी जय सिंह परिहार, कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार, कम्पिल थानाध्यक्ष विश्वनाथ आर्य, शमसाबाद थानाध्यक्ष अमित गंगवार, नवाबगंज थानाध्यक्ष बलराज भाटी, कायमगंज चिकित्सा प्रभारी शोभित शाक्य सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जगह पर अवैध कब्जे व मारपीट को लेकर पुलिस को दिया प्रार्थना पत्र

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** जगह पर अवैध कब्जे व मारपीट को लेकर पीड़ित ने थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार शनिवार को अमर सिंह पुत्र श्रीकृष्ण की जगह घर पर पीड़ित का सगा भाई भंवर पाल ने कब्जा कर लिया। आज जब अमर सिंह ने भाई भंवर पाल से इसकी शिकायत की, तो भंवरपाल पुत्र श्रीकृष्ण, साथ में भंवरपाल की पत्नी, धर्मेंद्र पुत्र श्रीकृष्ण, नीलेश पुत्र श्रीकृष्ण, सुरवाली पत्नी धर्मेंद्र ने पीड़ित को सभी ने मिलकर गन्दी-गंदी गंदी गालियां दीं। गालियां देने का विरोध करने पर लात-घूसों व लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। जिससे विमलेश पुत्र अमरसिंह व अमरसिंह पुत्र श्रीकृष्ण के चोटें आईं। पीड़ित ने थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर उपरोक्त सभी के खिलाफ जांच कर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की।

# डीएम ने कार्यदायी संस्था का भुगतान अग्रिम आदेशों तक रोका



कार्यचारियों को दिशा निर्देश देते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी डॉ0** वी0के0 सिंह द्वारा शनिवार को चीनी मिल कायमगंज का वृहद निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में नवनिर्मित चीनी गोदाम का निर्माण गुणवत्तापूर्ण नहीं पाया गया। गोदाम में जगह-जगह सीपेज पाया गया। जगह-जगह किनारों पर पानी भरा पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा सभी कार्यो को सही कराने के निर्देश दिये व कार्यदायी संस्था का भुगतान अग्रिम आदेशों तक रोकने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्य से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जायेगा। डीएम ने जी0एम0 चीनी मिल को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर कायमगंज उपजिलाधिकारी रवेन्द्र कुमार, जी0एम0 चीनी मिल व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

> कायमगंज चीनी मिल की नवनिर्मित गोदाम के निर्माण में मिली खामियां

# खबरें चलते-चलते

## पाक्सो के आरोपी को तीन वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने पाक्सो के मामले में लाल सिंह पुत्र रामकुमार उर्फ तन्नू निवासी राजेपुर को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष का कारावास व 25 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। बीते 9 वर्षों पूर्व थाना राजेपुर क्षेत्र के निवासी युवक ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि 16 अक्टूबर 2015 को शाम 3 बजे मेरी 14 वर्षीय पुत्री घर से बाहर निकली। जिसे राहुल, लालू ने बुरी नियत से मुंह दबाकर तालाब के किनारे ले गए। दोनों ने मेरी लड़की के कपड़े फाड़ दिए। इसी दौरान मेरी बड़ी पुत्री खोजती हुई वहाँ पर पहुंच गई। जिस पर दोनों छोड़कर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर लाल सिंह के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने पाक्सो एक्ट के मामले लाल सिंह को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष का कारावास व 25 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

## ओमनी कार ने साइकिल सवार व एक महिला को रौंदा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बेकाबू ओमनी कार ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। जिससे साइकिल सवार घायल हो गया। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार शनिवार को कमालगंज की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही ओमनी कार ने साइकिल सवार रघुवीर उम्र करीब 50 वर्ष व नन्हीं बानो उम्र 25 वर्ष निवासीगण खेम रेगाई थाना कमालगंज को कानपुर रोड रेगाई तिराहे पर टक्कर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गये। ओमनी कार चालक मौका पाकर वहां से फरार हो गया। वहां पर मौजूद लोगों ने आनन-फानन में घायलों को सीएचसी भेज दिया। जहां घायल रघुवीर को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। साइकिल सवार की हालत नाजुक बतायी जा रही है। ओमनी कार को पुलिस भोजपुरी चौकी के गीतम सिंह व संजय सिंह व रामकुमार के द्वारा याकूतगंज चौकी पर खड़ा कराया गया।

## कोर्ट के आदेश पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम खेरा गंगाईच निवासी मजहरुद्दीन पुत्र शेरखान दर्ज कराए हुए मुकदमे में बताया दिनांक 17.06.20 24 को गांव में स्थित मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए गया था। नमाज पढ़कर निकलते समय पुरानी रंजिश के कारण गांव के आरिफ पुत्र अब्दुल हसन, राजा पुत्र आरिफ, आर्य पुत्र अली शेर, चंदा एवं अजहर पुत्रगण अली शेर निवासी खेरा गंगाईच उपरोक्त लोग गाली देने लगे। गालियों का विरोध करने पर उन लोगों बोले यह साला बहुत बोलता है इसको आज मजा चखाएंगे एवं पीड़ित जैसे ही अपने घर आया, तो उपरोक्त लोग पीछे-पीछे हाथों में लाठी-डंडा व अवैध तमंचा लेकर आ गये। उपरोक्त लोगों ने घर के अंदर घुसकर मारपीट की। शोर शराबा सुनकर गांव के लोग आ गये। जिस पर उपरोक्त लोग धमकी देते हुए फरार हो गये। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के एक गाँव निवासी व्यक्ति ने दी तहरीर में बताया कि दो माह पूर्व जनपद कासगंज निवासी भांजी घर आयी थी। पांच दिन पूर्व कासगंज निवासी दो युवक ब्रजमोहन, अमित व नन्द किशोर बहला फुसलाकर साथ ले गये। पीड़ित की तहरीर पर तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

# अभाकियू ने जिलाधिकारी को सौंपा आठ सूत्रीय ज्ञापन

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**



आवाज बुलंद करते भाकियू नेता — समृद्धि न्यूज

**अखिल भारतीय** किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष ने जिलाधिकारी को तहसील दिवस में पहुंचकर आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

अखिल भारतीय किसान यूनियन की एक आवश्यक किसान पंचायत तहसील परिसर कायमगंज में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता नौरंगी लाल जिला संगठन मंत्री व संचालन अजय कुमार गंगवार कोषाध्यक्ष ने की। बैठक में मांग की गयी कि बाढ़ का सर्वे कराकर क्षतिग्रस्त हुईं सड़कें अतिशीघ्र बनवायी जायें व किसानों की फसलें जो खत्म हुई हैं उनको मुआवजा दिलाया जाये, कायमगंज मार्केट के अन्दर मछली व मीट की दुकानें हैं वहीं पास में देवी मन्दिर है। मीट की दुर्गंध से जनमानस को काफी परेशानी होती है। जिससे उपरोक्त दुकानें मार्केट के बाहर लगवायी जायें। कायमगंज अस्तपताल के निकट जो रेड़ी लगती है उससे आये दिन जाम लग जाता है। स्कूलों के छात्र-छात्राओं व आमजनमानस को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिसे तत्काल हटवाया जाये। सरकारी अस्पतालों में मरीजों को पूरी दवा नहीं मिलती है और दवाई स्टोरों में भरी रहती है। जब दवाई एक्सपायर होती है तो गंगा नदी पर व इधर उधर फेंकी जाती है। इससे मछलियों मर रही हैं और पानी दूषित हो गया है। ऐसे डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्यवाही हो। ग्रामपंचायतों में नालियों की साफ-सफाई व अन्य कार्य नहीं होते है। ग्राम अताईपुर कोहना व ममापुर की जांच कराकर अविलम्ब कार्यवाही की जाये। बिजली कर्मचारी शिकायती पत्र लेते हैं और कूड़े की टोकरी में डाल देते हैं, जैसे परौली गाँव के बृजेश व राजेश पाठक ने मीटर समस्या को कई बार अवगत कराया, लेकिन आज तक कार्य नहीं हुआ ऐसे अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ अविलम्ब कार्यवाही हो, आदि सहित आठ सूत्रीय मांगें शामिल हैं। इस मौके पर गंगाराम, जयवीर सिंह, नौरंगी लाल, राजेश कुमार, कश्मीर सिंह, राकेश कुमार, मोतीलाल आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कार की टक्कर से बाइक सवार छात्र घायल

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व घायल छात्र

**कार की** टक्कर से बाइक सवार छात्र घायल हो गये। दुर्घटना के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। घायल को राजेपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया।

सुबह आठ बजे स्कूली इको कार बच्चों को लेकर राजेपुर स्कूल जा रही थी। तेज रफ्तार कार ने ग्राम खानपुर के पास सामने से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। जिससे थाना अमृतपुर निवासी तौफीक की मड़ैया के रहने वाले अमित व प्रशांत पुत्रगण विश्राम गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसकी सूचना थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की सहायता से बाइक सवार दोनों घायलों को राजेपुर स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया और परिजनों को सूचना दी। दोनों छात्र रस्तोगी इंटर कॉलेज में पढ़ने के लिए जा रहे थे। अचानक उनके साथ दुर्घटना हो गई। इको कार नंबर यूपी80एफएक्स3940 का चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में एडीएम ने सुनी जनसमस्याएं

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**



फरियादियों की शिकायतें सुनते एडीएम

**शनिवार** को तहसील अमृतपुर में एडीएम सुभाष चंद्र प्रजापति और अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 106 सिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से सर्वाधिक राजस्व विभाग की कुल 52, पुलिस विभाग की 08, विकास विभाग की 18, विद्युत विभाग की 06, अन्य विभाग की 22 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें मौके पर 06 शिकायतों का निस्तारण किया गया। ओमदास पुत्र गुरवक्स सिंह निवासी वीरपुर हरिहरपुर ने चकमार्ग से कब्जा हटवाने, मुकेश शर्मा, विनोद प्रकाश द्विवेदी, संदीप कुमार ने अमृतपुर में स्थित किसान सेवा केंद्र को पुनः शुरू करने, रजनेश पुत्र बालकराम निवासी झंडी की मड़ैया ने राशन कार्ड से नाम निरस्त करवाने, रीतू देवी पत्नी स्व0 कमलेश कुमार निवासी नवादा ने मेड़बंदी के आदेश के बाबजूद पैमाईश ना करने, मुनेंद्र कुमार पुत्र सियाराम निवासी कमालुद्दीनपुर ने ग्राम सभा के वृक्षों का मूल्यांकन कर नीलामी कराए जाने, मुन्नी पत्नी मुन्ना निवासी ताजपुर ने घर पर आग लग जाने पर राहत ना मिलने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया।

# आला अधिकारियों ने बीडीओ से मांगी रिपोर्ट, बीडीओ ने सचिवों के कसे पेंच

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**




सचिवों की बैठक लेते बीडीओ — समृद्धि न्यूज

**विकास खंड** अधिकारी ने उच्च अधिकारियों के रिपोर्ट मांगने पर सचिवों की बैठक बुलाकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

विकास खंड कार्यालय सभागार में विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव ने सम्पूर्ण समाधान दिवस से लौटकर तुरंत ही ग्राम सचिवों की बैठक बुलाई। जिसमें सबसे अहम मुद्दा आरआरसी सेंटर तथा व्यक्तिगत लाभार्थी शौचालय का मुद्दा छाया रहा। जिस पर विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव ने ग्राम सचिवों को बताया कि वह हर हाल में जो आरआरसी सेंटर बनकर तैयार हो गए हैं उनमें सोमवार तक ग्राम पंचायत में घर-घर जाकर कूड़ा कलेक्शन का कार्य करें और मौके की रिपोर्ट अधिकारियों को प्रेषित करें। वहीं विकास खंड अधिकारी ने बताया की ग्राम पंचायत में जो लाभार्थी व्यक्तिगत रूप से शौचालय चाहते हैं उनका गांव में घूमकर सत्यापन करें और लाभार्थी को व्यक्तिगत शौचालय का लाभ दिलाएं। वहीं मनरेगा के बारे में भी समीक्षा की। विकास खंड अधिकारी ने बताया कि मनरेगा की प्रगति नवाबगंज विकासखंड पर बहुत धीमी है। जिसको प्रगति देने का कार्य किया जाए। यदि ऐसा नहीं होता है तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई होगी। बीडीओ ने कहा अधिकारी मुझ पर भी कार्यवाही करेंगे, तो वह संबंधित के ऊपर कार्यवाही करने से कतई गुरेज नहीं करेंगे। ऐसे ही कई बिंदुओं पर विकासखंड अधिकारी ने ग्राम सचिवों से चर्चा की। इस मौके पर विकासखंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडीओ आईएसबी सुखदेश सिंह, ग्राम पंचायत सचिव मोतीलाल यादव, कुलदीप राजपूत, अनुपम बाजपेई, प्रमोद शुक्ला, बृजेश यादव, अखिलेश कुमार, सुनील कुमार, बृजनंदन लाल, जगवीर सिंह, एपीओ मनरेगा गौरव दिवाकर, मनरेगा सहायक आलोक पाठक, राहुल चंदेल आदि लोग बैठक में मौजूद रहे।

# हवन पूजन के साथ पांडाल व घरों में विराजे गजानन




विराजमान गजानन की प्रतिमा व हवन पूजन करते भक्तगण — समृद्धि न्यूज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** गणेश चतुर्थी पर नगर में बनाये गये पांडाल में हवन पूजन व वेद मंत्रोच्चार के बीच गजानन की प्रतिमायें विराजमान की गयीं। भक्तों ने गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाये।

जानकारी के अनुसार शनिवार को गणेश चतुर्थी के अनुसार नगर में गणपतिजी को हवन पूजन तथा वेद मत्रों के साथ पांडाल के अंदर स्थापित किया गया। बताते चलें गणपतिजी की प्रतिमाएं वैसे तो लगभग हर जगह रखी जाती हैं, लेकिन कमालगंज नगर में इसका कुछ खास नजारा देखने को मिलता है। 7 सितंबर से 17 सितंबर चलने वाले गणेश महोत्सव में नगर का माहौल भक्तिमय हो जाता है। शाम की महाआरती में बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं। गणेश सेवा समिति की कमेटी की तरफ से सारी व्यवस्थायें की जाती हैं। सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस फोर्स भी मौजूद रहती है। इतना सब कुछ होने के बाद बच्चे भक्तों को संभालना बहुत मुश्किल पड़ जाता है। शाम को होने वाले सुंदर भजन तथा मनमोहक झांकियां भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। शनिवार को धूमधाम से गजानन की प्रतिमा स्थापित की गयी। आचार्य द्वारा वैदिक मत्रों के साथ भगवान की स्तुति, आरती पूजा तथा प्रसाद में मोदक का भोग लगाया गया। जिसमें पूर्व गणेश सेवा समिति के अध्यक्ष के पुत्र नितेश माहेश्वरी, वर्तमान अध्यक्ष अमित गुप्ता सहित तमाम भक्तों ने भगवान की पूजा अर्चना की तथा सैकड़ों की तादाद में भगवान गणपति के मंत्र गं गणपतेय नमः का उच्चारण करते हुए हवन कुंड में आहुति दी तथा भगवान गणेश का पूजन किया। इस मौके पर सैकड़ों की तादात में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय पोषण सप्ताह कार्यक्रम के समापन पर छात्र-छात्रायें हुए सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेंती छात्रायें — समृद्धि न्यूज

**मेजर एस0डी0** सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह कार्यक्रम के समापन अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

पोस्टर प्रतियोगिता में अंकित मौर्या, दीक्षा शाक्य, अलका, रश्मि, धनाक्षी, श्रेयंक, जान्हवी ने बाजी मारी। भाषण प्रतियोगिता में श्रेयंम, सौम्या, कुमकुम, शक्ति दीपक अब्बल रहे। हेल्थ चेकअप कैंप एवं जागरुकता अभियान कार्यक्रम में निधी, नितीश सिंह, प्रियांशी, मोहिनी, आरुषी, यदुर्वेन्द्र आदि का कार्य सराहनीय रहा। राष्ट्रीय पोषण सप्ताह जागरुकता में डॉ0 भारती पांचाल, डॉ0 अंकिता शर्मा, डॉ0 शिल्पा विष्ट का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सरस्वती बाल विद्या मंदिर फतेहगढ़ के प्राचार्य ओमप्रकाश शुक्ला, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी कार्यालय की ओर से चिकित्सा अधिकारी संतोष कुमार मिश्र, राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ0 नेहाल अहमद, राजकीय वेलनेस सेन्टर के प्रशिक्षक अंकुर द्विवेदी, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की ओर से मनोवैज्ञानिक व सामाजिक कार्यकर्ता दीप्ति यादव, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ0 अरुण कुमार पाण्डेय ने राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के तहत स्वस्थ्य शरीर के लिए स्वस्थ्य डाइट के प्रति जागरुक किया। कालेज की प्राचार्या प्रो0 अंजना दीक्षित ने स्वस्थ्यवृत्त एवं योग विभाग द्वारा पिछले सात दिनों से चलाये जा रहे कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए विभाग के सभी सदस्यों, सहयोगी विभाग एवं कार्यक्रम में मजबूती से कार्य कर रहे छात्र-छात्राओं की प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज की कोआर्डीनेटर डॉ0 नीतू सिंह, प्रो0 ए0के0 गुप्ता, डॉ0 शिवम दीक्षित, डॉ0 पंकज शुक्ला, डॉ0 विकास बाबू, डॉ0 विघ्नेश्वर, डॉ0 भारती, डॉ0 शिल्पा, डॉ0 मधु, डॉ0 अंकित, डॉ0 रेशमा, डॉ0 अरीब, डॉ0 पियूष, पी0जी0 स्कॉलर डॉ0 सिमरन, आकांक्षा, शालिनी, निधि, कविता, प्राची, निशिता, प्रिया, अनल, मुस्कान, अभिषेक आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन के.डी.बालिका के प्राचार्य प्रो0 डॉ0 सी0डी0 यादव ने किया।

# शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर एनपीएस व यूपीएस किया विरोध

▸ 26 सितम्बर को होने वाले धरना प्रदर्शन की बनायी रणनीति

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


काली पट्टी बांधकर विरोध करते शिक्षक समृद्धि न्यूज

**एनएमओपीएस के** अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने कर्मचारियों से ओपीएस बहाली के लिए और एनपीएस एवं यूपीएस के विरोध में 2 सितम्बर से 6 सितम्बर तक काली पट्टी बांधकर विरोध करने का आवाह्न किया था। 26 सितम्बर को देश भर में जनपद के सभी मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन होगा। जिसके चलते शनिवार को अटेवा पदाधिकारियों ने काली पट्टी बांधकर धरना प्रदर्शन की रणनीति बनायी। अटेवा के संयुक्त मंत्री ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा एनपीएस में सुधार कर लायी गई यूनीफाइड पेंशन स्कीम यूपीएस लागू करने की घोषणा से सरकारी कर्मचारी नाराज है। अधिकांश कर्मचारी संगठनों ने नई पेंशन योजना यूपीएस का विरोध किया है। कई संगठनों ने केंद्र सरकार का नोटिफिकेशन आने से पहले ही विरोध का बिगुल बजा दिया है। बड़े कर्मचारी संगठनों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर यूपीएस का विरोध जताया है। एनएमओपीएस के अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने कर्मचारियों से ओपीएस बहाली के लिए और एनपीएस, यूपीएस के विरोध में 26 सितम्बर को देश भर में विरोध प्रदर्शन करने का आवाह्न किया है। अटेवा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह जाटव ने कहा कि 26 सितम्बर को मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा और पुरानी पेंशन बहाली के लिए हुंकार भरेंगे। जिला महामंत्री फूल सिंह शाक्य ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा अधिकार है। जिसे हम लेकर रहेंगें। इस मौके पर बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने काली पट्टी बांधकर एनपीएस व यूपीएस का विरोध किया।

# वाणी विनायक संस्था द्वारा घुमना नरेश की हवन पूजन के साथ हुई स्थापना

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


पूजा अर्चना के दौरान मौजूद भक्तगण समृद्धि न्यूज

**वाणी विनायक** संस्था की ओर से चतुर्थ गणेश महोत्सव का आयोजन घुमना स्थित राधा गोपाल मंदिर में हवन पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। संस्था प्रमुख राजगौरव पाण्डेय व संध्या पाण्डेय कार्यक्रम के मुख्य यजमान रहे। राजगौरव पाण्डेय ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी घुमना नरेश का आगमन मंदिर प्रांगण में हो चुका है। कार्यक्रम 9 दिन तक चलेगा। 7 सितम्बर से 15 सितम्बर तक गणेश भगवान की पूजा अर्चना आरती होगी। गणेश परिचर्चा पर काव्य गोष्ठी का आयोजन भी होगा। नक्श थिएटर के निदेश अमित सक्सेना ने बताया कि गणपति पर नाट्य मंच भी होगा। जिसमें विशेष रुप से छोटे बच्चों को अध्यात्मिक, सामाजिक संदेश प्राप्त होगा। संध्या पाण्डेय ने बताया कि महिला मण्डली के द्वारा प्रतिदिन भजन कीर्तन किया जायेगा। इस मौके पर भानू प्रकाश गुप्ता, देव पटेल, राज दीपक पाण्डेय, सरिता पाण्डेय, रामशंकर अवस्थी, जगदीश नारायन मिश्रा, अरुण कुमार, अंकित गुप्ता, रितुल, विशाल, धीरज, अनूप शर्मा, सत्या, मिष्ठी, रामजी राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

# सीपीआई में गणेश चतुर्थी एवं शिक्षक सम्मान समारोह सम्पन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


कार्यक्रम में मौजूद मिथलेश अग्रवाल व शिक्षक समृद्धि न्यूज

**सीपी इंटरनेशनल** स्कूल में गणेश चतुर्थी एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की निर्देशिका डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल, उपनिदेशिका अंजू राजे, प्रधानाचार्य संजय बिष्ट्र, हेड मिस्ट्रेस संदीपा कुमार ने सामूहिक रूप से मां सरस्वती, आदिदेव भगवान गणेश तथा डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन के समक्ष दीप प्रचलन एवं पुष्पांजलि समर्पित करके किया। अद्भुत श्रीवास्तव एवं किशोर ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। भारती मिश्रा, दीक्षा वर्मा, कंचन, नम्रता व कविता के समूह ने गणेश वंदना एवं सरस्वती वंदना पर अभिन्यात्मक नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय के आवासीय छात्रों ने भी अभिनय प्रस्तुत किया। श्रवण कुमार मिश्र ने भी अपने विचार व्यक्त किए। गणेश चतुर्थी के उपलक्ष में उपनिदेशक अंजू राजे, प्रधानाचार्य संजय बिष्ट, हेडमिस्ट्रेस संदीपा कुमार ने मुख्य अतिथि एवं निर्देशिका डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल को गणेश की प्रतिमा एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने गणेश चतुर्थी की सभी को बधाई दी। हेडमिस्ट्रेस संदीपा कुमार ने स्वर्गीय चंद्रप्रकाश अग्रवाल उर्फ पिक्को बाबू के जीवन पर प्रकाश डाला। संचालन शिवा सिंह ने किया ।

# युवा महोत्सव समिति द्वारा मेधावी छात्राओं का हुआ सम्मान



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फर्रुखाबाद युवा महोत्सव समिति द्वारा विगत दिनों हुए मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित कार्यक्रम में कुछ छूटे हुए मेधावी बच्चों को समिति के सदस्य हर्ष दुबे ने प्रशस्ति पत्र वितरित कर सम्मानित किया। समिति के अध्यक्ष डॉ0 संदीप शर्मा की मौजूदगी में समिति प्रतिनिधि एवं कार्यक्रम प्रभारी मिस्टर फर्रुखाबाद हर्ष दुबे द्वारा वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। छूटे हुए स्कूल एवं कॉलेज के समस्त स्टाफ गण द्वारा समिति के द्वारा मेधावियों को सम्मानित कर प्रशंसा की गई। इस मौके पर अलसीफा, जैनब, अफरीन, प्रीति, मान्या, शालिनी आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### गणपति के आगमन पर गाजे बाजे के साथ हुआ स्वागत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पांडाल से लेकर घरों पर गणपति पूजा अर्चना के साथ विराजमान किये गये। गणपति का लोगों ने गाजे बाजे के साथ स्वागत किया। कस्बा नवाबगंज में जगह-जगह पांडाल लगाकर गणपति की मूर्तियों को विराजमान किया गया। इसके बाद विधि विधान से हवन पूजन व पूजा अर्चना की गयी। कई लोगों ने छोटी मूर्ति लेकर अपने घरों पर गणपति को विराजमान किया तथा पूजा अर्चना की। नवाबगंज के थाने के सामने हनुमान मंदिर पर कमेटी के लोगों के द्वारा गणपति महाराज विराजमान किए गए। वहीं चिकन वाली गली में भी कमेटी के लोगों ने गणपति को विराजमान किया। कस्बा नवाबगंज चौराहे पर विनोद गुप्ता के प्रांगण में बने मंदिर पर गणपति बप्पा को विराजमान किया गया। वहीं विनोद गुप्ता, योगेंद्र सिंह, सुदेश राठौर, डॉक्टर विनय सक्सेना, विजय प्रताप सिंह, अमित प्रताप सिंह, जय प्रताप सिंह, प्रदीप कुमार आदि लोगों ने स्वागत कर गणपति महाराज को विराजमान किया। मंझना रोड पर ब्रह्मदेव आश्रम के निकट कमेटी के संस्थापक अरविंद राठौड़ ने अपनी पूरी कमेटी के साथ गणपति महाराज को विराजमान किया। वहीं कमेटी में दुष्यंत कश्यप, संजीव कश्यप, दिनेश कुमार शाक्य, गुड्डू सक्सेना, अरविंद राठौड़, कृष्णापाल सिंह, लंबे तिवारी आदि लोगों ने धूमधाम से गणपति बप्पा को विराजमान किया तथा पूजा अर्चना की। शाम के समय सभी पांडालों में आरती की गयी तथा भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

### जनपद स्तरीय वॉलीबाल बालक ट्रायल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला स्तरीय वॉलीबाल अंडर-14, 17 एवं 19 टीम बालक का ट्रायल सलेक्शन संयोजक प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह के द्वारा स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में सम्पन्न हुआ। जिला क्रीड़ा प्रभारी अतुल दास की मौजूदगी में चयन किया गया। शुभारम्भ जिला कोषाध्यक्ष प्रधानाचार्य विनीत चौहान ने किया। ट्रायल के दौरान कर्नल ब्रह्मानंद इंटर कालेज शुकुरुल्लापुर, गंगापार महात्मा गांधी इंटर कालेज राजेपुर, स्वामी रामप्रकाश इंटर कालेज तिराह मुरहास, मोहन लाल शुक्ला इंटर कालेज, जवाहर लाल नेहरु इंटर कालेज तथा अन्य कई माध्यमिक विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। निर्णायक मण्डल में इंजाज अहमद सिद्दीकी, देवेन्द्र चौहान, प्रशुभ गुप्ता, अभिषेक अवस्थी, सतेन्द्र सिंह मौजूद रहे। जिला क्रीड़ाधिकारी अतुल दास ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### महिला अधिवक्ता की हत्या के विरोध में अधिवक्ता संघ ने सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अधिवक्ता संघ फतेहगढ़ ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। जिसमें कहा गया कि दिनांक 4 सितंबर को कासगंज की महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर की नृशंस हत्या कर दी गयी और अभी तक पुलिस द्वारा मुल्जिमानों की गिरफ्तारी नही की जा सकी है। जिससे प्रदेश के अधिवक्ताओ में आक्रोश व्याप्त है। अधिवक्ताओ ने कहा है कि यदि 48 घंटे के अंदर मुल्जिमानों की गिरफ्तारी करते हुए उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही नहीं की जाती है, तो अधिवक्ताओ का आक्रोश उग्र हो सकता है। साथ ही अधिवक्ताओ ने मांग की है कि पीड़ित परिवार को 1 करोड़ की सहायता राशि, अविलंब मुल्जिमानो की 48 घंटे के अंदर गिरफ्तारी, मृतक आश्रित को सरकारी नौकरी प्रदान की जाये। साथ ही ज्ञापन मे यह भी मांग की गयी है कि एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट जो बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश से ड्राफ्ट तैयार करके दिया गया है, वह समिति से स्वीकृत होकर विधि आयोग मे लम्बित है। उसे विधि आयोग से स्वीकृत कराकर प्रदेश में लागू किया जाये। ज्ञापन पर श्रीकिशोर मिश्रा अध्यक्ष, राजेश अग्निहोत्री सचिव के हस्ताक्षर हैं।

### आबकारी निरीक्षकों ने छापा मारकर पकड़ी कच्ची शराब

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला आबकारी अधिकारी जी0पी0 गुप्ता के पर्यवेक्षण में विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत शनिवार को आबकारी निरीक्षक कुमार गौरव सिंह मय स्टाफव कानपुर प्रवर्तन टीम आबकारी निरीक्षक मुशर्रफमय स्टाफ़द्वारा जनपद अन्तर्गत संदिग्ध ग्राम बाग लकूला, रामलीला गड्ढा में दबिश दी गई। दबिश के दौरान लगभग 150 किलोग्राम लहन नष्ट कर लगभग 41 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर कुल 2 अभियोग पंजीकृत किए गये। इसके अलावा आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, ऑनलाइन पेमेंट, सीसीटीवी कैमरा का परीक्षण किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

### मारपीट करने का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** घर के बाहर बैठे युवक से गाली-गलौज करने का विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम फतेउल्लापुर निवासी हेतराम पुत्र रामनाथ परिजनों के साथ अपने घर के दरवाजे पर बैठे थे, तभी बीते दिन हुए कहासुनी को लेकर जवाहर पुत्र मोतीलाल, अनूप पुत्र जवाहर, सोनू पुत्र जवाहर, नितिन पुत्र जवाहर दरवाजे पर आये और गाली-गलौज किया। मना करने पर लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# चिकित्सा शिविर में 192 रोगियों का हुआ परीक्षण, दी गई दवाइयां



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय होमियोपैथिक चिकित्सालय किराचन द्वारा राजेपुर ब्लॉक के प्राकृतिक आपदा बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित ग्राम आशा की मड़ैया में नाव से चलकर बाढ़ पीड़ित ग्रामवासियों को होमियोपैथिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए होमियोपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। 192 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर सभी को मौके पर ही होमियोपैथिक दवाइयों का वितरण किया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 सुरेंद्र सिंह ने बाढ़ पीड़ितों को पानी उबालकर पीने की सलाह देते हुए उन्हें अपनी व्यक्तिगत और अपने आसपास की बेहतर साफ-सफाई रखने की सलाह दी। शिविर में ज्यादातर रोगी जुकाम बुखार, खांसी, चर्म रोग, दमा, जोड़ों के दर्द, गुर्दे में पथरी, बीपी इत्यादि से पीड़ित पाए गए। इस मौके पर चिकित्साधिकारी के साथ कक्ष सेवक बृजेश कुमार, ग्राम प्रधान रामबरन सिंह आदि मौजूद रहे।

# युगल जयंती महोत्सव के अंतर्गत अष्ट सखी पूजन का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


कार्यक्रम में राधा रानी स्वरूपों के साथ मौजूद अतिथिगण

**श्रीराधा श्याम** शक्ति मंदिर लोहई रोड में युगल जयंती महोत्सव के अंतर्गत अष्ट सखी पूजन विद्वान पंडितो के वेद मंत्र स्वास्तिक वचनों के साथ पूजन संपन्न किया गया। श्रीराधा रानी के दिव्य रूप में अनन्या मिश्रा, श्रीकृष्ण के रूप में आराध्या मिश्रा का दिव्य श्रृंगार के दर्शन भक्तों ने किया एवं अष्ट सखी के रूप में ललिता, विशाखा, चित्रा, इंदुलेखा, चंपकलता, सुदेवी, तुंगविद्या, रंगदेवी के रूप में हर्षिता चतुर्वेदी, आराध्या, आयुषी, शाम्भवी, आयुषी तिवारी, गौरी दुबे, अनन्या मिश्रा, आराधना, अश्वनी मिश्रा, सिदाधिक दुबे बालिकाओं ने अष्ट सखी के स्वरूप में मंदिर को वृंदावन बरसाना बना दिया। स्वरूपों का श्रृंगार शिशिर टंडन ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में शैली राय (एडीजे) प्रथम एवं अंजू कम्बोज (एडीजे), अंकित कुमार मित्तल (एडीजे), डॉ0 निशा द्विवेदी, डॉ0 केएम द्विवेदी, डॉ0 मनोज मेहरोत्रा, सुरेंद्र सफ्फड़, रेनू सिगतिया, अंजुम दुबे ने श्रीराधा कृष्ण का पूजन किया। डॉ0 मनोज मेहरोत्रा ने अष्ट सखियों के महत्व पर विचार व्यक्त किए। भागवत लीलाओं के महत्व पर विचार व्यक्त किया। भगवान लीलाओं के दर्शन चिंतन मनन करने से जन्म जन्म के पाप का नाश होता है और जीवन का कल्याण होता है। अंजुम दुबे ने अष्ट सखियों उनकी परकर मंजरियों का आध्यात्मिक इतिहास, नंद गांव बरसाना वृंदावन के रहस्य पुण्य भूमि का विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर विजेंद्र श्रीमाली, रामकृपाल मिश्रा, जितेंद्र अग्रवाल, हर्षित सिगतिया, संजीव सिगतिया, बीके सिंह, समाजसेवी संजय गर्ग, अश्वनी गुप्ता, रोहित अग्रवाल, कन्हैया लाल जैन, रविंद्र भदोरिया, रोहित सफ्फड़, अंजु अग्रवाल, रेनू सिगतिया, बीना जालन, वैशाली सफ्फड़, उपासना शर्मा, ज्योति गोयल ने पारिकर गोपी सखियों मंजरियों ने राधा-रानी, भगवान कृष्ण, अष्ट सखियों सहित पूजन किया और उपहार दिए। ठाकुर जी एवं राधा रानी जी की शयन आरती प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का विराम हुआ। संचालन अंजुम दुबे ने किया।

# ताइक्वांडो कलर व ब्लैक बेल्ट प्रतियोगिता में 16 खिलाड़ियों को मिली उपाधि

▸ नेशनल खिलाड़ी कृतिका को मिला 10 हजार रुपये का पुरुस्कार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते ताइक्वांडो खिलाड़ी समृद्धि न्यूज

**जिला ताइक्वांडो** एसोसिएशन के तत्वाधान में शनिवार को ऑफीसर्स क्लब फतेहगढ़ में ताइक्वांडो कलर बेल्ट प्रमोशन परीक्षा का आयोजन किया गया। जनपद के विभिन्न स्कूलों एवं एकाडमियों के लगभग 150 खिलाड़ियों ने प्रतिभा किया। खिलाड़ियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन कर परीक्षकों एवं दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता डीएस राठौर व जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चन्द्रा, रेफरी अर्जुन सिंह तथा ताइक्वांडो खिलाड़ियों के अभिभावक मौजूद रहे। जनपद के प्रतिभावान खिलाड़ी कृतिका राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने पर 10 हजार रुपये की नगद राशि प्रदान की गई। नवीन कलर बेल्ट के बच्चों को डिग्री एवं बैल्क बेल्ट प्रदान की गई। कलर बेल्ट प्राप्त करने वाले खिलाड़ी दीक्षा दुबे, मानसी झा, तनिषी अग्निहोत्री, दीपांजलि, उपासना, अर्ष राव, पियस राव, सूर्य प्रताप सिंह, राशिका यादव, फैज खान, आराध्या त्रिवेदी, सिद्धि कुशवाहा, कृतिका, प्रज्ञा यादव, भूमि तिवारी, हिमांशी कटियार ने डिग्री प्राप्त की।

# अज्ञात बालिका को चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने सौंपा परिजनों को



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को अज्ञात बालिका जिसकी उम्र लगभग 5 वर्ष रेलवे स्टेशन फर्रुखाबाद पर मिली है। सूचना मिलते ही चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर रुचि दीक्षित, केसवर्कर मोनिका चौधरी ने फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन पहुंचकर बालिका को अपने संरक्षण में लिया और चाइल्ड हेल्पलाइन कार्यालय में बालिका को रखा गया। चाइल्ड हेल्पलाइन काउंसलर ज्योति शर्मा द्वारा बालिका की काउंसलिंग की गई। टीम और बाल कल्याण समिति के प्रयास से बालिका के माता पिता का पता चल गया। कानपुर नगर रेल बाजार थाना की टीम को बाल कल्याण समिति के द्वारा बालिका को सुपुर्दगी में दिया गया। चाइल्ड हेल्पलाइन टीम की प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर रीना दुबे, सुपरवाइजर रुचि दीक्षित, उत्तमा सिंह, अवनीश सिंह मौजूद रहे।

# सीनियर पुरुष वर्ग कबड्डी के लिए मण्डल स्तरीय टीम चयनित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


स्टेडियम में मौजूद कबड्डी के चयनित खिलाड़ी समृद्धि न्यूज

**जिला स्तर** सीनियर पुरुष कबड्डी का ट्रायल स्वर्गीय ब्रह्मदत्त स्टेडियम फतेहगढ़ में सम्पन्न हुआ। मंडल स्तर की टीम के लिए जनपद से 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया। यह खिलाड़ी 8 सितंबर को छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के खेल मैदान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य स्तरीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता गोंडा में 18 सितंबर से 20 सितंबर तक आयोजित होगी। जिसमें कानपुर मंडल स्तरीय पुरुष सीनियर कबड्डी के पुरुष खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किए जाएंगे। ट्रायल में कुलदीप यादव सचिव जिला कबड्डी एसोसिएशन एवं विमलेश कुमार, सुभाष यादव, विनीत कुमार आदि लोगों उपस्थित रहे। चयनित खिलाड़ियों में शिवम, अभिनय यादव, आशू यादव, अंशू राजपूत, अमित राजपूत, प्रदीप कुमार, राजकुमार, अवनीश, शिवकरन, विक्रम, राहुल पाल, सुमित कुमार आदि 12 खिलाड़ियों का मण्डल स्तरीय कबड्डी के लिए चयन हुआ।

# कायमगंज में सपा ने समीक्षा बैठक कर वितरित किये फार्म-6

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


बैठक को सम्बोधित करते सर्वेश अम्बेडकर समृद्धि न्यूज

**विधानसभा** कायमगंज के शमशाबाद नगर के शहनाई गेस्ट हाउस में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। साथ ही लोकसभा चुनाव के बाद समीक्षा की गई और आभार व्यक्त किया गया। फार्म-6 वितरित कर रिपोर्ट ली गई। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि कायमगंज विधानसभा से लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी विजई हुई है। उन्होंने कहा कि बूथ प्रभारियों की जिम्मेदारी अहम है। इस समय वोट बढ़ाने का काम चल रहा है और बूथ प्रभारी अपने-अपने बूथ पर यह आवश्यक चेक कर लें कि किसी मतदाता का वोट बनने से छूट न जाए। कायमगंज विधानसभा प्रभारी सर्वेश अंबेडकर ने कहा जिस प्रकार लोकसभा चुनाव में जनता ने समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को कायमगंज से जीत दिलाई है। आगे भी मतदाता सपा का साथ देगें। पूर्व प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर शाक्य को 117867 वोट मिले, जबकि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी मुकेश राजपूत को 106571 वोट मिले। इस मौके पर मोहम्मद इजहार खान, सोमेंद्र यादव, अवधेश पांडे, नवाब सिंह यादव, बंटी यादव, युसूफ, लालमन यादव, सोनू यादव, साहब खान, प्रवेश यादव, राम प्रकाश यादव, दयाराम यादव, रामपाल प्रधान, नौशाद खान, नाजिम खानए, मुकीम खान, राजीव कुमार शाक्य, अखिल, अनिल यादव, इंद्रजीत सिंह, जितेंद्र कुमार दिवाकर, मोहम्मद नवाज, साजिद अंसारी, दीपक श्रीवास्तव, शहज़ेब खान, मुवीन आलम, नावेद, तसब्बर अली, कमलेश यादव, अवधेश यादव, मनीष कुमार माथुर, ललित कुमार, दिनेश राठौर, योगेंद्र सिंह, सुधीर सिंह यादव, पप्पू खान, प्रेम सिंह यादव, अशोक अंबेडकर, अरवेश चतुर्वेदी, रहमान, जलालुद्दीन, अंकित गौतम, मुकेश कुमार यादव, साजिद खान, धनीराम राजपूत, रोहित पाल, अमन सूर्यवंशी, रवि यादव, दुर्वेश जाटव, अरविंद यादव, जितेंद्र यादव, संतोष यादव, सलमान अहमद, संतोष दिवाकर, पेशकार शाक्य, शिव शंकर शर्मा, सूरज शाक्य, शादाब खान, राजकुमार, राजपाल यादव, रामपाल सिंह यादव आदि लोग मौजूद रहे। संचालन जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने किया।

### उपराष्ट्रपति धनखड़ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में सैनिक स्कूल के लोकार्पण समारोह को किया संबोधित

# भारत की सशक्त पहचान में उप्र की गुणात्मक भागीदारी

समृद्धि न्यूज

गोरखपुर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बताते हुए, यहां 2017 के बाद आए बदलाव के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में बनी भारत की अलग और सशक्त पहचान में उत्तर प्रदेश की गुणात्मक भागीदारी है। उन्होंने 2047 तक 'विकसित भारत' की संकल्पना को लेकर जारी अभियान में सबसे योगदान देने की अपील करते हुए कहा कि विकसित भारत के हवन में हरेक व्यक्ति को आहुति देनी चाहिए, क्योंकि हम देश के लिए, जितना भी कर सकें, कम है।

उपराष्ट्रपति धनखड़ शनिवार को गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में सैनिक स्कूल के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उपराष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ भी उपस्थित थीं।

उपराष्ट्रपति ने उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आए परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2017 के बाद उप्र में शिक्षा, चिकित्सा, उद्यमिता तथा अन्य क्षेत्रों में गुणात्मक वृद्धि हुई है जबकि 2017 के पहले यह प्रदेश डर की चपेट में था। कानून व्यवस्था ठीक नहीं थी, आम आदमी परेशान रहता था। कई पहलुओं पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि सैनिक स्कूल गोरखपुर को मात्र तीन वर्ष में पूरा करवाकर योगी ने शानदार और चमत्कारिक कार्य कर दिखाया है।



**हर राज्य को प्रेरणा देगा यह सैनिक स्कूल**

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि गोरखपुर का सैनिक स्कूल हर राज्य को प्रेरणा देगा कि वह भी इसके तर्ज पर सोसाइटी बनाकर अपने राज्य में सैनिक स्कूल की स्थापना करें। उन्होंने कहा कि इस सैनिक स्कूल के लोकार्पण समारोह में आकर आज मेरा जो लगाव गोरखपुर से हुआ है, वह जीवन पर्यंत बना रहेगा। सैनिक स्कूल के लोकार्पण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और नाथ संप्रदाय की साधनास्थली गोरक्षभूमि को नमन करते हुए इसका अपने गृह क्षेत्र राजस्थान से रिश्ता जोड़ा। उन्होंने कहा कि वर्तमान गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के दादागुरु महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज राजस्थान के उदयपुर से थे। गीता प्रेस के हनुमान प्रसाद पोद्दार का ताल्लुक भी राजस्थान से ही था। उन्होंने कहा कि यह उनका परम सौभाग्य रहा है कि सीएम योगी के गुरुदेव महंत अवैद्यनाथ जी के साथ वह लोकसभा के सदस्य रहे।

**भारतीयता हमारी पहचान, राष्ट्र हमारा धर्म**

सैनिक स्कूल समेत सभी स्कूलों के विद्यार्थियों और आमजन को प्रेरित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारतीयता हमारी पहचान और राष्ट्र हमारा धर्म है। हमें निजी स्वार्थ से ऊपर राष्ट्र धर्म को रखना होगा। राष्ट्रवाद से समझौता राष्ट्र के साथ धोखा होगा। राष्ट्र पर प्रश्न चिह्न लगाने वालों को हमें बर्दाश्त नहीं करना है। आज दस साल पहले वाला भारत नहीं उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज का भारत दस साल पहले वाला भारत नहीं है। बल्कि सशक्त भारत है। पहले देश का सोना स्विट्जरलैंड के बैंक में गिरवी रखा जाता था, आज ऐसी स्थिति नहीं है बल्कि देश का स्वर्णकोष पर्याप्त है। जिस कश्मीर में कोई दिखता नहीं था, वहां अनुच्छेद 370 समाप्त होने के बाद दो-तीन वर्ष से दो करोड़ से अधिक पर्यटक आ रहे हैं। संविधान निर्माताओं ने अनुच्छेद 370 को अस्थायी बनाया था लेकिन कुछ लोग इसे परमानेंट मान बैठे थे। धनखड़ ने विद्यार्थियों को समझाते हुए कहा कि उन्हें असफलता से कभी डरना नहीं चाहिए, क्योंकि असफलता सफलता की शुरुआत का केंद्र है। उन्होंने कहा कि डर को मन से निकाल दें। डरेंगे तो आपकी प्रतिभा कुंठित होगी। उन्होंने चंद्रयान 3 की अभूतपूर्व सफलता का आधार चंद्रयान 2 की आंशिक सफलता को बताया। शिक्षा की महत्ता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा बदलाव का माध्यम है। सामाजिक कुरीतियों पर कुठाराघात शिक्षा के माध्यम से ही किया जा सकता है।

## ठगी प्रकरण में रिश्वत मांगने पर थाने के चार सिपाही निलंबित

बेमेतरा। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में ठगी के प्रकरण में प्रार्थी से पैसों की मांग करना थाना प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मियों को भारी पड़ गया शिकायत पर आईजी ने सीधी कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी के अलावा तीन अन्य पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। मामला बेमेतरा जिले के परपोड़ी थाना से जुड़ा है। एक प्रार्थी ने साइबर अपराध से संबंधित मामले में शिकायत की थी। शिकायत पर कार्यवाही करने की एवज में थाना प्रभारी और अन्य पुलिसकर्मी रूपयो की मांग कर रहे थे। परेशान प्रार्थी ने इसकी शिकायत दुर्ग रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग से की। शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत के साथ साक्ष्य भी सौंपे। प्रथम दृष्ट्या मामला गंभीर जान आईजी रामगोपाल गर्ग ने बेमेतरा जिले के परपोड़ी थाना प्रभारी प्रमोद शर्मा, प्रधान आरक्षक शिवराज सिंह राजपूत, आरक्षक तुकाराम निषाद और साइबर सेल में पदस्थ प्रधान आरक्षक मोहित चेलक को निलंबित कर दिया है।

## कांग्रेस की 32 प्रत्याशियों की पहली सूची में सर्वाधिक दलित व जाट शामिल

एजेंसी

चंडीगढ़। हरियाणा में कांग्रेस द्वारा शुक्रवार रात जारी की गई 32 प्रत्याशियों की पहली सूची में जाट तथा अनुसूचित जातियों पर फोकस किया गया है। इसके चलते इन दो जातियों के नेताओं को सर्वाधिक टिकट दिए गए हैं।

कांग्रेस ने सबसे अधिक जाट चेहरों पर भरोसा जताया है। गढ़ी-सांपला-किलोई से भूपेंद्र हुड्डा, जुलाना से विनेश फोगाट और गोहाना से जगबीर मलिक समेत जाट बिरादरी के नौ नेताओं को टिकट देकर इस वर्ग की भाजपा के प्रति नाराजगी को भुनाने की कोशिश की। अनुसूचित जाति को जाटों के बराबर रखा। होडल से 5 साल पहले चुनाव हारे पार्टी प्रदेशाध्यक्ष चौधरी उदयभान को फिर से टिकट दिया गया है। मई-जून में हुए लोकसभा चुनाव में हरियाणा की दोनों रिजर्व सीटें सिरसा और अंबाला में पार्टी जीती थी। राज्य की 17 रिजर्व विधानसभा सीटों में से

**कांग्रेस ने नौ दलित चेहरों को मैदान में उतारा**

11 पर कांग्रेस आगे रही थी। कांग्रेस ने नौ दलित चेहरों को मैदान में उतारा है। पहली सूची में राव दान सिंह, चिरंजीव राव, बिशन लाल सैनी और सोनीपत से सुरेंद्र पंवार जैसे सात ओबीसी को टिकट देकर कांग्रेस ने यह संदेश देने का प्रयास किया है कि वह केवल एक जाति की पार्टी नहीं है।

इसके अलावा भाजपा की नॉन जाट राजनीति का भी तोड़ निकालने का प्रयास किया गया है। पहली सूची में फिरोजपुर झिरका से मामन खान, पुन्हाना से मुहम्मद इलियास और नूंह से आफताब अहमद समेत तीन मुस्लिम चेहरों को शामिल किया गया है। कांग्रेस ने ब्राह्मण, पंजाबी और सिख चेहरों को भी प्रतिनिधित्व दिया। बादली से कुलदीप वत्स और फरीदाबाद एनआईटी से नीरज शर्मा ब्राह्मण चेहरे हैं।

## हाउस स्टाफ की भर्ती में तीन वर्षों से चल रही थी धांधली, सीबीआई को मिले सुराग

एजेंसी



कोलकाता। कोलकाता स्थित आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में हाउस स्टाफ की नियुक्ति में पिछले तीन वर्षों से हो रही धांधली का खुलासा सीबीआई ने किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी का दावा है कि 84 डॉक्टरों और हाउस स्टाफ की भर्ती में भ्रष्टाचार के प्रमाण मिले हैं। इस साल हाउस स्टाफ की नियुक्ति के लिए 13 सदस्यों की कमेटी बनाई गई थी, जिसमें इंटरव्यू के बाद सभी सदस्यों के हस्ताक्षर आवश्यक थे। हालांकि, अंतिम हस्ताक्षर आरजी कर के पूर्व प्रिंसिपल और भ्रष्टाचार के मुख्य आरोपित संदीप घोष करते थे।

सीबीआई ने अदालत को बताया है कि 2022 और 2023 में हाउस स्टाफ के इंटरव्यू के बाद कमेटी के अन्य सदस्यों के हस्ताक्षरों को रद्द कर दिया जाता था और संदीप घोष अपने मनमुताबिक हाउस स्टाफ की नियुक्ति करके सूची तैयार करते थे। इस प्रक्रिया के पीछे करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार की आशंका जताई जा रही है। सीबीआई ने संदीप घोष के करीबी व्यापारी बिप्लव सिंह की कंपनी मा तारा ट्रेडर्स के अलावा बाबा लोकनाथ और तियासा एंटरप्राइज नामक दो अन्य कंपनियों का भी पता लगाया है। प्रारंभिक जांच के अनुसार, ये कंपनियां टेंडर प्रक्रिया में शामिल थीं। टेंडर प्रक्रिया के दौरान संदीप घोष ने अपनी मर्जी के अनुसार बोली निर्धारित कर बिप्लव की कंपनियों को ही टेंडर दिए। आरजी कर के कुछ अधिकारियों को टेंडर के बारे में जानकारी थी, लेकिन किसी को भी दस्तावेज नहीं दिए गए। केवल बिप्लव के पैसे वसूलने के समय ही संदीप घोष इन अधिकारियों को दस्तावेज सौंपते थे। इसी तरह, संदीप घोष के करीबी एक और वेंडर सुमन हाजरा की कंपनी के माध्यम से मेडिकल उपकरणों के साथ-साथ सोफा सेट और रेफ्रिजरेटर की भी खरीदारी की जाती थी। इसके अलावा, सुरक्षा गार्ड अफसर अली की पत्नी के नाम पर अस्पताल में एक कैफे खोला गया था, जिसे अफसर ही चलाते थे। सीबीआई ने अब तक संदीप घोष के साथ बिप्लव, सुमन, और अफसर अली को भी गिरफ्तार कर लिया है और मामले की आगे की जांच जारी है।

## ठगी प्रकरण में रिश्वत मांगने पर थाने के चार सिपाही निलंबित

बेमेतरा। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में ठगी के प्रकरण में प्रार्थी से पैसों की मांग करना थाना प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मियों को भारी पड़ गया शिकायत पर आईजी ने सीधी कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी के अलावा तीन अन्य पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। मामला बेमेतरा जिले के परपोड़ी थाना से जुड़ा है। एक प्रार्थी ने साइबर अपराध से संबंधित मामले में शिकायत की थी। शिकायत पर कार्यवाही करने की एवज में थाना प्रभारी और अन्य पुलिसकर्मी रूपयो की मांग कर रहे थे। परेशान प्रार्थी ने इसकी शिकायत दुर्ग रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग से की। शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत के साथ साक्ष्य भी सौंपे। प्रथम दृष्ट्या मामला गंभीर जान आईजी रामगोपाल गर्ग ने बेमेतरा जिले के परपोड़ी थाना प्रभारी प्रमोद शर्मा, प्रधान आरक्षक शिवराज सिंह राजपूत, आरक्षक तुकाराम निषाद और साइबर सेल में पदस्थ प्रधान आरक्षक मोहित चेलक को निलंबित कर दिया है।

## जीएसटी काउंसिल की बैठक कल स्वास्थ्य बीमा पर फैसला संभव

एजेंसी



नई दिल्ली। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक 9 सितंबर, सोमवार को राजधानी नई दिल्ली में 54वीं होने वाली है। इस बैठक में स्वास्थ्य और जीवन बीमा कराने वाले लोगों को महंगे प्रीमियम (बीमा किस्त) से निजात मिलने की संभावना है।

आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि 9 सितंबर, 2024 को राजधानी नई दिल्ली में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक में दोनों तरह के बीमा (स्वास्थ्य और जीवन बीमा) पर लगने वाली जीएसटी की दर को 18 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी किया जा सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर लगने वाले जीएसटी की दर से सरकारी खजाने पर बोझ पड़ सकता है। स्वास्थ्य और जीवन बीमा के प्रीमियम पर लगने वाली 18 फीसदी जीएसटी दर को हटाने का मुद्दा अब राजनीतिक मोड़ ले चुका है। इसकी शुरुआत केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के वित्त मंत्री सीतारमण को एक पत्र लिखने से हुई। इसके बाद पश्चिम बंगाल और अब कनार्टक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर मध्यम और निम्न आय वर्ग के पॉलिसीधारकों के लिए स्वास्थ्य बीमा पर 18 फीसदी जीएसटी दर में कटौती की मांग की।

## खबरें एक नजर में

### विदिशा में भीषण हादसा, राजस्थान के चार श्रद्धालुओं की मृत्यु

विदिशा। मध्यप्रदेश के विदिशा जिले के लटेरी के पास आज तड़के अज्ञात वाहन की टक्कर से राजस्थान के निवासी कार सवार चार यात्रियों की मृत्यु हो गयी और लगभग छह अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार राजस्थान के झालावाड़ क्षेत्र के यात्री एक कार से धार्मिक यात्रा से लौट रहे थे। तड़के लटेरी के पास उनकी कार हादसे का शिकार हो गई। इस भीषण टक्कर में कार सवार चार यात्रियों की मृत्यु हो गयी और छह अन्य घायल हो गए। घायलों को लटेरी के अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस का कहना है कि शवों को कार से काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला जा सका। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। कार को टक्कर मारने वाले वाहन के बारे में पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां उनका उपचार किया जा रहा है। मृतकों की पहचान झालावाड़ जिले निवासी किशन लोधा (60), विनोद माली (34), वर्दी बाई लोधा (70) और राजबाई भील (48) के रूप में हुई है। लटेरी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कार में लगभग 10 लोग सवार थे, जिसमें चार की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सभी लोग छतरपुर के बागेश्वर धाम के दर्शन कर लौट रहे थे। हादसा जिले के लटेरी पेट्रोल पंप के पास हुआ। श्रद्धालुओं की कार सिरोंज की तरफ से आ रही थी, इसी दौरान ट्रक पेट्रोल पंप से बाहर की ओर निकला। तभी कार पीछे से ट्रक में जा घुसी।

### देश में छह दिनों में 1.37 करोड़ गतिविधियां आयोजित

नई दिल्ली। बच्चों में कुपोषण की समस्या को दूर करने के मकसद से शुरू किए गए राष्ट्रीय पोषण माह के तहत पिछले छह दिनों में देश भर में 1.37 करोड़ गतिविधियां आयोजित की गईं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अनुसार 7वें राष्ट्रीय पोषण माह के 6ठें दिन तक 35 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के 752 जिलों से 1.37 करोड़ गतिविधियां आयोजित की गईं हैं। सबसे अधिक कार्यक्रम आयोजित करने वाले राज्यों में बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गुजरात, आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। इस अभियान में शिक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, आयुष मंत्रालय और पंचायती राज मंत्रालय अपनी भूमिका निभा रहे हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि गुजरात में गांधीनगर के महात्मा मंदिर में 31 अगस्त को शुरू किया गया सातवां राष्ट्रीय पोषण माह बेहतर प्रशासन के लिए प्रौद्योगिकी के साथ-साथ एनीमिया, विकास की निगरानी, पूरक आहार और पोषण भी पढ़ाई भी जैसे प्रमुख विषयों पर केंद्रित है।

### राज्य मेडिकल काउंसिल ने संदीप को शो-कॉज नोटिस भेजा

कोलकाता। आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को राज्य मेडिकल काउंसिल की ओर से शुक्रवार को शो-कॉज नोटिस भेजा गया है। संदीप घोष को तीन दिनों के भीतर कारण बताना होगा कि उनके खिलाफ क्यों कार्रवाई न की जाए। अगर उनका जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया तो उनका मेडिकल रजिस्ट्रेशन रद्द भी किया जा सकता है। मेडिकल काउंसिल ने शनिवार को तीन डॉक्टरों को निलंबित कर दिया, जिनमें बर्दवान मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर विरूपाक्ष विश्वास और पूर्व आरएमओ अभीक दे भी शामिल हैं। इन्हें फिलहाल काउंसिल की किसी भी मीटिंग में शामिल होने से रोका गया है। इनके साथ ही मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर मुस्तफिजुर रहमान मलिक को भी सस्पेंड किया गया है।

### मैक्स अस्पताल में क्लिनिकल ट्रेनिंग वर्कशॉप का आयोजन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज । शनिवार को लखनऊ के मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में आज एक महत्वपूर्ण क्लिनिकल ट्रेनिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें उत्तर भारत की पहली बार किडनी स्टोन सर्जरी का लाइव प्रदर्शन किया गया। इस सर्जरी में नई तकनीक एडवांस इसीआईआरएस (एंडोस्कोपिक कॉम्बाइन इंट्रा-रेनल सर्जरी) का उपयोग किया गया। यूरोलॉजिस्ट डॉ. राहुल यादव, डॉ. आदित्य के. शर्मा, और डॉ. नीराज अग्रवाल की देखरेख में आयोजित इस इवेंट ने किडनी स्टोन के उपचार में नवीनतम तरीकों को प्रदर्शित किया। डॉ. आदित्य के. शर्मा ने बताया कि यह पहली बार है जब इसीआईआरएस/आरआईआरएस तकनीक पर एक स्वतंत्र वर्कशॉप आयोजित की गई है, जिसमें अत्याधुनिक उपकरणों का उपयोग किया गया। इस वर्कशॉप का मुख्य आकर्षण लाइव सर्जरी का प्रदर्शन था, जिसमें टीम ने होल्मियम और थुलियम फाइबर लेजर जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग दिखाया। डॉ. अग्रवाल ने कहा, ये उपकरण किडनी स्टोन हटाने को तेज, सुरक्षित और कम दर्दनाक बनाते हैं, खासकर जटिल मामलों में। डॉ. शर्मा ने बताया कि यह उपचार विधि उन मरीजों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है जो शारीरिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

## एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी : खिताब बचाने उतरेगी भारतीय हॉकी टीम

एजेंसी

हुलुनबुइर (चीन)। पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम हीरो पुरुष एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी 2024 में अपने अभियान की शुरुआत करने के लिए तैयार है। मौजूदा चैंपियन भारतीय टीम खिताब बचाने के लिए प्रबल दावेदार के रूप में मैदान पर उतरेगी। भारत के साथ मेजबान चीन, जापान, पाकिस्तान, कोरिया और मलेशिया जैसी टीमें हैं। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट रविवार 8 सितंबर से चीन के हुलुनबुइर शहर में होगा।

पिछले साल भारत ने घरेलू मैदान पर यह खिताब जीता था, जिससे वह टूर्नामेंट के इतिहास में चार खिताब जीतने वाली एकमात्र टीम बनी। टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह इस साल भी चैंपियनशिप में भारत का दबदबा जारी रखने के लिए उत्सुक हैं। हॉकी इंडिया की ओर से शनिवार को जारी बयान में हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी ने हमें एशियाई खेलों में जाने के लिए सही गति दी। इसके बाद ओलंपिक खेलों में फिर से पोडियम पर खड़े होने की जीत मिली। इस बार भी हम इस टूर्नामेंट को जीतकर नए ओलंपिक चक्र की शुरुआत करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इस टूर्नामेंट में ओलंपिक टीम के दस सदस्य खेल रहे हैं। हमारी टीम में कुछ युवा खिलाड़ी भी हैं। उन्होने कहा कि खेल के दृष्टिकोण से, हमारा आक्रमण और पेनल्टी कॉर्नर हमारी ताकत है लेकिन हम एक संरचित रक्षा की कोशिश करेंगे, खासकर जापान, मलेशिया और पाकिस्तान जैसी टीमों के खिलाफ। विश्व रैंकिंग अंकों के लिहाज से यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है और हम चुनौती के लिए तैयार हैं। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत रविवार को मेजबान चीन के खिलाफ पहले मैच से करेगी। उसके बाद 9 सितंबर को जापान के खिलाफ दूसरा मैच खेलेगी। भारतीय टीम 11 सितंबर को पिछले साल की उपविजेता मलेशिया से भिड़ेगी और 12 सितंबर को साउथ कोरिया से खेलेगी।

## सुनीता विलियम्स रह गईं अंतरिक्ष में, स्टारलाइनर लौटा, सुरक्षित लैंडिंग

वाशिंगटन। अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुश विलमोर को स्पेस स्टेशन ले जाने वाला स्पेस क्राफ्ट स्टारलाइनर-1 शनिवार को तीन महीने बाद धरती पर लौट आया। वह सुरक्षित लैंड हो गया। यह स्पेस क्राफ्ट भारतीय समयानुसार तड़के 3:30 बजे पहुंचा। यह न्यू मैक्सिको के व्हॉइट सैंड स्पेस हॉर्बर (रेगिस्तान) में सुरक्षित लैंड हुआ। अमेरिकी-भारतीय नागरिक सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में ही हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा बताया कि स्पेस क्राफ्ट ने सुबह 9 बजकर 15 मिनट पर पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया। इसके बाद इसकी गति करीब 2,735 किलोमीटर हो गई । लैंड होने से ठीक तीन मिनट पहले ही सुरक्षा के लिए स्पेस क्राफ्ट के तीन पैराशूट भी खुल गए। बोइंग कंपनी ने नासा के लिए यह स्पेसक्राफ्ट बनाया है। पांच जून को सुनीता और बुच को इससे भेजा गया था। यह सिर्फ आठ दिन का मिशन था। तकनीकी खराबी की वजह से इसमें समय लगा तकनीकी कारणों की जांच की जाएगी।

## कागजों पर खुले हैं नेपाल-चीन सीमा के सभी चेकपोस्ट, कई पर आज भी है चीन का प्रतिबंध

एजेंसी



काठमांडू। विगत अप्रैल में नेपाल और चीन के बीच बनी सहमति के बाद 01 मई को दोनों देशों ने बड़े जोरशोर से सीमा के सभी चेकपोस्ट खोलने की बात कही थी। तत्कालीन गृहमंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने कोरला चेकपोस्ट पहुंच कर दोनों देशों के बीच कोरोना काल में बंद हुए सभी 11 चेकपोस्ट खोलने की औपचारिक घोषणा भी कर दी थी, लेकिन आज भी कई चेकपोस्ट ऐसे हैं जहां चीन का प्रतिबंध जारी है।

चीन ने नेपाल से लगती सीमा पर स्थित सभी चेकपोस्ट खोलने की घोषणा पर कितना अमल किया है, इस बात की पड़ताल करने के लिए जब सीमावर्ती चेकपोस्ट के पास के जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों से पूछा गया तो उनके जवाब से यह पता लगा कि चीन ने दिखाने के लिए कागज पर तो चेकपोस्ट खोलने की बात लिख दी है पर हकीकत में अब तक कई ऐसे चेकपोस्ट हैं जहां चीन का प्रतिबंध अभी भी जारी है। दो दिन पहले ही चीन और नेपाल के बीच सबसे बड़े दो व्यापारिक चेकपोस्ट पर नेपाली व्यापारियों के 100 से अधिक कंटेनर को पिछले 17 दिन से रोकने की खबर आई थी। नेपाल के तापलेजुंग जिले से सटे चीन की सीमा ओलांगचोंगगोला चेकपोस्ट कहने के लिए तो 01 मई से खुला है पर स्थानीय जनता का कहना है कि इस चेकपोस्ट से यहां के लोगों को तो दूर मवेशी को भी चरने नहीं जाने दिया जाता है। यहां के स्थानीय किसान छान शेर्पा ने कहा कि सरकार की तरफ से चीन के द्वारा सभी चेकपोस्ट खुलने की बात कही गई लेकिन तीन महीने बाद भी हमें तो उस पार नहीं जाने दिया जाता है। अभी मवेशी को चरने के लिए भी ले जाने पर प्रतिबंध है। इस तरह फतलुंग लेलेप के स्थानीय लोगों का आरोप है कि सरकार के द्वारा सीमा चेकपोस्ट खोलने की घोषणा के बाद दोनों देशों की सहमति के मुताबिक एक अस्थाई प्रवेश पास चीनी प्रशासन की तरफ से उपलब्ध कराया गया पर उसका कोई उपयोग नहीं हो पा रहा है। फतलुंग लेलेप के कार्यपालिका सदस्य तेनजिंग सेराप शेर्पा ने कहा कि हमें अस्थाई पास तो दिया गया है लेकिन अब उन्हीं के द्वारा हमें सामान्य खरीदारी के लिए सीमा पार नहीं जाने दिया जा रहा है। ओलांगचुंगगोला और फतलुंग लेलेप की तरह यांगमा और घूंसा सीमा चेकपोस्ट पर रहने वाले स्थानीय लोगों को भी सीमा पर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## सिक्कों से बनी सबसे बड़ी गणेश प्रतिमा का फीनिक्स मॉल में हुआ अनावरण



समृद्धि न्यूज

लखनऊ। फीनिक्स यूनाइटेड मॉल, लखनऊ ने इस गणेश चतुर्थी पर एक अनूठा और विश्व रिकॉर्ड बनाने वाला आयोजन किया। इस अवसर पर दुनिया की सबसे बड़ी गणेश जी की मूर्ति का अनावरण किया गया, जिसे सिक्कों से बनाया गया है। यह आयोजन एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज होने की ओर अग्रसर है। इस मूर्ति की विशेषता इसकी विशालता और बारीकी है।

गणेश जी की मूर्ति की लंबाई 15 फीट, ऊंचाई 8 फीट और गहराई 5 फीट है, जिसका वजन 400 किलोग्राम से अधिक है। इसमें 1,00,000 से अधिक के विभिन्न मूल्य वाले के सिक्कों का उपयोग किया गया है। फीनिक्स मॉल के सीनियर सेंटर डायरेक्टर, संजीव सरीन ने कहा, हमने हमेशा कुछ खास करने की कोशिश की है, और इस बार हम एक ऐसा कुछ करना चाहते थे जो न सिर्फ लखनऊ बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय हो। हम आशा करते हैं कि यह अनोखी गणेश जी की मूर्ति लोगों को प्रेरित करेगी और इस गणेश चतुर्थी को और भी खास बनाएगी। इस आयोजन ने न केवल भक्तों बल्कि आम जनता का भी ध्यान आकर्षित किया, और मॉल में एक उत्सव का माहौल बना दिया।

## बदरी-केदार धाम यात्रा ने फिर पकड़ी रफ्तार

### अब तक 20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन, यात्रियों की संख्या में और बढ़ोतरी की उम्मीद

समृद्धि न्यूज

देहरादून। चारधाम यात्रा में एक बार फिर रौनक लौटने लगी है। बदरीनाथ-केदारनाथ धाम में अभी तक 20 लाख 52 हजार 897 श्रद्धालु दर्शन को पहुंच चुके हैं। आगामी दिनों में यात्रियों की संख्या में और बढ़ोतरी की उम्मीद है। अभी दोनों धामों में प्रत्येक दिन पांच हजार से अधिक तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं। यात्रियों की आशातीत वृद्धि पर बदरी-केदार मंदिर समिति उत्साहित है।

श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंन्द्र अजय का कहना है कि तीर्थयात्रियों को सरल-सुगम दर्शन व्यवस्था के लिए समिति प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मानसून अब धीरे-धीरे समाप्ति की ओर है। बदरीनाथ धाम और केदारनाथ धाम में तीर्थयात्रियों की संख्या में पर्याप्त वृद्धि हो रही है। हर दिन लगभग पांच हजार से अधिक श्रद्धालु दोनों धामों में दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। बदरीनाथ धाम और केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग दुरस्त है। कुछ स्थानों पर बारिश के चलते भूस्खलन की घटनाएं हो रही हैं लेकिन सड़क मार्ग सुचारू है और यात्रा निरंतर चल रही है। आज धामों में रूक-रूक कर बारिश हो रही है लेकिन मौसम सामान्यतया यात्रा के लिए अनुकूल है। बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंन्द्र अजय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व से चारधाम यात्रा पुनः तेजी से शुरू हो गई है। इस बार आपदा के दौरान मुख्यमंत्री स्वयं केदारनाथ क्षेत्र में रहकर रेस्क्यू कार्यों के लिए दिशा-निर्देश देते रहे। फलस्वरूप पुनः तीर्थयात्री सुरक्षा की भावना और विश्वास के साथ धामों की यात्रा पर आ रहे हैं। मंदिर समिति तीर्थयात्रियों को सरल-सुगम दर्शन व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध है।



**केदारनाथ धाम 1108471 और बदरीनाथ में 942077 भक्त पहुंचे**

बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल के अनुसार अभी तक साढ़े बीस लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने बदरीनाथ धाम और केदारनाथ धाम के दर्शन किये हैं। इस यात्रा वर्ष अभी तक 942077 से अधिक श्रद्धालु बदरीनाथ धाम के दर्शन कर चुके हैं। केदारनाथ धाम में 1108471 श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ के दर्शन कर चुके हैं। सहवर्ती मंदिरों, द्वितीय केदार मद्महेश्वर और तृतीय केदार तुंगनाथ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शनों को आ रहे हैं। तुंगनाथ में 94 हजार से अधिक श्रद्धालु दर्शन को पहुंच गये हैं। अभी तक 2052897 श्रद्धालुओं ने बदरीनाथ-केदारनाथ धाम के दर्शन कर लिए हैं। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि अतिवृष्टि के दौरान मंदिर समिति की ओर से भंडारे आयोजित किये, विश्राम गृहों में तीर्थयात्रियों के लिए निशुल्क आवास व्यवस्था की गयी। दोनों धामों में तीर्थयात्रियों को बारिश से बचाव के लिए दर्शन पंक्ति में रेन शेल्टर बनाये गये हैं और सर्दियों के बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था की गयी है। मंदिर समिति की ओर से तीर्थयात्रियों की किसी भी तरह की सहायता लिए सभी संबंधित विभागों पुलिस प्रशासन व यात्रा से जुड़ी एजेंसियों से समन्वय स्थापित किया गया।

## शाह के खिलाफ टिप्पणी में राहुल ने प्रति उत्तर दाखिल करने के लिए मांगा समय

एजेंसी



रांची। भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी मामले में शनिवार को एमपी-एमएलए के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में राहुल गांधी की पेशी से व्यक्तिगत छूट की मांग वाली याचिका पर सुनवाई हुई। राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता ने कोर्ट से प्रतिउत्तर देने के लिए समय की मांग की। इस पर अदालत ने समय देते हुए 21 सितंबर को अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित की है। इससे पूर्व शिकायतकर्ता नवीन झा के अधिवक्ता विनोद साहू की ओर से मामले में 31 अगस्त को जवाब दाखिल किया गया था।

अधिवक्ता ने बताया कि राहुल गांधी मामले में व्यक्तिगत पेशी से छूट चाहते हैं। इसको लेकर उनके अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने 14 अगस्त को सीआरपीसी की धारा 205 के तहत याचिका दाखिल की है। राहुल गांधी को मामले में कोर्ट में पेश होना है। पेशी को लेकर समन जारी है। इस पर शिकायतकर्ता के वकील ने राहुल गांधी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आग्रह किया था लेकिन समन की तामील सर्विस रिपोर्ट कोर्ट को प्राप्त नहीं होने के कारण सुनवाई लंबित है। कोर्ट ने पूर्व में राहुल गांधी को समन जारी कर सशरीर उपस्थित होने को कहा था। राहुल गांधी की ओर से पूर्व में एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा जारी समन को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी, जिसे हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके बाद एमपी-एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी को फिर से समन जारी किया था।